सुप्रभात
रांची, रविवार
23.04.2023

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं

* नगर संस्करण । पेज : 12 khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 278

06 असली आग से जलते जंगल और नकली बारिश

न्यूज डायरी

अलकायदा की धमकी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

जयपुर। आतंकी संगठन अलकायदा के नाम से अतीक और अशरफ की हत्या का बदला लेने की धमकी के बाद राजस्थान पुलिस और तमाम सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट हो गयी हैं। राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने आईबी, एटीएस और एसओजी को अलर्ट कर दिया है।

14-14 लाख की इनामी दो महिला नक्सली ढेर

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट में शनिवार तड़के पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में हॉक फोर्स ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। दोनों पर 14-14 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

देवघर में चौकीदार की गोली मारकर हत्या

देवघर। जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी बालू घाट पर चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा (52) का शव मिला है। उसके सिर पर गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

चंदवा : सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

चंदवा। रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना के लाधुप सेन्हा के पास शनिवार की देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। बाइक सवार तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। तीनों युवक एक ही बाइक से हेसला गांव जा रहे थे। इसी क्रम में सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही दो युवकों ने दम तोड़ दिया।

दाहू यादव के पिता कोर्ट में किये गये पेश

रांची। अवैध खनन घोटाला मामले में फरार आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव शनिवार को जज कॉलोनी स्थित ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा के आवासीय कार्यालय में प्रस्तुत किये गये। उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया।

झारखंड में कोरोना के 49 नये संक्रमित मिले

रांची। झारखंड में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। राज्य में कोरोना के 49 नये मरीज मिले हैं। जिससे राज्य में एक्टिव केस 309 हो गयी है।

सुप्रीम कोर्ट के पांच जज कोरोना संक्रमित

नयी दिल्ली। देशभर में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब सुप्रीम कोर्ट के पांच जज भी कोविड से संक्रमित होने की खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मुताबिक, जो जज कोविड संक्रमित हुए हैं उनमें से एक जज समलैंगिक शादी मामले की सुनवाई के लिए बनी संविधान पीठ का हिस्सा हैं। ऐसे में समलैंगिक शादी मामले पर हो रही सुनवाई सोमवार को टाल दी गयी। मुख्य न्यायाधीश स्थिति पर नजर बनाये हुए है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	56,900 रु./10 ग्राम
चांदी	76,000 रु./प्रति किलो

प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक खुफिया सुरक्षा डिटेल्स लीक

पीएम मोदी को मानव बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम नरेंद्र को एक चिट्ठी के जरिये जान से मारने की धमकी दी गयी है। चिट्ठी में सुसाइड बॉम्बर द्वारा हमले का जिक्र है। इतना ही नहीं पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर केरल पुलिस की ओर से गंभीर लापरवाही बरती गयी। सुरक्षा से जुड़ी डिटेल्स भी लीक हो गयी है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस पूरे मामले क जांच शुरू कर दी है। संबद्ध अधिकायरी अव नये सरे से पीएम के कार्यक्रम में बदलाव की नयी योजना तैयार करेंगे। केरल भाजपा ने इस पर कहा कि राज्य का गृह विभाग पूरी तरह से चरमरा गया है। 24 को दो दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी कोच्चि पहुंचने का कार्यक्रम है।

भाजपा प्रदेश कमेटी कार्यालय में पहुंचे पत्र में कहा गया है कि मोदी के केरल दौरे के दौरान आत्मघाती हमला करेंगे। पीएम दो दिवसीय यात्रा पर 24 केरल का कार्यक्रम है। पीएम 24 की शाम 5 बजे कोच्चि नेवल एयरपोर्ट पहुंचने का कार्यक्रम है। साढ़े पांच बजे तक वह भाजपा के रोड शो में शामिल होंगे। थेवारा सेक्रेड हार्ट कॉलेज मैदान में युवा संगठनों के एक सम्मेलन 'युवम' का उद्घाटन करेंगे। धमकी संबंधी पत्र एनार्कुलम के मूल निवासी जोसेफ जॉन नादुमुत्तथिल के नाम से आया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि एक सप्ताह पहले भाजपा राज्य समिति कार्यालय में पत्र प्राप्त हुआ था और उन्होंने इसे केरल पुलिस प्रमुख को सौंप दिया था। मामला शनिवार सुबह प्रकाश में आया।

सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर, नये प्लान की तैयारी

पीएम के केरल दौरे की खुफिया सुरक्षा योजना लीक होने और धमकी वाले पत्र को ले कर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी हैं। एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। एडीजीपी इंटेलिजेंस द्वारा तैयार सुरक्षा योजना लीक हो गयी। सुरक्षा के प्रभारी अधिकारियों का विवरण भी लीक हो गया। 49 पन्नों की इस रिपोर्ट में वीवीआईपी सुरक्षा पर व्यापक जानकारी है। इसे केवल उन जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया था, जहां प्रधानमंत्री जायेंगे। एडीजीपी इंटेलिजेंस टीके विनोद कुमार ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। बदलाव करने के बाद अधिकारी नयी योजना तैयार करेंगे।

संदिग्ध से पूछताछ : इस बीच, कोच्चि निवासी एन जे जॉनी (जिसका नाम और नंबर कथित धमकी भरे पत्र में था) ने खुद को इस मामले में निर्दोष बताया है। उन्होंने मीडिया से कहा, पुलिस ने मुझसे पूछताछ की है, मैंने उन्हें सारी जानकारी दी है। उन्होंने लिखावट और हर चीज की जांच की। उनके परिवार ने कहा कि उन्हें इलाके के एक अन्य व्यक्ति पर शक है। इस पत्र के पीछे एक चर्च से संबंधित कोई विवाद है।

आत्मघाती बम से उड़ाने की धमकी : रिपोर्ट के मुताबिक जांच में सामने आया है कि पीएम की हत्या वाली धमकी भरी चिट्ठी कोच्चि के एक निवासी ने लिखी थी। जिसमें आत्मघाती मानव बम के जरिये पीएम को उड़ाने की धमकी है। भाजपा राज्य समिति के अध्यक्ष को मलयालम में लिखा एक पत्र मिला था, जिसमें पीएम पर आत्मघाती हमलावर ने हमला करने की धमकी दी थी। सुरक्षा अधिकारी पत्र की सत्यता और इसके पीछे किस शख्स की भूमिका है उसकी जांच में जुट गये हैं।

सुरक्षा डिटेल्स का लीक होना गंभीर मामला : केंद्र

केंद्रीय राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने भी एडीजीपी (खुफिया) रिपोर्ट के कथित लीक होने की निंदा की और कहा कि यह एक गंभीर मामला है। 49 पन्नों की रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के नाम, उनकी भूमिका, प्रधानमंत्री के विस्तृत कार्यक्रम चार्ट सहित अन्य बातों का विवरण दिया गया है। मुरलीधरन ने आरोप लगाया, ''मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि कैसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट लीक हो गयी और व्हाट्सएप पर वायरल हो गयी। इसका मतलब है कि राज्य का गृह विभाग चरमरा गया है।

राजधानी में ईद उल फितर का उत्साह

रांची। झारखंड में ईद उल फितर को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। इसे लेकर राजधानी रांची के प्रसिद्ध ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी गयी। जहां लोगों ने देश में अमन चैन की दुआ की। लोगों के बीच भाईचारा और एकता का संदेश दिया। मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में बताया कि ईद उल फितर शांति, एकता, हर्षोल्लास और अमन का त्यौहार है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। बता दें कि राजधानी रांची का हरमू ईदगाह बेहद प्रसिद्ध है। पूर्व में जब सैयद सिब्ते रजी और सैयद अहमद झारखंड के राज्यपाल हुआ करते थे तब ईद की नमाज पढ़ने इसी ईदगाह में आया करते थे।

शराब घोटाले में विनय चौबे से इडी की पूछताछ

छत्तीसगढ़ इडी के समक्ष झारखंड के उत्पाद सचिव ने रखा अपना पक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में झारखंड के उत्पाद सचिव विनय चौबे शनिवार को इडी के समन पर रायपुर (छत्तीसगढ़) पहुंचे, जहां इडी ऑफिस में उनसे पूछताछ हुई। इस दौरान विनय चौबे ने अपना बयान जांच टीम के समक्ष दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच कर रही इडी ने श्री चौबे और बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी को समन किया था। सूत्रों के अनुसार विनय चौबे ने इडी के जोनल ऑफिस में छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के साथ हुए समझौते समेत अन्य पहलुओं पर अपनी बातें रखी। झारखंड में साल 2022 में शराब नीति बनाने के लिए छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के साथ झारखंड सरकार ने समझौता किया था।

(शेष पेज 11 पर)

छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी एक्साइज पॉलिसी

चूंकि झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। झारखंड सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री अपने हाथ में लेते हुए सरकार ने प्लेसमेंट एजेंसियों को दुकानें चलाने का जिम्मा सौंपा था। झारखंड में यह काम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके साझीदार सिद्धार्थ सिंघानिया की देखरेख में धरातल पर उतारा गया था। माना जा रहा है कि झारखंड सरकार के एक्साइज सेक्रेटरी और डायरेक्टर की ओर से इस मामले में इडी के समक्ष पक्ष रखे जाने के बाद यहां भी जांच शुरू हो सकती है।

सीबीआई ने बंगाल, कर्नाटक में छह स्थानों पर की छापेमारी

स्कूल नौकरी घोटाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी घोटाले की जांच के संबंध में पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में छह अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के अधिकारियों ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तेहत्ता क्षेत्र से विधायक तापस साहा और उनके सहायक के आवास और कार्यालय में 15 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हमने साहा के तेहत्ता स्थित आवास और कार्यालय से कई दस्तावेज और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। हमने विधायक से शनिवार सुबह तक पूछताछ की है। उन्होंने कहा कि सीबीआई के अधिकारी साहा को बेताई इलाके के एक कॉलेज में ले गये और वहां तलाशी ली। साहा शुक्रवार रात विधायक आवास पर लौटे और शनिवार सुबह छह बजे तक उनसे पूछताछ की गयी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। घोटाले के सिलसिले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी सहित सत्तारूढ़ दल टीएमसी के कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

इडी ने 24 को छवि रंजन को बुलाया

रांची (खबर मन्त्र)। वरिष्ठ आइएएस अधिकारी सह रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को दो सप्ताह की मोहलत देने से इडी ने इनकार कर दिया है। उन्होंने मोहलत के लिए अपने एडवोकेट के माध्यम से कई प्रयास किये लेकिन नहीं मिली। इडी ने एक बार फिर से समन जारी करते हुए छवि रंजन को 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में तलब किया है।

>> रांची के पूर्व डीसी को तीसरा समन
>> मोहलत देने से इनकार

पहुंचना होगा ईडी कार्यालय : रांची में जमीन घोटाला मामले में श्री रंजन ने ईडी से दो हफ्ते का वक्त मांगा था, लेकिन इडी ने इसे अनुसंधान टालने की कोशिश माना।

(शेष पेज 11 पर)

सरकारी बंगला खाली कर राहुल बोले - शुक्रिया !

नयी दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार पूरी तरह से 12 तुगलक लेन का सरकारी बंगला खाली कर दिया। मौके पर उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। बताते चलें कि राहुल गांधी इस बंगले में पिछले 19 वर्षों से रह रहे थे। राहुल गांधी ने लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों को चाबी सौंप दी। इस मौके पर उन्होंने बंगले में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ फोटो भी खिंचवायी। बंगला खाली करने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान के लोगों ने मुझे 19 साल तक यह घर दिया, मैं उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह सच बोलने की कीमत है।

(शेष पेज 11 पर)

मौसम ने ली करवट, तेज हवा के साथ बारिश-वज्रपात

➲ ठनका की चपेट में आने से तीन की मौत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची समेत राज्यभर में शनिवार को तेज आंधी और बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तापमान में चार से पांच डिग्री तक गिरावट दर्ज की गयी। वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी और कई लोग झुलसने से गंभीर रूप से जख्मी हैं। मौसम केंद्र ने राज्य में येलो अलर्ट जारी किया है।

तापमान गिरा : झारखंड में प्रचंड गर्मी से परेशान लोगों को कुछ दिनों के लिए राहत मिली। बारिश से अधिकतम तापमान रांची का 34.7, जमशेदपुर का 37.2 और डालटेनगंज का 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची में 14 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी।

(शेष पेज 11 पर)

इटकी में दो और सोनाहातू में एक की मौत

तेज आंधी पानी के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर इटकी थाना क्षेत्र के बिंधानी गांव में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि दो युवक झुलस गये। मृतकों की पहचान बिंधानी के अनूप कुजूर (20) और सुशील मुंडा (19) के रूप में हुई। दोनों कुछ युवकों के साथ वॉलीबॉल खेल रहे थे। इसी दौरान ठनका की चपेट में आ गये। वहीं सोनाहातू के तेतला गांव में वज्रपात से राजेंद्र महतो नामक एक युवक की मौत हो गयी। वहीं प्रदीप महतो, रोमनी देवी, दुलारी देवी, सोबी देवी घायल हैं।

रांची समेत 16 जिलों में बारिश : मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को राज्य के 16 जिलों में बारिश हुई। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा भी चली। अगले दो दिनों तक राजधानी में बादल और बारिश की संभावना है। चार दिनों तक राज्य के दक्षिणी, उत्तर पश्चिमी और मध्य इलाकों में बारिश होगी। इसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार शामिल है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी।



जमीन घोटाले में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने फोड़ा ट्विटर बम, पूछा

कमिश्नर की रिपोर्ट पर राज्य सरकार ने छविरंजन पर क्यों नहीं की कार्रवाई

मामले में राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं किये जाने पर ईडी से संज्ञान लेने का किया आग्रह

बाबूलाल मरांडी

छविरंजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने जमीन घोटाले में ट्विटर बम फोड़ा है। बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर के माध्यम से कहा कि रांची में जाली कागजात से जमीन हेराफेरी के अलावा चार लोगों को नोटिस देकर परेशान और भयादोहन करने का काम भी छवि रंजन ने किया है। उनके कार्यकाल में काफी जमीन घोटाला हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने ईडी के निदेशक को संबोधित करते हुए कहा कि रांची जमीन घोटाले की जांच और पूछताछ में इस विषय पर छवि रंजन के खिलाफ कमिश्नर की रिपोर्ट पर सरकार के द्वारा कार्रवाई नहीं की गई, इसके पीछे के कारणों का भी इडी संज्ञान लेकर पड़ताल करे। बाबूलाल की इस ट्विटर बम से सत्ता पक्ष और विपक्ष में खलबली मच गई है।

गौरतलब हो कि बीते 13 अप्रैल को इडी की टीमों ने झारखंड के समाज कल्याण विभाग के निदेशक आइएएस छवि रंजन सहित 18 लोगों के झारखंड, बिहार, बंगाल स्थित 22 ठिकानों पर छापामारी की थी। इडी ने छापामारी के दौरान छवि रंजन से पूछताछ भी की थी। छापेमारी के दौरान इडी ने जमीन-जायदाद से सैकड़ों डीड, कागजात, हेराफेरी के लिए तैयार किए गए फर्जी दस्तावेज, सील-मुहर, अंचल कार्यालय के सरकारी रजिस्टर आदि बरामद किया था। इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें इडी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इनमें बंगाल के आसनसोल निवासी कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। इडी ने छापेमारी के दौरान आइएएस छवि रंजन से उनका मोबाइल लेकर भी जांच की थी। इसमें पाया गया कि उन्होंने जमीन हेराफेरी से जुड़े मामले में इडी की संभावित कार्रवाई और पूछे जाने वाले सवालों के जवाब तैयार कर रखे थे।

छवि रंजन इससे पूर्व रांची के उपायुक्त थे। उनके कार्यकाल में सेना की जमीन के अलावा कई अन्य भू-खंडों की खरीद-बिक्री फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किए जाने का घोटाला हुआ है। इसी मामले में कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस त्रिदिप मिश्रा को भी ईडी ने समन कर दिया है। उन्हें आगामी दो मई को रांची स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दरअसल रांची में जिन जमीनों की खरीद-बिक्री में फजीर्वाड़ा हुआ है, उसके दस्तावेज बंगाल में तैयार किए गए हैं।

सीबीआई पर केंद्र के इशारे पर काम करने का लगाया आरोप

बकोरिया कांड में पक्षपातपूर्ण जांच व क्लोजर रिपोर्ट से सीबीआई का मुखौटा फिर हटा: बंधु

10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषियों के विरुद्ध जांच के बाद समर्पित क्लोजर रिपोर्ट गंभीर मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पूर्व मंत्री और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि पलामू सदर थाना क्षेत्र के सतबरवा ओपी अंतर्गत बकोरिया में पिछले 8 जून 2015 को हुए कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की पक्षपात पूर्ण जांच और उसकी क्लोजर रिपोर्ट से यह जाहिर हो गया है कि यह एजेंसी पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआई के चेहरे से उसका बचा-खुचा मुखौटा भी उतर चुका है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और यही कारण है कि जहां विपक्षी नेताओं पर लगे आरोपों पर उसकी कार्रवाई तेज गति से होती है वहीं, जो नेता भाजपा में चले जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी जाती है।

उन्होंने कहा कि पलामू का बकोरिया हत्याकांड एक ऐसा नरसंहार था जिसकी हो रही जांच के ऊपर झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों की नजर थी। श्री तिर्की ने कहा कि बकोरिया ऐसा कांड था जिसमें सिपाही से लेकर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अनेक अधिकारियों से सीबीआई ने पूछताछ की थी। इसके अलावा पुलिस के ऊपर पीड़ित परिवारों के द्वारा जो आरोप लगाये गये थे उसके मामले में भी सीबीआई ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसे कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। श्री तिर्की ने कहा कि 10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषियों के विरुद्ध जांच के उपरांत समर्पित यह क्लोजर रिपोर्ट बहुत ही गंभीर मामला है और इस मामले पर झारखंड के भाजपा नेताओं को विशेष रूप से अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये क्योंकि पहली नजर में यह एकतरफा रिपोर्ट लगती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस मामले पर और भी अधिक गंभीरता के साथ जांच पड़ताल का निर्देश दे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सीबीआई को निष्पक्ष बनाने की दिशा में कदम उठायें।

राज्य के नगर निकायों को गार्बेज-फ्री बनाने पर करें फोकस : सूडा निदेशक

स्वच्छ भारत मिशन 0.2 के तहत शहरों को गार्बेज फ्री करने और वेस्ट मैटेरियल को डिस्पोज कर साफ - सफाई अभियान तेज करने का दिया गया टास्क

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक अमित कुमार ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों से स्वच्छ भारत मिशन 0.2 के शहरों को गारबेज फ्री करने, वैस्ट मैटेरियल के डिस्पोजल के साथ साथ उसके रीयूज पर भी फोकस करने व साफ सफाई अभियान तेज करने को कहा है। अधिकारियों को यह भी कहा की अमृत 2.0 मिशन से हर घर में जल पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। इसके अलावा सभी नगर निकायों को कई निर्देश भी दिये गये हैं।

निदेशक ने दोनों केंद्रीय योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य पाने के लिए जनभागीदारी के सहयोग से काम करने को भी कहा है। इसे लेकर उन्होंने राज्य के सभी निकायों को पत्र भी लिखा है।

पत्र में जो दिये गये हैं निर्देश

सूडा के निदेशक ने पत्र के माध्यम से अधिकारियों को जो निर्देश दिये हैं। उसमें नगर निकायों में क्षमता संवर्द्धन करने के लिए कार्यक्रम चलाए ,ताकि नगर निकाय सक्षम हो सके। एसबीएम और अम्रुत 0.2 का लक्ष्य प्राप्त करें। अम्रुत 0.2 के तहत हर घर तक टैप वाटर पहुंचाया जा सके और शहरों में ग्रिन एरिया बढ़ाने पर काम करें। नन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ाना है। वेस्ट वाटर को उपयोगी बनाना है। किसी भी योजना के लिए जनभागीदारी बढ़ाना है तथा योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन संपन्न हो, जैसे निर्देश दिये हैं।

नोटिस पर धुर्वा थाना पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष समेत भाजपा के पांच नेता, आरोपों को किया खारिज

22 अप्रैल को थाना में बुलाया गया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव के दौरान धारा-144 उल्लंघन के आरोप में धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी को लेकर भेजे गए नोटिस के आलोक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल और भाजपा मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह समेत कई कार्यकर्ता धुर्वा थाना पहुंचे। इन नेताओं ने पुलिस ने घेराव कार्यक्रम में धारा 144 के उल्लंघन के मामले में आधे घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी को स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कानून का पालन करने वाले अनुशासित लोग हैं। ऐसे में उन पर जो आरोप लगाए गए हैं, वह बेबुनियाद है। विधायक सीपी सिंह ने धुर्वा थाना प्रभारी को कहा कि पुलिस ने जो नोटिस भेजा है, जो धारा लगायी गयी है, जहां पर कार्यक्रम स्थल था, वहां धारा 144 लागू नहीं की गई थी। इसी तरह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी पार्टी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम और इस दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ के बारे में कहा कि सचिवालय घेराव करने से पहले जगन्नाथपुर मैदान में सभा स्थल बनाई गई थी। उसके बाद कार्यकर्ता सचिवालय के लिए रवाना हुए थे। मगर बीच में ही उन्हें रोक दिया गया। जहां कार्यकर्ताओं को रोका गया, वहां धारा 144 लागू नहीं थी। फिर भी पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस के गोले छोड़कर कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया गया। ऐसे में जो भाजपा कार्यकर्ता शांति के साथ सचिवालय घेराव करने के लिए जा रहे थे, उनका क्या दोष है।

गठबंधन सरकार को जितना केस करना है कर ले, भाजपा डरनेवाली नहीं : दीपक प्रकाश

धुर्वा थाना में पूछताछ के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि गठबंधन की सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं पर जितना केस करना है कर ले, हम डरने वाले नहीं हैं। सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करती रहेगी। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जिन धाराओं का उल्लेख नोटिस में किया गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि जानबूझकर सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं को केस के जरिए डराने की कोशिश कर रही है। मगर, भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह से लाठियां बरसाई गई, वह कहीं ना कहीं लोकतंत्र का हनन है और उसके बाद हद तो तब हो गई जब भाजपा कार्यकर्ताओं पर जानबूझकर प्रशासन के द्वारा सरकार के दबाव में प्राथमिकी दर्ज की गई। कार्यकर्ता लोकतंत्र में आंदोलन के तौर तरीके के जरिए सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे।

हाईकोर्ट से हटाये गये 86 सुरक्षाकर्मी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट परिसर की सुरक्षा में पिछले कई वर्षों से तैनात 86 पुलिसकर्मियों को हटा दिया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिन पुलिसकर्मियों को हटाया गया है, वे राज्य के सभी 24 जिलों से हाईकोर्ट की सुरक्षा में प्रतिनियुक्त किये गये थे। लंबे समय से एक ही जगह पर प्रतिनियुक्ति मामला संज्ञान में आने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिसकर्मियों को उनके जिले में वापस काम करने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि सभी पुलिसकर्मी कई वर्षों से एक स्थान पर जमे थे। इससे सुरक्षा संबंधित कार्य के प्रति उदासीनता उत्पन्न होने और संवेदनशीलता में कमी आने से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया कि कि इन पुलिसकर्मियों के स्थान पर किसी दूसरे योग्य पुलिसकर्मियों को चिह्नित कर हाईकोर्ट में प्रतिनियुक्त करें।

जेइपीसी ने बदली कक्षा 7वीं तक की परीक्षा की तिथि, अब एक ही पाली में होगी परीक्षा

सरकारी स्कूलों में 7वीं तक परीक्षा 6 मई से

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी किया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के सरकारी स्कूलों में अब पहली से 7वीं तक की परीक्षा 6 मई से होगी। 13 मई तक होनेवाली यह परीक्षा अब दो पालियों की बजाये रोज एक ही पाली में होगी। बताते चलें कि जेईपीसी की ओर से कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों की परीक्षा की तिथि बदल दी गई है। नया डेट सहित शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसका आदेश झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी कर दिया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सरकारी, मॉडल स्कूल, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), प्रारंभिक विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 7 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के वार्षिक योगात्मक-मूल्यांकन होना है। पूर्व निर्धारित कैलेंडर के अनुसार 26-27 अप्रैल-2023 और 2 मई 2023 को दो पालियों में आयोजन किया जाना था। निदेशक ने लिखा है कि उक्त कैलेंडर में आंशिक संशोधन किया गया है। अब वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन 6 से 13 मई, 2023 तक एकल पाली में प्रातः 7.30 बजे से प्रातः 9.30 बजे तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा/योगात्मक मूल्यांकन को लेकर दिशा-निर्देश : सभी सरकारी, मॉडल स्कूल, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), प्रारंभिक विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन कक्षा 1 से कक्षा 7 के लिए होगा। कक्षा 1 एवं कक्षा 2 की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा 3 से कक्षा 7 के प्रश्न वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय तथा दीर्घउत्तरीय प्रकार के होंगे। मुद्रित प्रश्न-सह- उत्तर पुस्तिका के माध्यम से परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें छात्र/छात्राओं को निर्धारित स्थान पर उत्तर लिखना होगा। परीक्षा 7.30 बजे पूर्वाहन से 9.30 बजे पूर्वाहन तक एकल पाली में आयोजित होगी। कक्षा 3 से 5 तक के प्रत्येक विषय के लिए 60-60 अंक निर्धारित है।

कक्षा 5 से 7 तक के प्रत्येक विषय के लिए 60-60 अंक निर्धारित हैं, परंतु गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए 50-50 अंक का लिखित और 10-10 अंक के प्रोजेक्ट कार्य (कुल 50+10=60) के लिए निर्धारित किया गया है और संथाली, हो, खड़िया, मुंडारी, कुडुख विषयों हेतु कक्षावार प्रश्न-पत्र विद्यालय स्तर पर तैयार किये जायेंगे।

झारखंड में ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास तेज

बदलते राजनीतिक और प्रशासनिक परिदृश्य में टीएसी की भूमिका पर शोध करायेगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार की ओर से टीएसी (आदिवासी सलाहकार समिति) को और भी प्रभावी बनाने की कवायद चल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इसके ऊपर शोध कराये जाने की तैयारी चल रही है। मोरहाबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा ट्राइबल वेलफेयर रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीआरआई) ने इसके लिए पहल की है। उसकी ओर से शोध कार्य के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इसके जरिये वर्तमान समय में बदलते पॉलिटिकल और एडमिनिस्ट्रेटिव परिदृश्यों के बीच टीएसी की भूमिका और प्रासंगिकता के संबंध में योग्य शोधकर्ताओं की मदद ली जानी है।

रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर की ओर से वित्त वर्ष 2022-23 के लिए इस काम के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट फिर से जारी किया गया है। इसमें सभी यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी के सभी विभागों, सरकारी संस्थान, मान्यता प्राप्त शोध संस्थानों से मदद मांगी गयी है।

शोध के लिए 3 मई तक कर सकते हैं आवेदन

जारी विज्ञापन के मुताबिक निर्धारित विषय पर शोध कार्य के लिए इच्छुक यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थानों से कहा गया है कि 3 मई 2023 तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सीलबंद लिफाफे में तकनीकी प्रस्ताव निदेशक, टीआरआई, मोरहाबादी के पते पर भेजने होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट की मदद ली जा सकती है।

मालूम हो कि अभी राज्य में सीएम की अध्यक्षता में ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी गठित है। आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन इस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा 15 विधायकों के अलावा दो मनोनीत सदस्य हैं। इसकी बैठक में जनजाति समाज के कल्याण संबंधी कार्यक्रमों पर चर्चा होती है।

परीक्षाओं के लिए जेएसएससी का कैलेंडर जारी

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने एग्जाम कैलेंडर 2023 जारी कर दिया है। उसकी वेबसाइट पर 10 प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा इसी वर्ष जून माह के अंतिम सप्ताह में ली जा सकती है। पीजी प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा सीबीटी के आधार पर जुलाई महीने के दूसरे सप्ताह में होगी। झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सीबीटी के आधार पर अगस्त माह से पहले सप्ताह में ली जायेगी। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सितंबर के पहले सप्ताह में होगी। इसके अलावा झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मई माह के पहले सप्ताह में विज्ञापन जारी होगा। सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में इसकी परीक्षा ली जायेगी।

ट्रेन छूट गयी तो दो स्टेशन तक होगा आपका इंतजार

जानें क्या है रेलवे का नियम

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रेल का सफर करनेवालों के लिए यह जानना जरूरी है कि ट्रेन आपकी छूट गयी तो आपका बर्थ दो स्टेशन के बाद ही दूसरे को मिलेगा। आप पहले या दूसरे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अपने बर्थ पर जा सकते हैं। इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है। यानी कि आपकी ट्रेन बोर्डिंग स्टेशन से छूट जाती है तो आपके पास विकल्प है।

क्या कहता नियम : मान के चलिये कि आपने रांची से पटना तक के लिए टिकट लिया है और आप किसी कारणवश रांची स्टेशन से ट्रेन नहीं पकड़ पाते हैं तो आप अगले 2 स्टेशन तक उस ट्रेन को पकड़ सकते हैं। टीटीई भी उस दौरान किसी और शख्स वो सीट नहीं दे सकता। हां, अगर आप दो स्टॉप गुजरने के बाद भी ट्रेन में नहीं पहुंचते हैं तो टीटीई आपका बर्थ किसी अन्य को अलॉट कर सकता है।

ट्रेन छूट गयी और यात्रा नहीं करना चाहते : अगर आपका बोर्डिंग स्टेशन रांची से है, लेकिन वो ट्रेन छूट गयी और आप अगले स्टेशन से भी यात्रा नहीं करना चाहते हैं, तो आप टीडीआर यानी कि टिकट डिपॉजिट रिसीट भी फाइल कर सकते हैं। इसकी मंजूरी मिलने के बाद आपको बेस फेयर का 50 फीसदी रिफंड मिल जाएगा। इसके अलावा आप बोर्डिंग स्टेशन से रवानगी के तीन घंटे बाद भी टिकट कैंसिल करा सकते हैं।

पुलिस उप महानिरीक्षक, रांची ने जांच के लिए बनायी पांच जिलों की एसआइटी

पुलिस को आशंका, नेपाल से संगठन को संचालित कर रहा है सुप्रीमो दिनेश गोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप नेपाल से झारखंड में अपने संगठन को ऑपरेट कर रहा है। इस बात की आशंका झारखंड पुलिस को है। पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में एक एसआइटी का गठन किया है, इसमें पांच जिलों की पुलिस को शामिल किया गया है। रांची, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में जिलावार गठित एसआईटी का नेतृत्व एएसपी अभियान और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को दिया गया है। सभी टीमों को एक साथ समन्वय बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस के मुताबिक, लातेहार के बालूमाथ थाने के हाजत से फरार हुआ दिनेश गोप का खास कृष्णा यादव लगातार उग्रवादी घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

गोप के इशारे पर घटना को अंजाम दे रहा चान्हों का कृष्णा

उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के इशारे पर उग्रवादी कृष्णा यादव ने हाल के दिनों में सिमडेगा, गुमला समेत कई जिलों में अपनी सक्रियता बढ़ाई है। नेपाल में छिप कर रह रहे दिनेश गोप के निर्देश पर हाल में गुमला, सिमडेगा में कृष्णा यादव ने सरकारी ठेके कंपनियों की साइट पर आगजनी की थी। कृष्णा यादव को रांची पुलिस ने साल 2021 में बड़ी मशक्कत के बाद चतरा इलाके से गिरफ्तार किया था। थाने में 22 मार्च 2021 की सुबह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर कृष्णा यादव फरार हो गया था। इसके बाद उसने कई उग्रवादी कांडों को अंजाम दियाद्ध रांची के चान्हो में कृष्णा यादव के द्वारा ही दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था, जबकि कई आगलगी की घटनाओं में भी उसकी संलिप्तता रही थी।

कई नए युवाओं को पीएलएफआई से जोड़ा

पुलिस को सूचना मिली है कि हाजत से फरार होने के बाद कृष्णा यादव ने कई युवाओं को पीएलएफआई से जोड़ा है. युवाओं का इस्तेमाल कर वह ग्रामीण इलाकों में लेवी के लिए वारदात को अंजाम दे रहा. पुलिस की चिंता यह भी है कि जिन इलाकों में माओवादियों का प्रभाव कम हुआ है, वहां पीएलएफआई सुप्रीमो के इशारे पर कृष्णा यादव ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं. ऐसे में हर हाल में गठित एसआईटी की टीम को निर्देश दिया गया है कि वह संगठन पर नकेल कसे और सदस्यों को गिरफ्तार करें।

> उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड पुलिस ने कमर कस ली है। ऐसे में पुलिस को सूचना मिली है कि दिनेश गोप नेपाल में छिपा है। इसका पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम नेपाल भी जाएगी।
>
> **अनूप बिरथरे, डीआईजी, रांची**

सर्वजन पेंशन योजना

के तहत 3 वर्ष में तीन गुणा वृद्धि

क्या कहते हैं लाभुक

पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले एक साल से पेंशन मिल रहा है। पेंशन बैंक खाते में प्राप्त हो रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। साथ ही कई अन्य जरूरतों को पूरा करती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।

संगीता देवी, तोपचांची, धनबाद

पेंशन की राशि से मेरी छोटी मोटी जरूरतें पूरी हो रही हैं। सरकार सभी लोगों को सक्षम बना रही है, बुजुर्गों को पेंशन दे रही है, इससे अच्छा और क्या होगा ? चाय पानी के लिए बच्चों से पैसा नहीं लेना पड़ता। बुजुर्ग अब बोझ नहीं होंगे। पहले दौड़ भाग कर के भी पेंशन नहीं मिला। अब घर बैठे मिल गया है, इसकी खुशी ज्यादा है।

रजनीकांत आचार्य, उत्तरी इचड़ा पंचायत, पूर्वी सिंहभूम

इंञ मिलोती देवी इंञ रेन जमाय ञतुम कांता प्रसाद मांझी, आतु बूढीडीह पंचायत करमाटांड़ प्रखण्ड चंद्रापुरा जिला बोकारो रेन ताहेन काना। आतु पंचायत रेन जनता दरबार हुय लेना, उन रे जनता दरबार रे बी०डी०ओ०, सी० ओ०, मुखिया, आतु सेवक सनाम हेअ लेना अनको सनाम गी इंञ मिता आदिइंञ। पेंशन फारम हो भरा कतिञ। में आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर उना पैसा ते आयमा भाली हुयूआ उना पैसा ते मौका घडीञ गिदरा आह किताब, कलाम, कापी किरीञ लिगीत इमा कुकाना जहा बंचा उना पैसा ते तेल साबुन हताह इदा जहा सहायता लिगीत ते सरकार हेमन्त सोरेन आ आयमा आयमा सराहाव।

मिलोती देवी, ग्राम बूढीडीह, पंचायत करमा टांड, प्रखण्ड चंद्रपुरा, बोकारो

कुछ माह पूर्व से ही पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है। पहले कई बार पेंशन योजना से लाभान्वित होने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रिक्ति खाली होने पर योजना से जोड़ने की बात अधिकारी कहते थे। लेकिन सर्वजन पेंशन योजना शुरू होने से मुझे योजना का लाभ मिलने लगा। अभी मैं काफी खुश हूं। राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त बेटा को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

तारा सिंह, जर्मन कॉलोनी, बोकारो

विवाह से 2-3 वर्ष के पश्चात अपने पति से अलग हो गई। जिसके बाद से मैं अपने पिता के साथ ही उनके घर में रह रही हूं। आर्थिक रूप से सहायता के लिए मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया। पेंशन योजना की स्वीकृति मिली और अब पेंशन का लाभ मिल रहा है। मेरे जैसी सैकड़ों निराश्रित महिलाओं के लिये यह सहारा है, जिससे हमें जीवन यापन करने में सरकार से सहयोग प्राप्त हो रहा है।

चंदा कुमारी, नगर उंटारी प्रखंड, गढ़वा

सर्वजन पेंशन योजना का उद्देश्य ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इस योजना के तहत अतिरिक्त 15 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला, दिव्यांग, आदि को जोड़ते हुए अबतक 21.61 लाख लाभुकों को आच्छादित किया गया है तथा छूटे हुए सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वजन पेंशन योजना के लिए ₹2,130.88 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

पेंशन लेवे में कोनो परेशानी नखे। प्रतिमाह सरकार हमर बैंक खाता में पेंशन कर राशि भेज देव थे, जेकर उपयोग हम अपन रोज रोज कर छोट-मोट खर्च ले कर थी। सरकार कर ई योजना के लागू होवे से हम बहुत खुश ही, काहे से कि इकर ले सरकार ने बीपीएल श्रेणी कर मांग के हटाय देलक।

सीता देवी, भण्डरा, लोहारदगा

साबेन् को जोहार। अयाह् नुतुम सरस्वती लामाय, अनाह् हो वा: नुतुम्- स्व० सिद्धेश्वर बोयपाई, हातु- सोसोपी, पंचायत- तोन्डांहातु, प्रखण्ड- जगन्नाथपुर, जिला- प० सिंहभूम। आले हातु रे जनता-दरबार होवा-लेना। एनते मुखिया को, ग्राम सेवक, तेको कजीयाञ तनड: च् ञिम् रान्डी-अम्बारोब एना एनते पेंशन रेया: फॉर्म् पेरे:म् को मेताञ् तना:। फॉम को पेरे: केड़ा एनते न:अ छ: महिना होबायना गेया। पाँच तारीख तक रे पोयसा बेटान तना गेया, एन ते पोयसा: छुडावए तन गेया: । एन ते, सरकार के ञेन लाभ एमाडीञ ते इसु रान्सा: होवायेना। एन् ते नेन पोयसा: तेगे नाह: सुनुम साबुन च: होन पड़ाव इची ताई ऐ:। सरकार नेलेकान लाभ को आन्डो एमा ले: रे दो एसु रान्सा रेया: काजी। ञेन हेमन्त सोरेन सरकार के ईकिर जीवोन ते् जोहार।

सरस्वती लामाय, जगन्नाथपुर, पश्चिमी सिंहभूम

बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे अपने परिवार का पालन पोषण करने में काफ़ी कठिनाई हो रही थी। कुछ माह पूर्व मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभ हेतु आवेदन जमा किया था। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा है। पेंशन मिलने से परिवार का पालन पोषण करने में मदद मिल रही है।

महेंद्र प्रसाद, नगर पंचायत, लातेहार

मैं एकल महिला हूँ। मेरे परिवार में कोई सदस्य नहीं है। खुद का पालन पोषण करने में कठिनाई होती थी। मुझे मुखिया द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का पता चला। इसके लिए मैंने फॉर्म भरा, तो आज मुझे पेंशन का पैसा मिल रहा है, जिससे जीवन अच्छा चल रहा है। मैं हेमन्त सोरेन जी को बहुत बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूँ।

फरीदा बेगम, ग्राम पंचायत तमाड़, रांची

सर्वजन योजना लागू होने के उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ मिला। आज खुद को सबल महसूस कर रहा हूं। दिव्यांग होने के कारण मैं अपने आप को उपेक्षित महसूस करता था, परंतु प्रखंड कार्यालय में पेंशन हेतु आवेदन करने के दो दिवस उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला। तब से प्रत्येक माह मुझे पेंशन के रूप में ₹1000 प्राप्त होने लगा और मुझे अपने जीवन यापन में काफी सहूलियत होने लगी।

गणेश बानरा, डालियामिंचा पंचायत, चाईबासा

PRNO 295760 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

स्पीड न्यूज

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया

नीलांबर पीतांबरपुर। पुराने ब्लौक परिसर में भगवान परसुराम जन्मोत्सव का जिलास्तरीय कार्यक्रम हुआ। पंडित सतीश मिश्रा एवं नागेंद्र मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम जी का पूजा अर्चना संपन्न कराया। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन समिति ने अतिथियों, गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोगों को माथे पर तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध जनों ने समाज की भलाई के लिए उच्च विचार एवं सकारात्मक सोच के साथ काम करने की जरूरत बताया। मुख्य अतिथि महासभा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी शास्त्र एवं शस्त्र दोनो के ज्ञाता थे। उनके दिव्य ज्ञान एवं आदर्श जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है। महासभा जिन पवित्र उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है उसे पूरा करने के लिए ब्राह्मण परिवारों को संगठित होना होगा। कार्यक्रम में रूद्र शुक्ला, केदार नाथ पांडेय, सीताराम दुबे, विजय पाठक, पंकज मिश्रा, मुखिया कृष्णकांत चौबे, अरविंद शुक्ला, पूर्व मुखिया जितेंद्र शुक्ला, जितेंद्र तिवारी, राजा पाठक सहित कई प्रबुद्ध लोगों ने संगठित होकर कार्य करने की जरूरत बताया। व्यास उदय तिवारी ने संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी एवं संचालन संत कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे अभिमन्यु ओझा, नवल किशोर तिवारी, मनीष उपाध्याय, शंभूनाथ दुबे, नागेंद्र तिवारी, नीलकंठ गिरी, प्रेम गिरी, अजय दुबे, वाल्मीकि तिवारी, बृज किशोर तिवारी, राजेंद्र दुबे,सुशील तिवारी,राजेश्वर तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, अक्षय तिवारी, पवन तिवारी,सुनील तिवारी, अरविंद तिवारी, यमुना शुक्ला, चंद्रदेव दुबे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाने के लिए क्षत्रिय जागृति मंच की बैठक

मोहम्मदगंज पलामू। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की 305 वी जयंती मनाने के लिए शनिवार को स्थानीय देवीधाम मन्दिर के पास क्षत्रिय जागृति मंच के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 23 अप्रैल रविवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह का आयोजन मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में बस्ती मुहल्ला मोहम्मदगंज स्थित मिथिलेश कुमार सिंह के मकान में समय 10 बजे से किया गया है। इस मौके पर महेन्द्र प्रसाद सिंह, सी बी रमण सिंह, नीरज सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, अखिलेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, शंकर सिंह, रामकुमार सिंह, दिलीप मुन्ना सिंह, रूपेश पिंटू सिंह, रजनीश सिंह, नित्यानन्द पाठक, रविशंकर बिट्टू सिंह, राकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

उंटारी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

डेवडर स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते लोग

उंटारी रोड। जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के डेवडर बिंदुआ में ईद–उल–फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी। यहां ईद के अहले सुबह से ही सैकड़ों लोग मस्जिद पहुंचने लगे जहां हाफिज आलमगीर आलम ने सभी को नमाज पढाई। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क के अमन व चैन की दुआ मांगी, हाफिज आलमगीर ने कहा की ईद आपसी प्रेम व भाईचारे का त्योहार है ईद हमें इस बात की तालीम देता है की गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें, और अपने रब की खातिर इबादत करें। उंटारी रोड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने डेवडर स्थित मस्जिद में पहुंच बड़े बुजुर्गों और बच्चों से मिलकर ईद की बधाई दिया। मौके पर सदर खताबुदीन अंसारी, अलीहुसैन अंसारी, असगर अली, महमूद अंसारी, सहादत हुसैन, कलामुद्दीन अंसारी, उस्मान सेख सहित कई लोग मौजूद थे।

भार्गव सेना ने गांव में मनाया परशुराम भगवान का जन्मोत्सव

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा एक नई पहल करते हुए इसबार अक्षय तृतीया के अवसर पर प्राकट्य चिरंजीवी भगवान परशुराम जन्म उत्सव मनाया। इस कड़ी के अंतर्गत इसबार लहल्हे पंचायत के सिंदुरिया शिव मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चना कर और भगवान परशुराम के जयकारों के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर पुरोहित निरंजन मिश्रा और रमेश पांडे के द्वारा पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ यजमान अमित तिवारी के द्वारा पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई। ग्रामीणों मुरलीधर तिवारी, अनूप तिवारी,बिकास पांडे,पंचायत समिति प्रतिनिधि सुभाष तिवारी, कमलेश पाण्डे, ब्रजेश पांडे, राजे तिवारी, ब्रजेश तिवारी, पीयूष,रामु, प्रमंडलीय संरक्षक मृत्युंजय तिवारी, ब्रजेश तिवारी, विकास तिवारी, विवेकानंद त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला, मुकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, अरबिंद पांडे, परवीन तिवारी, आशुतोष तिवारी ब्राह्मण,सचिन पांडे, अमित पांडे, करन कांत तिवारी, संजीत पांडे, रिशु, प्रभाष तिवारी अभय पाठक मुकेश पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बाबू बीरकुंवर सिंह जयंती को लेकर बैठक

पांडू पलामू। पांडू पंचायत सचिवालय में शनिवार को बाबू बीरकुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव मनाने को लेकर क्षत्रिय जागृति मंच के तत्वाधान में बैठक किया गया। इसकी अध्यक्षता भूषण सिंह ने की। संचालन प्रेमतोष कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे पांडू पंचायत सचिवालय में किया जायेगा। इस बाबत कार्यक्रम संचालन हेतु संयोजक मंडली का गठन किया गया। मौके पर प्रदुम्मन कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह, ब्रजभूषण सिंह, बबलू सिंह, सोनू सिंह, सतीश सिंह, अभिमन्यु सिंह, दारा सिंह, संचिता सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

बालू और बिजली पर ध्यानाकर्षण के लिए किसान ब्रिगेड बाबूलाल से मिला

मेदिनीनगर। किसान ब्रिगेड के सह संयोजक भुनेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किसान ब्रिगेड का एक प्रतिनिधि मण्डल जिसमें कर्नल संजय सिंह, हुसैनाबाद प्रखण्ड के ब्रिगेड के अध्यक्ष लालधन ठाकुर, महासचिव सुधीर कुमार सिंह, मनोज शर्मा, सतनारायण यादव, अजय सिंह ने रांची में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर क्षेत्र में बालू की किल्लत और बिजली विभाग द्वारा गरीब किसानों पर किए जा रहे अत्याचार से अवगत कराया। भुनेश सिंह ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल को जानकारी देते हुए बताया कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला हुआ आवास बालू की कमी के चलते नही बन पा रहा है।

राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर बघमनवा में कई कार्यक्रम आयोजित

बिश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम का आयोजन बघमनवा पंचायत के सभी स्कूलों में किया गया। उक्त सभी जगहों पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम शामिल थे। स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री सहित कई उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

माइल स्टोन प्रोजेक्ट कोयल रिवर फ्रंट का उद्घाटन होगा ऐतिहासिक : महापौर

आज संध्या छह बजे कार्यक्रम उपरांत जनता को कर दिया जाएगा समर्पित, उद्घाटन के मौके पर वाराणसी के प्रमुख टीम द्वारा किया जायेगा गंगा आरती

मुंबई और दिल्ली के नामी सूफी सिंगर नगरवासियों का करेंगे मनोरंजन



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट के गंगा आरती मंच पर 23 तारीख उद्घाटन की तैयारी को देखते हुए प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि शहर का अति प्रतिष्ठित योजना निगम का माइलस्टोन प्रोजेक्ट कोयल रिवर फ्रंट 23 तारीख संध्या 6: बजे से कार्यक्रम के उपरांत जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। महापौर शंकर ने बताया कि कोयल रिवर फ्रंट को रांची के कांट्रेक्टर नवजीवन कंस्ट्रक्शन द्वारा बहुत ही मजबूती और शानदार तरीके से 5 माह 27 दिन के रिकॉर्ड टाइम में पूरा किया गया। जबकि निगम ने 24 माह का समय दिया था। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए महापौर ने कहा 23 तारीख शाम 6:00 बजे गंगा आरती का आयोजन किया गया है। गंगा आरती के बाद सभी अतिथियों द्वारा नारियल तोड़कर कोयल रिवर फ्रंट का सामूहिक उद्घाटन किया जाएगा। फिर दीप प्रज्वलित करने के उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। महापौर ने बताया कि कार्यक्रम में जहां गंगा आरती के लिए बनारस से गंगा आरती के प्रमुख अपनी पूरी टीम के साथ आ रहे हैं वही दिल्ली और मुंबई के नामी सूफी सिंगर अपनी पूरी टीम के साथ लोगों का मनोरंजन करेंगे जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम की भव्यता को बनाने के लिए रांची से बेहतरीन आतिशबाजी शो का भी आयोजन किया गया है। महापौर ने बताया चुकी कार्यक्रम निशुल्क है और हर लोगों को सजे हुए कोयल रिवर फ्रंट देखने की इच्छा होगी। भीड़ की संभावनाओं को देखते हुए पब्लिक वाहन शिवाजी मैदान में खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। महापौर शंकर ने कहा की यह कार्यक्रम शहर वासियों का है और मुझे पूरा उम्मीद ही नहीं विश्वास है हम सब निगम वासी अपने इस कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाकर कोयल रिवर फ्रंट के उद्घाटन को ऐतिहासिक बनाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्र के एक एक सड़क का होगा निर्माण : डॉ शशिभूषण मेहता

विधायक ने ग्रामीण सड़क योजना के तहत नारियल फोड़कर किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर/नीलांबर पीतांबरपुर। पाकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत डीएलपी पथ साहद मोड़ से सांसद आरसीडी रोड तक पथ निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पाकी विधानसभा में विकास नाम की चीज नहीं दिखाई देती थी। आजादी के बाद से भी यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे हैं। गांव के लोगों को मुख्य सड़क पर आने जाने के लिए कच्ची सड़कों का सहारा लेकर जाना पड़ता था। इसलिए उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विधायक मेहता ने कहा कि पाकी विधानसभा क्षेत्र के एक एक ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों को निर्माण कर मुख्य सड़क से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर तंज कसते हुए कहा कि विकास के नाम पर क्षेत्र को लूटने का काम किया गया है। जो अब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में भी भाजपा की सरकार वर्तमान समय में होती तो पाकी विधानसभा क्षेत्र के तस्वीर ही कुछ और होती। इसलिए उन्होंने जनता को आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में दो दो चुनाव जनता को देखना है। इसमें लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में जनता सही से पार्टी का चयन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि ग्रामीण स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जा सके। लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार जनता को धोखा देकर सत्ता पर बने रहना चाहती है। जो अब जनता जान चुकी है आने वाले समय में जनता सरकार के एक-एक वादों का जवाब अपने मतों से देने वाली है। इस मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, निजी सहायक सरोज चटर्जी, पेंटर मेहता, चंदन सोनी, डब्ल्यू राय, सुधीर तिवारी, अजय मिश्रा, बबलू मेहता, गोल्डन पासवान, सुरेंद्र पासवान, राकेश कुमार वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जय श्री परशुराम के जयकारा से गूंज उठा पूरा शहर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा भव्य तरीके से निकाली गई। जिसकी खुबसुरती देखते ही बन रही थी। काफी संख्या में युवा वाहिनी के सदस्य भगवान परशुराम के भक्ति गीतों पर झुमते नजर आए। भगवान परशुराम के जयकारे के साथ शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था झुमते नजर आ रहे थे। शोभायात्रा में सबसे आगे उंट चल रहा था। इसके बाद बुलेट पर सवार लड़कियों का राइडर्स ग्रुप मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इसके बाद ब्राह्मण परिवार शंखनाद करते हुए चल रहे थे। इसके बाद क्रमबद्ध तरिके से भगवान परशुराम, बजरंग बली, श्री राम दरबार व महादेव शिव भगवान की जीवंत झांकी चल रही थी। वहीं डीजे बजाने के लिए पहल करने वाली युवा वाहिनी के शोभायात्रा में मधुरमय भक्ति जागरण का जीवंत प्रसारण किया जा रहा था। शोभायात्रा परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय रांची रोड रेड़मा निकाली गई थी। जो चंद्रशेखर आजाद चौक होते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पहुंची जहां से सुभाष चंद्र बोस चौक होते हुए बेलवाटीका के रास्ते से दो नंबर टाउन होते हुए रेड़मा युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय पर पहुंच कर समाप्त हूई। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने जय परशुराम समेत अन्य गगनभेदी नारे लगा रहे थे। जिस कारण शहर गुंजायमान हो चुका था। इस मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पांडेय,नीलू मिश्रा, छोटन उपाध्याय, अमीत उपाध्याय, आशीष भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, बिजू बाबा, राकेश पांडेय, सोनू मिश्रा, फोटू दूबे, रवि ओझा, चंदन तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, लल्लू पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, प्रवीण मिश्रा, सेठ चौबे, रोहित तिवारी, कृष्ण कांत चौबे समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

प्रखंड मुख्यालय व मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मुखिया सहित कई जनप्रतिनिधि हुए गोलबंद

लुंबा सतबहिनी पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

उंटारी रोड। जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत लुंबा सतबहिनी पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हाई लेवल मिटिंग की गई। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अरूण कुमार, मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह मुरमा खुर्द मुखिया रामबचन राम, लुंबा सतबहिनी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र शर्मा, जोगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामकृष्ण पाल, मुरमा कलां मुखिया प्रतिनिधि पारस कुमार, करकट्टा पंचायत के उपमुखिया दुर्गेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अशोक सिंह ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय व मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार बढ गया है। प्रखंड व अंचल कर्मी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं किसी भी काम में कमिशन का खेल चल रहा है। मनरेगा में लुट मची है। जिसे लेकर यह बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि प्रखंड मुख्यालय व मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई।

नक्सली सुमंत जी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ पलामू। रामगढ़ थाना पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत जी उर्फ सुमंत मोची उर्फ सुरेंद्र कुमार रवि पिता योगेंद्र राम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली लातेहार जिला अंतर्गत मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम अगरडीह मनधनिया का रहने वाला है। सुरेंद्र की गिरफ्तारी रामगढ़ थाना पुलिस और लातेहार मनिका थाना के स्थानीय पुलिस के सहयोग से नक्सली के घर से किया गया है। इसमें चैनपुर रामगढ़ इंस्पेक्टर तुलसीदास मुंडा और रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 28 जुलाई 2021 की रात कृष्णा मोची पिता हजारी राम ग्राम नावाडीह के घर घुसकर लेवी नहीं देने पर कृष्णा मोची को लाठी डंडा से काफी मारपीट किया था। अचानक सुबह 4:00 बजे के समय गोली चलने लगा जिसमें सुमंत जी उर्फ सुमंत मोची के बाएं पैर के जांघ में गोली लगने के कारण वह बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में पार्टी के लोग उसे उठाकर अपने साथ लातेहार के जंगल में ले गए और जंगल में रहकर इलाज कराया था।

राजा मेदिनी राय युवा मंच ने मनाया परशुराम जयंती

सतबरवा पलामू। राजा मेदिनी राय युवा मंच ने झारखण्ड प्रदेश के बैनर तले शनिवार को पूर्व जीप सदस्य चिन्ता देवी के आवास पर भगवान बिष्णु जी के छठे अवतार एवं न्याय के देवता भगवान परशुराम जयंती मनाया गया। मौके पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह अजजा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीय के दिन भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है। मां रेणुका के गर्भ से श्री परशुराम जी अवतरित हुए थे। भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं इस लिए इस दिन को चिरंजीवी तिथि के नाम से जाने जाते हैं। भगवान विष्णु का छठा अवतार परशुराम जी को कहा जाता है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य चिंता देवी, मनोज कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, गुड्डू कुमार सिंह, वकील सिंह गरीबा सिंह रबदा पंचायत के उप मुखिया उमेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार, विजय कुमार पाठक, विकास कुमार तिवारी, संदीप कुमार विपिन उपाध्याय एवं बिरेंद्र कुशवाहा ने भगवान परशुराम के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

बाईक व स्कूटी में टक्कर, एक कि स्थिति गम्भीर

हुसैनाबाद, पलामू। शहर के नगर जपला रेलवे ओवरब्रिज सड़क पुल पर बाइक सवार व स्कूटी सवार में टक्कर हो गयी, जिसमे चार लोग घायल हो गए। जिसमें एक बाईक चालक की स्थिति गम्भीर बताया गया हैं। घटना दोपहर की हैं। एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग मनाऊर अंसारी, फैजुल अंसारी के साथ एक युवक और थे जो एनटीपीसी बड़ेम बिहार से बियर लेकर नशे और स्टाइल में गाड़ी चला रहे थे। वहीं स्कूटी सवार चालक हुसैनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कामत सरोज कुमार बताया जो जपला से कामत की ओर जा थे। बाईक चालक की स्थिति को गम्भीर देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर किया। इधर घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

सेसा ने किया पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

मेदिनीनगर। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर सेसा संस्था द्वारा व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र, ग्राम भुसड़िया में एक चित्रांकन प्रतियोगिता एवं पर्यावरण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रकृति पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम आराध्या कुमारी (सेकेंडरी स्कूल), द्वितीय आदित्य कुमार तिवारी (एम के डीएवी स्कूल) एवं आर्यन सिंह जबकि तृतीय आकृति (एम के डी ए वी स्कूल) चुनी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्णिमा कुमारी, आराधना, पिंकी, पूनम, काजू, रूपांजलि, सुषमा, कविता, ज्योत्सना, ममता, माया, गीता, अंचल, मधु एवं सुनैना कुमारी ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पोखराहा पंचायत की मुखिया अलका कुमारी एवं ग्राम भुसड़िया के वार्ड पार्षद प्रतिमा देवी ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत की। कार्यक्रम का संचालन ज्योति टोप्पो जबकि अध्यक्षता सेसा के निदेशक डॉ जसवीर बग्गा और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संजय कुमार, देवाशीष सेनगुप्ता, अलबेता गिद्ध, अजय कुमार, लिविन गिद्ध, अजीत कुमार मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

सांस्कृतिक कार्यक्रम जख्मों को भर भाईचारगी पैदा करता है : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के पोखराहा ग्राम में नवयुवक संघ द्वारा चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके विशिष्ट अतिथि अविनाश देव को कमिटि के सदस्यों ने फूलमाला अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सामुहिक रूप से फीता काट कर दुगोला का उदघाटन किया गया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यह पोखरहा हमारी पैतृक जन्मभूमि है। यहां कि मिट्टी में हमने जन्म लिया और बड़ा हुआ हूं। पोखरहा के खेत खलिहान धिक्कारता है मेरा अन्न खाया है। हर एक गली गुच्चा याद दिलाता है। अपने पैरों से हमें मसला और गंदा किया है। मेरे पिता के आत्मा मेरी मां के रूह बेटा के घर लौटने का डबडबाई आंखों से बांह फैलाई प्रतीक्षा कर रही है। आप सबको भरोशा दिलाते हैं कि यदि आप सब का साथ रहा तो हम सब का पोखरहा गांव पलामू का मॉडल ग्राम होगा। और राष्ट्रपति पुरस्कृत करेंगे। क्योंकि हमारी आत्मा यहीं बस्ती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम इन तमाम जख्मो को भरते हुए आपसी प्रेम स्नेह सहयोग और भाईचारगी पैदा करता है।

अनुमंडल के सभी क्षेत्रों में मनी ईद

हुसैनाबाद,पलामू। एक माह से रमजान में रोजा व दुआ के अंतिम तारीख चांद रात के बाद शनिवार को अनुमण्डल के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में ईद का त्योहार हर्शोउल्लास के साथ मनाया गया लोगो ने एकता व भाई चारे के खुशनमे माहौल में एक दूसरे को गले लगकर बधाई दिया। शुक्रवार की शाम ईद का चांद नजर आने के बाद से ही खुषियां मनाने का दौर शुरू हो गयी थी। शनिवार की अहले सुबह से ही हुसैनाबाद दाता नगर मुख्य ईदगाह व हैदरनगर भाई बिगहा की बड़ी मस्जिद, हैदरनगर मस्जिद, कोसिआरा ईदगाह समेत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी ईदगाहों में नमाज अदा की गई इस मौके पर हुसैनाबाद में पूर्व विधायक संजय कुमार यादव व झामुमो नेता एजाज खान उर्फ छेदी खान, हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, जाकिर अली उर्फ राज अली, कांग्रेस के नेता धनंजय तिवारी समेत कई राजनीतिक व सामाजिक लोगो ने एकता व भाईचारे के प्रतीक एक दूसरे को गले लग कर बधाई दिया इसके बाद एक दूसरे के घरों में सेवई व पकवान का लुफ्त उठाया, इधर शहर के सभी ईदगाह व मस्जिदों के पास विधिव्यवस्था को पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये गए सुरक्षा की चाक चौबन्ध व्यवस्था थी अनुमण्डल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण व पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश ने भी लोगो को दिली मुबारवाद दिया।

सतबरवा के मस्जिदों में नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआएं

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा। शुक्रवार को ईद के चांद दिखते ही शनिवार को सतबरवा के जामा मस्जिद, ताहा मस्जिद के अलावा बारी, बकोरिया, करमा, मुक्ता, ताबर, सेहरा,धावाडीह, रेवारातू, चांपी गांवों के मस्जिदों के अलावा सदर प्रखंड क्षेत्र के झाबर, पोल पोल समेत अन्य कई गांवों में मौलाना के द्वारा ईद उल फितर का विशेष नमाज अदा करवाया गया। इस मौके पर सतबरवा के जामा मस्जिद के मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि अपना मुल्क अमन चैन के साथ साथ तरक्की करें यह दुआ अल्लाह ताला से की गई वही ताहा मस्जिद सतबरवा के मौलाना सरफराज आलम ने कहा कि इंसानियत तथा भाईचारा से ही अपना जीवन को सुख में बिताया जा सकता है। वही करमा गांव के मस्जिद के मौलाना मुफ्ती मौलाना गुफरान ने कहा कि अल्लाह ताला सबके रोजी रोजगार में बरकत दे ताकि क्षेत्र मुल्क के हर एक घरों में खुशियाली आए। इस मौके पर सतबरवा प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, सतबरवा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, मुखिया निरोतमा कुमारी, संतोष उरांव, मुखिया रीना साहू, मुखिया अर्चना कुमारी, अनीता देवी, मुखिया रिंकी देवी, डॉ अशोक राम, मो जुबेर खान, मो जुम्मन मियां, शमशाद आलम, मो अशफाक, आफताब आलम, आलमगीर आलम, बाबर खान मो पिंटू शाहनवाज खान, युगल राम समेत कई लोगों ने ईद की शुभकामनाएं दी है।

सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार व इंडियन रोटी बैंक के संयोजक दीपक तिवारी ने ईद की मुबारकबाद दी

मिन्हाज आलम

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के कई जगह पर जाकर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। वही इंडियन रोटी बैंक के संयोजक दीपक तिवारी ने भी मिलकर मुस्लिम समुदाय के लोग से गला मिलकर ईद की शुभकामना दी। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र हिंदू मुस्लिम का एकता का मिसाल रहा है दोनों समुदाय मिलकर हैं, शांतिपूर्ण ढंग से हर एक पर्व को मनाते हैं। सदर थाना प्रभारी द्वारा तेलिया बांध भीम गाड़ा भूसी पोखराहा कौड़िया मैं जाकर ईद का मुबारकबाद दिया इस मौके पर अभिमन्यु सिंह परवेज अंसारी एसआई संजीव कुमार कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

लौहनगरी में इस वर्ष सवा लाख पौधे लगायेगी टाटा कंपनी : चाणक्य चौधरी

जमशेदपुर प्रमुख ने की सोलर जल मीनार तथा चबूतरा का शिलान्यास

पोटका। जमशेदपुर प्रखंड के प्रमुख पाणी सोरेन ने केरुआडुंगरी पंचायत के धोड़ांगा में 15 वीं वित आयोग से दो योजनाओं का शिलान्यास किया। केरुआडुंगरी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य यमुना टुडू ने अपने निधि से दोनो योजनाओं के लिए अनुशंसा की थी। धोड़ांगा में 4.42 लाख से सोलर जल मीनार तथा 1.47 लाख से चबूतरा का निर्माण किया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख शिवकुमार हंसदा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य यमुना टुडू, केरुआडुंगरी पंचायत के मुखिया कानू मुर्मू, वार्ड सदस्य गोमती मुर्मू, सारथी हेंब्रम, लक्ष्मी हेंब्रम, लाभुक समिति अध्यक्ष जोबा बेसरा, सागर बेसरा, जैक टु डू, अहला हंसदा के अलावे महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

मारवाड़ी युवा मंच ने अक्षय तृतीया पर की गौ सेवा

जमशेदपुर। हिंदू धर्म में गाय को माता कहा गया है और सनातन धर्म में गाय धन, शक्ति, और मातृत्व का प्रतीक है, अतः गाय की सेवा एक पवित्र कार्य माना गया है। और इसी पवित्र कार्य को करने हेतु और गौ माता से आशीर्वाद एवं सौभाग्य की कामना हेतु, मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आनंद सबके लिए के अंतर्गत जुगसलाई गौशाला में गायों के मध्य करीब सौ किलो हरा चारा, सब्जी, एवन हरी घास को खिलाने का पुण्य प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के संयोजक मनीष चौधरी रहे। इस कार्यक्रम में मंच के विमल रिंगसिया, अध्यक्ष मोहित मुनका, सचिव सौरव संघालिया, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विष्णु गोयल, पंकज आगीवाल, अंकित मुनका, पंकज मुनका, मनीष शर्मा, अंकित अग्रवाल, नंदन जालुका, रूपेश, मेघा टीबरीवाल सुनीता रिंगसिया एवम अन्य सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

विश्व हिंदू परिषद की चांडिल में हुई बैठक

चांडिल। विश्व हिंदू परिषद सरायकेला खरसावां जिला की एक बैठक विवेकानंद केन्द्र हनुमान मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में हितचिंतक, धर्मरक्षा निधि एवं आगामी होने वाले कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा विपरीत परिस्थिति में भी सकारात्मक सोच रखकर कार्य करने वाला कार्यकर्ता के निर्माण से ही हम देश को सफल बना सकते हैं। बैठक में राजु चौधरी, संजय चौधरी, शीतल प्रजापत, जीवन लामा, उमाकान्त महतो, भरत पांडेय, सुब्रत सिंहदेव, रंजन झां, अरुण गोराई, रविन्द्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

टाटा वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेंबर अमनदीप ने किया एसडीपी दान

जमशेदपुर। रेड क्रॉस सोसाइटी के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की तत्परता से जहां 1 एसडीपी डोनेशन टाटा स्टील कर्मी एवं यूनियन कमिटी मेम्बर अमनदीप सिंह द्वारा किया गया, वहीं रेयर ग्रुप के दो रक्तदान भी उन्होंने उस ग्रुप की कमी के कारण करायें, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में कारगर साबित हुआ। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत रविकांत मिश्रा तथा संदीप कुमार सिंह ने रेयर ब्लड ग्रुप का रक्तदान किया। रक्तदान कार्य में जमशेदपुर ब्लड बैंक के वरीय चिकित्सक डॉ एल बी सिंह, महाप्रबंधक संजय चौधरी एवं सहयोगी तकनीशियनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रभुनाथ सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

जेल में बंद अभय सिंह से मिले सांसद विद्युत

जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो ने घाघीडीह स्थित सेंट्रल जेल में जाकर जेल में बंद भाजपा के नेता अभय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका कुशल क्षेम पूछा। इस क्रम में उन्होंने भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, एवं विहिप के नेता जनार्दन पांडे से भी मुलाकात की एवं वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। जेल से निकलने के पश्चात उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। इसे लेकर आम जनता से लेकर कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। मुलाकात करनेवालों में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, राजन सिंह के साथ सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर मिश्रा भी शामिल थे। इस दौरान उपस्थित रहने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता हरेंद्र सिंह, चितरंजन वर्मा, धनंजय उपाध्याय, अभय चौबे,चंचल चक्रवर्ती, ललन यादव आनंद शर्मा, सीता सिंह, मुरलीधर प्रसाद बरनवाल, वरुण सिंह, सहित अनेक लोग शामिल थे।

टाटा स्टील यूआईएसएल ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

पौधरोपण के बाद अपनी टीम के साथ कंपनी के चेयरमैन चाणक्य चौधरी और एमडी रितुराज सिन्हा। साथ में यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय।

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) ने पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत आज कदमा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस मौके पर करंज, पुत्रंजीव और बकुल प्रजाति के 300 से ज्यादा पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण अभियान कार्बन उत्सर्जन को कम करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा करने के उद्देश्य से टाटा स्टील यूआईएसएल की व्यापक पर्यावरणीय स्थिरता पहल का हिस्सा है। वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील के साथ रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल और प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने किया। इस अवसर पर रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष जेएसयू, कैप्टन धनंजय मिश्रा, वरिष्ठ जीएम टीएसयूआईएसएल और टीएसयूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी उपस्थित थी। वरिष्ठ नेतृत्व टीम ने भी विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाने में भाग लिया। चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह दिवस विश्व स्तर पर पेड़ लगाने और हमारे पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। पेड़ हमारे ग्रह की जैव विविधता, पारिस्थितिक तंत्र, जलवायु और संस्कृतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुझे विश्वास है कि जमशेदपुर में स्थानीय समुदाय इस तरह के प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस वर्ष पूरे जमशेदपुर में 1,25000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, रितु राज सिन्हा ने कहा, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हमारी कंपनी ने पर्यावरण और जल प्रबंधन सहित विभिन्न स्थिरता मापदंडों पर अपने लिए, उच्च मानक स्थापित किए हैं। हम अपने दृष्टिकोण के मूल में स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तथा पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित करते हैं। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि करंज एक मध्यम आकार का, तेजी से बढ़ने वाला सदाबहार एवं पर्णपाती पेड़ है जो आमतौर पर लगभग 8 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचता है, और 15 से 25 मीटर तक बढ़ सकता और फैल सकता है। पुत्रंजीव एक प्रसिद्ध, मध्यम आकार का सदाबहार पेड़ है जो 12 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ सकता है। इसमें गहरे भूरे रंग की छाल के साथ लटकी हुई शाखाएं होती हैं जिनमें क्षैतिज दालें होती हैं, और बकुल एक सदाबहार पेड़ है जो एक अच्छी तरह से परिभाषित, घने, गोल चंदवा के साथ लगभग 16 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकता है।

धूमधाम और भाईचारगी से मनायी गयी ईद

ईद की नमाज के दौरान देश में शांति, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी गयी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जुगसलाई ईदगाह मैदान में नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग। खुशियां मनाते बच्चे। धातकीडीह ईदगाह मैदान में नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

जमशेदपुर। शनिवार को ईद उल फितर धूमधाम से जमशेदपुर में मनाया गया शहर के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों एवं ईदगाहों में ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिले और ईद उल फितर की बधाई दी। मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के महीने में रोजा रख कर के अल्लाह ताला की इबादत की अपने गुनाहों से तौबा करते हुए अल्लाह ताला से माफी मांगी और अपने और परिवार के साथ मूल के आम आवाम की सलामती के लिए इबादत की।

ईद की नमाज अदा होते ही शहरवासी ईद की खुशियों में सराबोर हो गए। बच्चे से लेकर जवान बूढ़े सभी लोग एक दूसरे के गले मिले और ईद की बधाइयां दीं। इसके साथ ही ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के घरों में मेहमान नवाजी का सिलसिला भी शुरू हो गया। लोग अपने घर आए मेहमानों की खिदमत में दिनभर जुटे रहे। मेहमानों को मीठी सेवइयां एवं अन्य व्यंजनों को परोसा गया।

ईद की नमाज एवं पर्व में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए प्रशासन में सभी संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बलों की तैनाती की थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों के यहां सेवईयां खाने दूसरे समुदाय के लोग भी पहुंचे,और एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी।

हनीफ के डूबते ही मुंशी मोहल्ला में छाया मातम

जमशेदपुर। मानगो मुंशी मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय हनीफ जीशान की स्वर्णरेखा नदी में स्नान करने के दौरान आज डूबने से मौत हो गई।

हनीफ जिशान की मौत सूचना मिलते ही ईद की खुशियों में डूबे हुए घरवालों पर मानो बिजली गिर गई। पूरा आस-पड़ोस मातम में डूब गया। बता दें कि घटना के बाद जीशान के शव को निकालकर मछुआरे उसे एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने जांच के पास उसे मृत घोषित कर दिया।

परिवार के लोगों ने बताया कि हनीफ अपने दोस्त के शेख फरहान के साथ घूमने के लिए निकला हुआ था। इसीलिए वह जब वह साकची स्वर्णरेखा नदी के पास पहुंचा तब उसे स्नान करने का मन किया और नदी में उतर गया। स्नान करने के दौरान हुआ बीच में ही डूबने लगा।

उसे बचाने के लिए उसका दोस्त फरहान नदी में उतरा तो वह भी डूबने लगा। इस बीच डूब रहे दोनों दोस्तों के बीच पर मछुआरों की नजर पड़ी और दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों को लेकर भी अस्पताल पहुंचे किन्तु डॉक्टरों ने हनीफ को मृत घोषित कर दिया।

आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष ललित सिंह का निधन, अंत्येष्टि संपन्न

जमशेदपुर। आजसू पार्टी के अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष ललित सिंह का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गई वे लंबे समय से बिमार चल रहे थे कल शाम उन्होंने अंतिम साँस ली। आज उनके शव यात्रा में गोविंदपुर उनके आवास से हजारों की संख्या में लोग मानगो घाट पहुंचे। सर्व प्रथम उनके आवास पर जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, दीपक अग्रवाल, अशोक मंडल, अरूप मल्लिक एवं जितेन्द्र सिंह ने पार्टी का झंडा ओढ़ाकर श्रद्धांजली दी। इस शव यात्रा में पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, रविशंकर मौर्य, संजय मालाकार, दीपक अग्रवाल, अशोक मंडल, संजय सिंह, अरूप मल्लिक, प्रवीण प्रसाद, संतोष सिंह, सुधीर सिंह शैलेंद्र सिन्हा, प्रकाश विश्वकर्मा, धर्मवीर सिंह, मंजीत यादव, संतोष सिंह, शंभू शरण, रामाशीष सिंह, उत्तम विश्वकर्मा, संगीता कुमारी इत्यादि शामिल हुए।

टेल्को गुरुद्वारा की नयी कार्यकारिणी गठित रामकिशन सिंह व गुरमीत सिंह तोते चेयरमैन बने

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गुरुद्वारा नानकसर टेल्को की नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है और इसमें सरदार रामकिशन सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार बलकार सिंह एवं सरदार अजीत सिंह चेयरमैन बनाए गए हैं वहीं पूर्व प्रधान एवं तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह एवं पूर्व प्रधान सरदार हरनेक सिंह को सलाहकार के तौर पर रखा गया है। शनिवार को नए प्रधान बलविंदर सिंह ने आम सभा बुलाई और उसमें अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखदेव सिंह ग्रेवाल एवं हीरा सिंह वरीय उपाध्यक्ष तथा कुलदीप सिंह बिरसानगर अवतार सिंह संधू एवं संतोष सिंह पन्नू उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। महासचिव गुरुशरण सिंह पूर्व में ही चुने जा चुके हैं और कमलजीत सिंह नामदा बस्ती, राजेंद्र सिंह खडंगाझाड़ और देवेंद्र सिंह आजाद मार्केट संयुक्त महासचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे और राजेंद्र सिंह टुक पार्क, कल बिंदर सिंह और जसपाल सिंह सचिव का ओहदा संभालेंगे। कैशियर की जिम्मेदारी कुलवंत सिंह और ऑडिटर सुखदेव सिंह खालसा होंगे। बलबीर सिंह रॉक गार्डन कार्यालय सचिव तथा गुरमीत सिंह अजीत सिंह एवं बलकार सिंह स्टेज का संचालन करेंगे। बाजार क्रय समिति में कुलदीप सिंह, अवतार सिंह संधू, कुलदीप सिंह, जगजीत सिंह संधू एवं जगजीत सिंह टेंट हाउस लंगर कमेटी जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सुखदेव सिंह ग्रेवाल, जसपाल सिंह, कमलजीत सिंह को दी गई है। हीरा सिंह को मेंटेनेंस एवं सुखदेव सिंह तथा रामकिशन सिंह को डेवलपमेंट कमेटी में भी रखा गया है। जोड़ाघर की सेवा लखविंदर सिंह को दी गई है। चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते के अनुसार गुरु महाराज की टेल्को की कमेटी एवं संगत पर अपार बख्शीश है और यहां पर सारा कार्य मिलजुल कर सेवा भावना के साथ होता है और यहां पद कोई मायने नहीं रखता है।

पुर्तगाल की टीम जमशेदपुर के वेस्ट ट्रिटमेंट के दौरान आने वाले दुर्गन्ध को दूर करेगी

टाटा स्टील यूआइएसएल और अल्टो मिन्हो शहर के बीच हुआ एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा के साथ पुर्तगाल की टीम।

जमशेदपुर। पुर्तगाल में ऑल्टो मिन्हो के एक 3-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 18 से 21 अप्रैल, 2023 तक जमशेदपुर का दौरा किया। यह यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित आईयूआरसी कार्यक्रम के तहत ऑल्टो मिन्हो और जमशेदपुर के बीच चल रहे सहयोग का एक हिस्सा था, जहां दोनों शहरों ने परस्पर सहयोग करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और लोक प्रशासन के सिद्धांतों सहित शहरी सेवाओं के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम अभ्यासों का आदान-प्रदान करना शामिल था।

इस समूह में कॉन्स्टेंटिनो अजेवेडो, सैंड्रा एस्टेवेस और सेलेस्टिना ओलिवेरा डी बारोस शामिल थे। दौरे के पहले दिन, पुर्तगाली समूह ने कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील की टीम से मुलाकात की जिसमें प्रणय सिन्हा, वरुण बजाज और वैभव गुप्ता के साथ टीएसयूआइएसएल के एमडी ऋतुराज सिन्हा और उनकी टीम में संजीव झा और मनोज शेखावत शामिल थे। दोनों टीमों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन, जल, अपशिष्ट जल आदि पर विशेष ध्यान देने के साथ विभिन्न नगर प्रबंधन अभ्यासों आदि का आदान-प्रदान किया।

विश्व पृथ्वी दिवस पर आगाज ने किया सकोरा का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर आगाज संस्था द्वारा साकची में सकोरा का वितरण किया गया। सकोरा वितरण में मुख्य रूप से पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी उपस्थित हुवे। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि मानव विकास का अगर एक अर्थ समझादारी भी है तो पर्यावरण व जीव जंतुओं के साथ संतुलन और समन्वय बना कर सबका सर्वांगीण विकास करना उसका सबसे उत्तम उदाहरण होगा। आगाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए आगाज संस्था द्वारा साकची स्थित मेडी केफे से सकोरा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की ताकि लोग अपने घर की छतों पर या दूसरे सार्वजनिक स्थानों पर पंछियों के लिये इस प्रचंड गर्मी में पानी रखें। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार गोस्वामी, कार्यक्रम के प्रभारी धवल सेठ, सत्प्रीत सिंह, पूर्णेन्दु पात्रा, हरविंदर सिंह, पवन कुमार, परमिंदर सिंह गोल्डी,राजवीर भाटिया, सूर्या राव, सुखवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

लौहनगरी मे आत्महत्याओं की संख्या मे हो रही वृद्धि पर डॉ राम एवं डॉ जैन ने जताई चिंता

आत्महत्याओं को रोकने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी

नहीं करें छोटी-छोटी मानसिक परेशानियो को नजर अंदाज

जीवन — हमेशा आपके साथ — आत्महत्या निवारण केन्द्र

उन्होंने यह भी कहा कि छोटी-छोटी मानसिक परेशानियो को नजर अंदाज करने पर ही आगे चलकर वो आत्महत्या के लिए प्रेरित करती है। एक व्यक्ति तभी स्वस्थ्य कहलाता है, जब वो शारीरिक और मानसिक दोनो रूप से स्वस्थ हो। मानसिक विकार मन तथा मष्तिष्क से जुडा है, जो कि शरीर के ही अंग है। शरीर के अन्य अंगो की तरह उनका भी सही समय पर सही दिशा मे इलाज करवाना अति आवश्यक है। इस बात की चिन्ता बिल्कुल ना करे कि अगर आप किसी मनोचिकित्सक/काउंसलर/जीवन के वालंटियर के पास निदान के लिए जाते तो पागल करार दिए जाएंगे। जब जान जाती रहेगी, तो उनमें से कोई भी सहायक नहीं होगे। ध्यान में रहे कि कोई व्यक्ति मरना नहीं चाहता।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लौहनगरी मे आत्महत्याओ की संख्या मे हो रही असाधारण वृद्धि को लेकर आत्महत्या निवारण केंद्र जीवन संस्था जमशेदपुर के संस्थापक डॉक्टर महावीर राम और निदेशक डॉक्टर जीवराज जैन ने गहरी चिन्ता व्यक्त की है। 2023 साल के प्रारम्भ तीन महीनो मे 35 आत्महत्या हुई, जो पिछले वर्ष के समान अवधि से कम है। लेकिन अप्रैल माह मे अब तक करीब हर दो दिनो मे एक आत्महत्या हो रही है। यह बहुत ही चिन्ता का विषय है। जिस पर जीवन संस्था की टीम द्वारा गहन चिंतन किया गया। इस जघन्य महामारी के निवारण के उपायो पर चर्चा हुई। डा. राम और डा. जैन ने बताया कि जीवन लगातार स्कूलो मे वर्कशाप करती आ रही है। कोरोना काल मे भी वर्कशाप किए गए। जिसका साकारात्मक प्रभाव दृष्टिगोचर हुआ। पिछले तीन माह मे बच्चो द्वारा किये गये चार आत्महत्याओ का संबंध एक्जाम के तनाव या दुष्चिन्ता से नही जुडा हुआ था। इसका प्रभावी निवारण तभी सम्भवत है, जब समाज के हर वर्ग के लोग अपने-अपने स्तर पर इसे अपना सामाजिक दायित्व समझकर सहयोग प्रदान करना आगे आए। अगर किसी एक की भी जान बचाई जा सकती तो बहुत ही सराहनीय कार्य माना जायगा। यह एक बहुत बडी सामाजिक सेवा होगी, जिसमे कुछ भी व्यय निहित नही है। सिर्फ जीवन से सम्पर्क करवाना है। हमारी भावनात्मक सहयोग की सेवा भी बिल्कुल मुफ्त तथा गोपनीय है। एक बात की गारंटी है कि हमारे वालंटियर से भावात्मक सहयोग प्राप्त कर आप अवश्य तनावमुक्त तथा साकारात्मक महसूस करेंगे। जीवन संस्था की सेवाए 365 दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिष्टुपुर कार्यालय में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। इस 9297777499/9297777500 नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने आम जनता से आत्महत्या निवारण के इस महायज्ञ मे सहभागी बनने का अनुरोध करते हुए कहा है कि यदि आपके आस-पास किसी भी व्यक्ति के आचरण से यह अभास होने लगे कि वो मानसिक रूप से परेशान हैं, तो कृपया उन्हे जीवन संस्था से सम्पर्क करने के लिए प्रेरित करे।

खबर एक नजर में

ऑडिट ट्रेल सभी कंपनियों के लिए अनिवार्य रखना होगा पूरा रिकॉर्ड : दिवेश गोयल

जमशेदपुर। शनिवार को सी संस्थान आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) की जमशेदपुर शाखा द्वारा गैर-अनुपालन को हटाना, समय की मांग और ऑडिट ट्रेल से संबंधित विषय पर सेमिनार का आयोजन बिष्णुपुर स्थित सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स की सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दिल्ली से आये मुख्य वक्ता सीएस दिवेश गोयल ने संबंधित विषय पर बारीकी से बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में गैर अनुपालन की हमारे अकाउंटिंग और ऑडिटिंग सिस्टम में कोई जगह नहीं है। गैर अनुपालन करने वाली कंपनी के ऊपर बहुत सख्त करवाई की जा रही है। उन्होंने बताया की सरकार ने 01 अप्रैल 2023 से सारी कंपनी के लिए ऑडिट ट्रेल मैंडेटरी कर दिया है। इसमें सारी कंपनी को अपने खाते में हुए परिवर्तन का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को ऑडिट करते समय इसकी समीक्षा करनी होगी। इस अवसर पर विशेष आमंत्रण पर आईसीएआई की रीजनल काउंसिल सदस्य रांची से आई सीए मनीषा बियानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इससे पहले अतिथियों द्वारा सेमिनार का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सीए मनीष मुनका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा सेक्रेटरी सीए सिद्धार्थ खंडेलवाल ने किया। चेयर पर्सन सीए अंकिता अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। अंत में सीए अमित अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस सेमिनार का लाभ शहर के 100 से अधिक सीए ने लिया। इसे सफल बनाने में सीए अंकिता अग्रवाल, सीए सुगम सरायवाला, सीए पंकज शिंगारी, सीए योगेश शर्मा, सीए सिद्धार्थ खंडेलवाल, सीए प्रभात सेकेरिया, सीए रमेश अग्रवाल, सीए श्वेता खेतान, सीए पी एन शंगारी, सीए विशाखा अग्रवाल, सीए आनंद अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

नया ड्राइविंग लाइसेंस, लाइसेंस रिन्यूअल, टैक्स भुगतान के लिए डीटीओ ऑफिस का कैंप आज से

जमशेदपुर। नया ड्राइविंग लाइसेंस बनाना हो या पुराने का रिन्यूअल कराना, साथ ही टैक्स जमा करने में कोई समस्या आ रही हो तो जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आगामी 23 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित किये जाने वाले कैम्प में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के आदेशानुसार चालभूम अनुमंडल अंतर्गत सहरी क्षेत्र में 4 स्थान तथा घाटशिला अनुमंडल में 1 स्थान पर यह शिविर आयोजित होने जा रहा। जनसाधारण से अपील है कि बड़ी संख्या में कैम्प में शामिल होते हुए अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं तथा कैम्प को सफल बनायें।

कैम्प की तिथि एवं स्थान निम्नवत हैं–

1. 23 एवं 24 अप्रैल– मानगो नगर निगम कार्यालय
2. 25 एवं 26 अप्रैल– मिनी बस स्टैंड, साक्ची
3. 27 एवं 28 अप्रैल– जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय
4. 29 एवं 30 अप्रैल– घाटशिला अनुमंडल कार्यालय
5. 01 एवं 02 मई– सिदगोड़ा टाउन हॉल।

अक्षय तृतीया पर हरहरगुट् में अति उत्तम त्रिशक्ति शीला की हुई विशेष पूजा

जमशेदपुर। शहर की धार्मिक संस्था अतिउत्तम शक्ति परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शनिवार 22 अप्रैल को विश्व शांति और भक्तों की सुख, समृद्धि के लिए हरहरगुट्टू स्थित अतिउत्तम शक्ति दरबार में अति उत्तम त्रिशक्ति शीला (जिसमें तीनो शक्तियों का समावेश है), भगवान शिव जी, मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की विशेष पूजा की गयी। संस्था के संस्थापक भक्त राजा सूर्य देव उत्तम परम हंस जी की देखरेख में चार पंडितों ने विधिवत रूप से पूजा करायी। इस वर्ष जगन्नाथ पूरी और बद्रीनारायण के रूप में चार धाम, स्थानीय नादियों का जल पंचद्रव्य और 36 प्रकार के फलो के रसो से रुद्राभिषेक पूजा की गयी। उसी फलो के रसो को पंचामृत के रूप में भक्तो के बीच वितरण किया गया। भक्त राजा सूर्य देव उत्तम परम हंस ने उपस्थित भक्तों को बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना करने से साधक के सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। ब्रम्हा, विष्णु, महेश, ब्राह्मणी, रुद्राणी, कमला रानी सर्व शक्ति, महा शक्ति, अति उत्तम शक्ति रूप हैं। आज के इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में भक्त राजा सूर्य देव उत्तम परम हंस, माता कौशल्या, सूर्यवंशी, दिव्यांशी, संजय, रामदीप राम, मनोज, संतोष, आरती, सुशांत नोना, राजेश, लड्डू, सुनील, रूस्तम आदि का योगदान रहा।

शिव शक्ति परिवार ने साकची में लगाया सेवा शिविर

जमशेदपुर। श्री शिव शक्ति परिवार ने भूखे को अन्न व प्यासे को पानी के निमित्त अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आई हॉस्पिटल,साकची के पास एक सेवा शिविर और साथ ही हिन्द आश्रम बामामोड़ में एक नारायण भोज का आयोजन किया। एक ओर जहाँ साकची शिविर में भक्तों के लिए शीतल जल व शरबत आदि कि व्यवस्था थी और साथ ही बच्चों के लिए चॉकलेट और बिस्कुट की भी व्यवस्था नि:शुल्क की गई थी वहीं दूसरी ओर हिन्द आश्रम में समस्त गांव वाले के लिए नारायण भोज और मिष्ठान तथा बच्चों के लिए बिस्कुट व चॉकलेट की भी व्यवस्था थी। सेवा को सफल बनाने में दिनेश कुमार, रवि प्रकाश,सुरेश कुमार,अविजीत सेन,कैलाशी बबलू शर्मा,डब्लू साह, संगीता देवी,अभिजीत घोष,उमेश मण्डल,रमेश शर्मा,हरि शंकर तिवारी, विजय शर्मा कैलाशी,महेश केशरी,राकेश कु वर्मा, सत्येन्द्र शर्मा,कैलाशी मीना, रजनी सिंह, कंचन देवी,सुषमा देवी,रेणु देवी, कंचन ठाकुर, सीमा देवी,नरेश, सुमित, संजीव,राजेश भोजपुरिया,आदि भक्तों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

यूनीचार्म ने ईद के मौके पर लगाया सेवा शिविर, बांटे खजूर और पानी

जमशेदपुर। यूनीचार्म मेमी पोको द्वारा ईद के मौके पर साकची आमबगान में सेवा शिविर का आयोजन किया गया जहां हजारों लोगों के बीच खजूर का पैकेट और पानी का वितरण किया गया। यूनिचर्म हर पर्व त्योहार में अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने हेतु इस तरह के सेवा शिविर का आयोजन लगातार करते रहते है। कार्यक्रम आशीष अमन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मौके पर मौजूद संदीप सिंह राजपूत, राजीव, विकास, सौरव, बप्पी, मिथलेश, धर्म व अन्य शामिल थे।

स्लैग रोड भालुबासा में स्ट्रीट लाइट चालू किया जाए : पवन

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल ने जुस्को के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर जनहित की समस्या से अवगत कराया। भालुबासा स्लैग रोड में जुस्को द्वारा आमजनता की सुविधा हेतु स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। इस सड़क के अगल बगल हरिजन बस्ती तथा ब्रिज बिहारी बगान है। परन्तु काफी दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। सम्बंधित विभाग में शिकायत के बाद भी कोई कारवाई नहीं हुई। यह सड़क मानगो,गंगोत्री,गौतम बिहार प्लेट, नीतिबाग कॉलोनी,पटेल नगर,कल्याण नगर के लोगो के लिए लाइफ लाइन है। साथ टाटा स्टील से आने वाले भारी वाहनों का परिचालन भी इसी मार्ग से होता है। अँधेरे के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण विशेषकर महिलाओं को काफी असुविधा हो रही है। हाल के दिनों में अंधेरे के कारण छिनतई की भी घटनाये होने लगी है। पवन ने पत्र के माध्यम से जनहित से जुड़ी इस गंभीर समस्या के प्रथमिकता के आधार पर समाधान की मांग की।

पृथ्वी की सेहत की चिंता कौन करेगा?

समय संवाद

पृथ्वी दिवस पहले प्रतिवर्ष दो बार 21 मार्च तथा 22 अप्रैल को मनाया जाता था लेकिन वर्ष 1970 से यह दिवस 22 अप्रैल को ही मनाया जाना तय किया गया। 21 मार्च को पृथ्वी दिवस केवल उत्तरी गोलार्द्ध के वसंत तथा दक्षिणी गोलार्द्ध के पतझड़ के प्रतीक स्वरूप ही मनाया जाता रहा है। 21 मार्च को मनाए जाने वाले पृथ्वी दिवसद्ध को हालांकि संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्त है लेकिन उसका केवल वैज्ञानिक व पर्यावरणीय महत्व ही है संयुक्त राष्ट्र में पृथ्वी दिवस को प्रतिवर्ष मार्च एक्विनोक्स (वर्ष का वह समय, जब दिन और रात बराबर होते हैं) पर मनाया जाता है और यह दिन प्रायः 21 मार्च ही होता है। इस परम्परा की स्थापना शांति कार्यकर्ता जॉन मक्कोनेल द्वारा की गई थी।

- योगेश कुमार गोयल

तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों के कारण आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की भयावह समस्या से त्रस्त है। पिछले साल कोरोना महामारी के चलते दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में लगे लॉकडाउन के दौर में थम गई मानवीय गतिविधियों के कारण यह दिवस ऐसे समय में मनाया गया था, जब दुनियाभर के लोगों को पहली बार पृथ्वी को काफी हद तक साफ-सुथरी और प्रदूषण रहित देखने का सुअवसर मिला था। हालांकि कोरोना संकट के चलते लगाए गए लॉकडान के कारण पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण को लेकर सोचने का बेहतरीन अवसर मिला था, जिससे दुनियाभर के तमाम देश एकजुट होकर ऐसी योजनाओं पर विचार सकें, जिनसे पर्यावरण संरक्षण में अपेक्षित मदद मिल सके लेकिन विड़म्बना देखिये कि लॉकडाउन हटते ही धरती की हालत धीरे-धीरे हर जगह पूर्ववत बदतर होती गई। प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। अगर हम वास्तव में पृथ्वी को खुशहाल देखना चाहते हैं तो यही पृथ्वी दिवस प्रतिदिन मनाए जाने की आवश्यकता है।

वैश्विक स्तर पर लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए 22 अप्रैल 1970 को पहली बार पृथ्वी दिवस वृहद् स्तर पर मनाया गया था। तभी से हर साल 22 अप्रैल को यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। हालांकि पृथ्वी दिवस को मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि धरती की सुरक्षा के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। हमें बखूबी समझ लेना होगा कि अगर पृथ्वी का तापमान साल दर साल इसी प्रकार बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है और वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी जलवायु परिवर्तन में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता है।

पृथ्वी पर बढ़ते दबाव का एक महत्वपूर्ण कारण बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि भी है। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर करीब 7.8 अरब हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसीलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण की सेहत पर जो प्रहार हो रहा है, उसी का परिणाम है कि धरती अब धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है।

करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, वहीं अब मार्च महीने में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है।

सब मम प्रिये, सब मम उपजाए

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

आप ईश्वर की आस्था में है तो आपको सब कुछ अपना लगेगा। राम ने जिस प्रकार रावण को सुधारने का प्रयास किया, उसे बार-बार अवसर दिया। राम को इसलिये भगवान माना गया क्योंकि वे अपने विरोधी और सीता हरण करने वाले रावण पर भी दया का भाव रखते हैं। रावण के मृत्यु के पहले राम ने लक्ष्मण को यह कहते हुए रावण के पास भेजा कि रावण से कुछ ज्ञान प्राप्त कर लो। अंगद को राम ने रावण के पास भेजा कि रावण समझ पाये कि उसने जो किया है उससे उसका उसके पूरे प्रकरण का नाश हो सकता है।

राम ने रावण को अयोध्या का राजा बनाने तक की बात की। युद्ध के क्रम में जब मेघनाथ मारा गया तब उसकी पत्नी सुलोचना ने मंदोदरी से पूछा कि मेरे स्त्रीत्व ओर तप लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला से किस प्रकार कम थे कि मेरे पति युद्ध भूमि में वीरगति को प्राप्त हुए। तब मंदोदरी ने कहा कि ने मेघनाथ कमजोर नहीं था उस जैसा बलशाली इस धरा पर नहीं था लेकिन उसका पक्ष कमजोर था। वह अधर्म के साथ खड़ा था। राम सत्य और धर्म के साथ है। सत्यमेव जयते। सुलोचना ने कहा कि उसे उसके पति का वह सर चाहिए जो युद्ध के क्रम बाण से कटकर किला के बाहर राम के शिविर में चला गया है। वह उस सिर के बिना किस प्रकार सती हो सकती है। वह खुद राम के पास जाना चाहती है। मंदोदरी ने कहा कि इसके लिये रावण की अनुमति लेनी होगी। सुलोचना रावण के पास पहुंची और कहा कि उसे पति का सिर चाहिए वह राम से जाकर मांगना चाहती है। रावण को संशय हो गया। उसने कहा कि क्या लगता है कि राम तुमको मेघनाथ का सिर वापस कर देगा। सुलोचना ने कहा कि जो सुना है जो समझा है उसके अनुसार राम दया के सागर है,राम कृपा निधान है वह इस विधवा की पीड़ा को समझेंगे।

सुलोचना पालकी में बैठकर रात की बेला में राम के शिविर को चली। पालकी आता देखा शिविर के गुप्तचरों को संशय हुआ कि रावण पुत्र की मौत के बाद युद्ध समाप्त करने की बात लेकर आ रहा है। तब अंगद समेत सभी वीरों ने सवाल किया कि महाराज अगर रावण आकर आत्मसर्मपण कर देगा तब क्या होगा? आपने विभीषण को लंका नरेश घोषित कर दिया है। तब राम ने सहज भाव से कहा कि अगर रावण युद्ध त्याग सीता को हमारे हवाले कर देता है तो हम उसे अवधेश बना देंगे। अयोध्या का राजा बना देंगे।

राम का यह भाव ही उन्हें भारतीय संस्कृति का सर्वोत्तम पुरुष बना देता है। लेकिन जब पालकी से सुलोचना उतरी और राम के सामने पहुंची तो राम ने कहा कि आपके पति के मारे जाने का पाप मुझसे हुआ है। अगर मेरे जीवन के संपूर्ण पुण्य देकर भी आपके पति जीवित हो सकते हैं तो मैं इसके लिये तैयार हूं। सुलोचना ने कहा कि जैसा सुना था वैसा पाया। भगवान आपके हाथ से प्राण गंवाकर पति ने जो स्थान पाया उससे मैं और कुछ दूसरा नहीं चाहती। मैं पत्नी धर्म निभाने के लिये सती होने हेतू अपने पति का सिर चाहती हूं। राम ने तुरंत सम्मान मेघनाथ का सिर वापस कराया। सुलोचना ने कहा हे राम, सब लोग जपेंगे नाम तेरा।

जिसके मन में सबसे लिये अपार प्रेम है। वहीं राम है।

प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है। इसे अक्सर हम अपने खाने में भूल जाते हैं। नतीजा यह कि हमारे अंगों को काम करने में परेशानी होने लगती है। प्रोटीन के हमारे शरीर में कई काम है- जैसे हार्मोन और एंजाइम बनाना, मसल्स, हड्डियां, त्वचा, बाल और मस्तिष्क को सही रखना। समस्या शुरू होने पर भी हम यह अंदाजा नहीं लगा पाते कि हमारे शरीर में प्रोटीन का स्तर कम हो गया है। हमारा शरीर संकेत देता है, पर हम समझ नहीं पाते। इसका एक उदाहरण है- वजन बढ़ना। जब हमारा वजन बढ़ता है, तो हम भरसक कोशिश करते हैं इसे कम करने की। बिना इस बात को जाने कि हमारे शरीर में प्रोटीन का स्तर है क्या?

शरीर में प्रोटीन का कम स्तर वजन बढ़ा कर पाचन क्रिया कम कर देता है। हम किसी भी काम पर ध्यान नहीं दे पाते और हर पल थकान महसूस करते हैं। इस बात के लिए हम ज्यादा काम को दोषी ठहराते हैं, मगर वजह कुछ और ही होती है। शरीर में प्रोटीन की कमी स्वास्थ्य संबंधी समस्या खड़ी कर सकती है। प्रोटीन की कमी शरीर को लो ब्लड शुगर स्तर और मोटापा संबंधित बीमारी दे सकती है।

शरीर में प्रोटीन की कम मात्रा हमें खाने के प्रति ज्यादा आकर्षित करती है। प्रोटीन की कमी हमें अनहेल्दी फूड और कुपोषित खाने के प्रति आकर्षित करती है। इससे भोजन में शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जिससे मोटापा बढ़ता है। कैंडीज, चॉकलेट, पास्ता, चिप्स, शीतल पेय आदि ऐसे भोजन में शामिल होते हैं। अगर आप भी इन खानों की तरफ खिंचे चले जाते हैं, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी है। प्रोटीन की कमी से जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द होता है। जोड़ों में मौजूद सिनोवियल तरल पदार्थ प्रोटीन से बना होता है। यह तरल पदार्थ जोड़ों को लचीला बनाता है और मांसपेशियों को दुबारा बनाने में मदद करता है। प्रोटीन की कमी के कारण यह तरल पदार्थ कम बनता है जिससे मासंपेशियों और जोड़ों में दर्द होता है।

प्रोटीन की कमी से शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कम हो जाता है जिससे स्वभाव में फर्क पड़ता रहता है। चिड़चिड़ापन और मानसिक तनाव हमारी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। शरीर में शुगर लेवल की कम मात्रा हमारे शरीर को थका सा महसूस कराता है। हमारा शरीर मानसिक और शारीरिक थकान का मुकाबला करने में असहाय महसूस करता है। किसी भी काम में ध्यान नहीं लग पाता।

आपको कितना आयकर देना है?

अजय दीप वाधवा

आयकर का नई कर व्यवस्था इस वर्ष फरवरी में पेश किए गए बजट 2023 में वित्त मंत्री ने टैक्स व्यवस्था में बदलाव किया और अप्रैल 2023 माह से नई टैक्स प्रणाली (रिजाइम) को ही मुख्य कर प्रणाली बनाने की घोषणा की थी। इसके तहत 3 लाख रुपये तक की सालाना कमाई वाले टैक्सपेयर्स को टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है, अर्थात उसे कोई आय कर नहीं देना होगा; जबकि 15 लाख रुपये तक सालाना कमाई वाले करदाताओं को नई कर व्यवस्था 2023 का चुनाव करने पर सीधे 37,500 रुपये की बचत होगी। मिडिल क्लास को राहत देते हुए बजट 2023 में वित्त मंत्री ने नई कर व्यवस्था को रिवाइज करते हुए टैक्स स्लैब की संख्या को घटाकर 5 कर दिया और टैक्स रेट्स में भी बदलाव किया।

रिवाइज नई कर व्यवस्था 2023 में टैक्स रेट्स इस प्रकार हैं_

0-3 लाख आय पर शून्य कर,

3-6 लाख आय पर 5% आय कर,

6-9 लाख आय पर 10%,

9-12 लाख आया पर 15%,

12-15 लाख आय पर 20%,

15 लाख से अधिक आय पर 30%.

नई कर व्यवस्था को रिवाइज करने से पहले सालाना 15,00,000 लाख रुपये की कमाई करने वाले टैक्सपेयर्स को अनुमानता 1,87,500 रुपये टैक्स देना होता था, लेकिन, रिवाइज नई कर व्यवस्था 2023 के बाद अब टैक्सपेयर्स को केवल 1,50,000 रुपये टैक्स देना होगा। इसका मतलब है कि अब टैक्सपेयर्स को सीधे 37,500 रुपये की बचत हो सकती है। इसी तरह 9,00,000 रुपये की सालाना आय वालों को केवल 45 हजार रुपए टैक्स देना होगा जो की उसकी आय का केवल 5 प्रतिशत है। रिवाइज नई टैक्स व्यवस्था के अनुसार इससे पहले तक 5,00,000 रुपये तक की सालाना आय पर कोई भी टैक्स नहीं देना होता था, लेकिन, अब यह सीमा बढ़ाकर 7,00,000 रुपये कर दी गई है।

वेतन भोगी वर्ग अपने वेतन से स्टैंडर्ड डिडक्शन का फायदा भी नई व्यवस्था में उठा सकेंगे। रिवाइज नई टैक्स व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन 50,000 रुपये होगा, जो पहले शून्य होता था।

पहले ओल्ड टैक्स व्यवस्था चुनने का विकल्प मौजूद था पर अब यह साफ किया गया है कि रिवाइज नई आयकर व्यवस्था को डिफॉल्ट टैक्स व्यवस्था रखा गया है, पर टैक्सपेयर्स ओल्ड टैक्स व्यवस्था का विकल्प भी चुन सकते हैं।

(लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट एवम कर विशेषज्ञ, रांची)

अदृश्य हमले से हारती दुनिया

कमलेश कमल



आज संपूर्ण मानवजाति एक अदृश्य हमले से बेहाल-खस्ताहाल है। विधि की विडंबना ऐसी कि बड़े-बड़े विनाशक आयुध धरे रह गए और लगभग 10 ग्राम विषाणुओं ने पूरी धरित्री पर विनाश का वीभत्स खेल खेल दिया। जो एक बटन दबाकर धरती के किसी बड़े भूभाग को नष्ट करने का सामर्थ्य रखते थे, उन्हें अपनी जान के लाले पड़ गए। कैसा विकराल कलिकाल कि चिकित्सालयों में उपचार हेतु जगह कम पड़ गई; तो श्मशान घाटों, कब्रिस्तानों में भी शवों के लिए जगह की भारी किल्लत हो गई।

इस बीच वैज्ञानिकों की तपस्या से लगा कि अब इन अदृश्य दुश्मनों के विनाश का ब्रह्मास्त्र मिल गया। समूची मानवजाति में हर्ष की लहर दौड़ गई। दूरदर्शन आदि विविध उपकरणों से यह उद्घोषणा हुई कि मानवजाति अब कोरोना-विषाणुओं के समक्ष समर्पण नहीं करेगी, अपितु यह उनके हमले को बेअसर करने के लिए कटिबद्ध है।

भारत में भी चिकित्सकों के नेतृत्व में कोरोना-योद्धाओं की अगली पंक्ति द्वारा कोविशील्ड, कॉवेक्सिन आदि ब्रह्मास्त्रों से इस अदृश्य दुश्मन को घेरने-मारने की कोशिशें तेज की गईं। इन सारी कवायदों के बीच इन सूक्ष्मातिसूक्ष्म दुश्मनों ने एक बार और अपना हमला तेज कर दिया।

हमारे आसपास की हर मृत्यु हमारी मृत्यु है, आंशिक ही सही। सही शब्दों में कहें तो हर मृत्यु हमारी मृत्यु की उद्घोषणा है, अभी नहीं तो कभी, हमारा नम्बर आएगा यह सनद है। जब हमारा कोई भाई मरता है, तो हमारा भाई होना मरता है। आखिर भाई होने से भाई की, पत्नी या पति होने से पति या पत्नी की संज्ञा है। आज स्थिति यह है कि अत्यधिक माँग के कारण प्राणवायु की इतनी कमी हो गई कि लोग दम तोड़ रहे हैं। एक बात और इस समय का इतिहास जब भी दर्ज होगा, उसमें यह अवश्य वर्णित होगा कि इस कालखंड में देश और महादेश का अतिक्रमण करती नियंत्रण की राजसी इच्छा ने बेबसी का कसैला स्वाद चखा।

अतीक का अतीत: मदरसा से लड़कियों को उठाया, पुलिस को ठेंगा दिखाया

स्नेह मधुर

अतीत अहमद विधायक बनने से पहले इलाहाबाद के दुर्दांत बदमाशों चांद बाबा, जग्गा और छम्मन का वह नया साथी ही था। उस काल में क्षीण काया वाले चांद बाबा की इलाहाबाद में इतनी दहशत थी कि उसे कहीं से गुजरता देख पुलिस वाले मुंह फेर लेते थे। शाम होते ही कहीं न कहीं बमबाजी हो जाना रोजाना की बात हो चुकी थी। झोले में बम लिए हुए वह कोतवाली में घुस जाता था। करैली का एक बड़ा आलीशान मकान उसने पचासों बम फेंककर एक घंटे में ही खाली करा दिया था। जब वह जेल गया था तो उसने जेल के भीतर ही चाय और तंबाकू की दुकान खुलवा दी थी। उसने डीएम को फोन पर जमकर गरिया दिया था। उसने खुलकर कहा था कि पूरा पुलिस विभाग बिका हुआ है। डीएम ने तत्कालीन एसपी सिटी को फोन कर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की बात बताई थी और उसे ठिकाने लगाने को कहा था। लेकिन ओपी सिंह ने कुछ नहीं किया था। चांद बाबा अक्सर ओपी सिंह से मिलने चला जाता था और उनकी तारीफ के पुल बांध देता था। चांद बाबा ओपी सिंह को ईमानदार बताते हुए उनकी गुडबुक में रहने की कोशिश करता रहता था। चांद बाबा, छम्मन और जग्गा के सामने अतीक की कोई हैसियत नहीं थी। वह अतीक को ललकार देता था।

पुराने लोग बताते हैं कि पुलिस की योजना थी कि चांद बाबा के मारे जाने के बाद अतीक को भी हलाल कर दिया जाए और इसे गैंग वार दिखा दिया जाए। यह बात जग्गा को पता चल गई और जग्गा सिविल लाइंस से अपनी मोटरसाइकिल से भागकर अतीक के पास पहुंचा और पुलिस की साजिश के बारे में उसे बताया। अतीक अपनी जान बचाने के लिए उसी मोटरसाइकिल से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर गली गली भागने में सफल रहा।

इसी दौरान अतीक चुनाव जीत गया और उसकी बादशाहत का दौर शुरू हो गया जिसका अंत उसी के गढ़ में चार दशक के बाद हो ही गया।

लेकिन वर्ष 2007 करैली में हुए मदरसा कांड के बाद उसका ग्राफ ऊपर नहीं उठ पाया। यह बात दूसरी है कि सीबीआई ने इस जांच को लेने से इंकार कर दिया और मदरसा कांड हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में चला गया। जनवरी 2007 में आधी रात के बाद तीन सशस्त्र बदमाश लड़कियों के मदरसे में घुसे थे और दो नाबालिग लड़कियों को उठा ले गए थे और सामूहिक बलात्कार के बाद सुबह उन्हें मदरसे में वापस छोड़ गए थे। आतंक इतना था कि पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज नहीं की थी जब तक की हंगामा नहीं शुरू हो गया था।अतीक की अपराधिक सत्ता के दबदबे की नुमाइश का सबसे बड़ा साल 1989/1990 था जब पुलिस प्रशासन से उसकी ऐलानिया अदावत हो गई थी और इस लड़ाई में वह विजेता के रूप में उभरा था। हुआ यह कि धूमनगंज थानाध्यक्ष रविवार होने की वजह से थाने पर नहीं आए थे और सेकंड अफसर के रूप एक दरोगा राय काम कर रहा था। थाने पर अतीक ने फोन कर एसओ से बात करने की इच्छा व्यक्त की। राय ने बताया कि एसओ गश्त पर हैं।

अतीक बिफर उठा। राय को ढेर सारी गालियां दे डाली कि एसओ अपने क्वार्टर में सो रहा होगा, तुम लोग फर्जी गश्त पर दिखा रहे हो! मैं अभी थाने पर आता हूं और तुन्हें बताता हूं।

उसने अतीक द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार पर आपत्ति जताई तो अतीक ने उसको दो चार थप्पड़ जड़ दिए।

ओपी सिंह ने दरोगा राय से अतीक के खिलाफ सुसंगत धाराओं आईपीसी 325, 332 आदि में मुकदमा दर्ज करने को कहा। ओपी सिंह खुद अतीक के घर चकिया की तरफ कूच कर गए।

ओपी सिंह को अतीक घर पर नहीं मिला लेकिन थोड़ी ही देर में वह गांव की तरफ से अपने लाव लश्कर के साथ आता दिख गया। ओपी सिंह ने अतीक को रोका और बताया कि वह उसको गिरफ्तार करने आए हैं। अतीक ने गुस्से में कहा कि आप हमें तो गिरफ्तार कर नहीं सकते हैं, यहां पुलिस वालों की लाशें बिछ जायेगी! दस हजार लोग मौजूद हैं हमारे साथ आप सब मारे जाओगे! मेयर श्यामाचरण गुप्ता भी पहुंच गए और अतीक की गिरफ्तारी का विरोध करने लगे।

थोड़ी देर बाद विधायक राकेश धर त्रिपाठी भी पहुंच गए और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया

मामले की गंभीरता समझते हुए आस पास के जनपदों से और पुलिस और पीएसी बुलवा ली। मौके पर ए डी एम सिटी मोहन स्वरूप भी पहुंच गए। वी एन राय ने अतीक के पास संदेश भिजवाया कि उन्हें गिरफ्तार करना औपचारिकता भर है। कोतवाली पहुंचने पर सम्मानित तरीके से छोड़ दिया जाएगा।

बस फोर्स का मनोबल बनाए रखने के लिया यह करना जरूरी है। एसएसपी के इस आश्वासन पर अतीक गिरफ्तारी देने के लिए तैयार हो गया लेकिन राकेश धर त्रिपाठी और श्यामाचरण गुप्ता फैल गए कि बात आगे बढ़ चुकी है, यह गिरफ्तारी विधायकों की गरिमा के खिलाफ है। अगर आज गिरफ्तारी हुई तो पुलिस के हाथ खुल जायेंगे और हर जगह विधायकों को अपमानित करने की नई परंपरा शुरू हो जाएगी। अतीक को जब अन्य विधायकों का समर्थन मिल गया तो उसने वी एन राय से कहा कि अब वह सरेंडर नहीं करेगा और अगर पुलिस ने उसे जबरिया ले जाने की कोशिश की तो लाशें बिछ जाएंगी। एसएसपी द्वारा पूरा प्रकरण बताने पर डी एम ने कहा कि इस मामले की मजिस्ट्रेटी जांच करा देते हैं, अगर जरूरत समझी गई तो गिरफ्तारी की जाएगी। ऊपर से भी यही आदेश आया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने (महबूबा मुफ्ती के पिता तब गृह मंत्री हुआ करते थे) गिरफ्तारी से मना किया है, यह गिरफ्तारी अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना लाएगी। वी एन राय के सिर पर तो मानों घड़ों पानी गिर गया हो!

वह बेचैन हो गए कि फोर्स को क्या मुंह दिखाएंगे?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

असली आग से जलते जंगल और नकली बारिश

पर्यावरण

मनोज शर्मा

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड से एक बार फिर प्राकृतिक आपदा के समाचार हैं। इस बार आपदा बाढ़, अत्यधिक बारिश, बर्फ और भूस्खलन की नहीं, बल्कि दावानल के धधक उठने की है। हर साल की तरह इस बार भी मार्च-अप्रैल का सूखा सीजन आते ही यहां के बड़े इलाके में जंगल आग की लपटों में घिर गए हैं। दावा किया जा रहा है कि इस राज्य में लगभग 1.5 हजार हेक्टेयर भूमि पर लगे वनों को विनाशक आग स्वाहा करने को आमादा है। संकट सिर्फ जंगलों के खत्म हो जाने का नहीं है, बल्कि इससे वन्य जीव-जंतुओं, बहुमूल्य वनस्पतियों, इमारती लकड़ी के अलावा समूचे पर्यावरण और जैव विविधता के खतरे में पड़ जाने का है। यही कारण है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई करने और जरूरी होने पर कृत्रिम वर्षा का सहारा लेने की बात कही है। वैसे तो जंगल की आग थामने के कई और उपाय हैं। सरकारें और वन विभाग उन्हें अमल में लाने और दावानल पर अंकुश रखने का दावा भी करते रहे हैं, लेकिन कृत्रिम वर्षा से जंगल की आग रोकने का विचार अपेक्षाकृत नया माना जाएगा क्योंकि देश में अभी इसके उदाहरण आम तौर पर नहीं मिले हैं।

इस विषय पर एक जनहित याचिका दायर की गई। इस याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वैसे तो कई उपायों पर अमल नहीं होने को लेकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। जैसे, यह पूछा कि वर्ष 2017 में उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी 12 बिंदुओं वाले दिशानिर्देशों पर आज तक अमल क्यों नहीं हुआ। अदालत ने इन दिशानिर्देशों को 6 महीने में लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही वनाग्नि से निपटने के लिए स्थायी व्यवस्था करने का सुझाव देते हुए राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह इस आग पर काबू पाने के लिए कृत्रिम वर्षा तकनीक का सहारा ले सकती है। इस सुझाव पर अमल की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए अदालत ने यह सावधानी बरतने को भी कहा कि कहीं कृत्रिम वर्षा से राज्य की भौगोलिक अवस्था पर कोई असर तो नहीं पड़ेगा। अदालत की इस सूझबूझ की सराहना की जानी चाहिए क्योंकि उसने उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखते हुए ही कृत्रिम वर्षा तकनीक की आजमाइश के संबंध में सलाह दी है। इस समझदारी की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई अन्य देशों (खासतौर से चीन) के उदाहरणों का हवाला देकर हमारे देश में कृत्रिम वर्षा कराने की मांग अक्सर की जाती रही है। इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के प्रोजेक्ट पर आईआईटी ने तैयारी पूरी कर ली थी। कृत्रिम बारिश कराने के लिए इसरो (इंडियन साइंस एंड रिसर्च आगेर्नाइजेशन) से एयरक्राफ्ट मिलने और आईएमडी (भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र) से डाटा आईआईटी कानपुर को उपलब्ध कराने का दावा भी किया गया था। कहा जा रहा था कि कृत्रिम बारिश की मदद से हवा के जहरीले कणों की सघनता कम हो जाएगी, जिससे यहां की हवा सांस लेने के योग्य हो जाएगी। हालांकि इस योजना पर अमल नहीं हो सका, लेकिन अब यह विचार एक बार फिर उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जंगल की आग बुझाने के संदर्भ के साथ चर्चा में आ गया है। ।(रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

नदियों को बचाइए

त्रिपुरारी कुमार पाण्डेय

की शोषित हो रही है नदियाँ ,
दूषित हो रही है नदियाँ ,
रोज -रोज रेत उठ जाने से ,
रोज -रोज मर रही है नदियां !

मानव के दुर्व्यवहारों से ,
दुखित हो रही है नदियां ,

मानव के स्वार्थों के कारण
अपनी अस्तित्व खो रही है नदियाँ !
नदियों के अति दोहन से ,
अब मिटटी में मिल रही है नदियाँ ,
खुद नदी ,नदी होकर भी
जल को तरस रही है नदियां!

सभ्यता और संस्कृति की
सूंदर प्रतिक है नदियां ,
भारतीय कृषि की जान है नदियाँ ,
पर मानव के निज हित के कारण ,
अपनी पहचान अब खो रही है नदियाँ !
सबको तृप्त करने वाली ,
अब धरती में समा रही है नदियां ,
मानव जाती के चोटों को सहते -सहते ,
अब अपनी आंसू भी नहीं बहा पा रही है नदियाँ !

मानव से ही दुखित होकर
हम मानवों से ही उम्मीद लगाए बैठी है नदियाँ ,
कोई आकर बचा ले नदियों को ?
बस अब यही प्रार्थनाएं
हमसबों से कर रही है नदियां !

स्पीड न्यूज

एडवांटा धान की दी गयी जानकारी

टाटीझरिया । प्रखंड क्षेत्र के सिझूआ टाटी ,बोधा, सिमराढाव, होलंग, बेरहो, घुघुलिया, गिरही, झरपो, भराजो, एवम हजारीबाग जिला के कटकमदाग,कटकमसांडी,सदर , इचाक, दारू,विष्णुगढ़ समेत अन्य प्रखंड के विभिन्न गांवों में भारत के बहुराष्ट्रीय एडवांटा धान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा नियुक्त मार्केटिंग डवलपमेंट ऑफिसर संदीप पांडेय ने किसानों के साथ की बैठक। श्री पांडेय ने एडवांटा धान के विशेषता कंपनी के द्वारा धान के बीज में लगाया गया टीकाकरण अन्य धान के अपेक्षा अधिक पैदावार की विस्तृत जानकारी बहुत ही सरल और क्षेत्रीय भाषा में देते हुए कहा कि एडवांटा कंपनी धान की बीज 1 नंबर खेत में जहां रोपाई से लेकर कटाई तक पानी लबालब भरा हो वैसे खेतों में बदलो बीज बदलो किस्मत अपि ढअउ 8744+ लगाए यह 130 से 135 दिन की अवधि है जो बिएलबी (झुलसा) रोग से सुरक्षा, ज्यादा उपजाऊ कल्ले,अधिक पैदावार देता है । 2नंबर खेत में अपि 801+ की दोगुनी ताकत झुलसा और ब्लास्ट दोनों से राहत,ज्यादा गहरी जड़ें जो धान को सूखे के प्रति सहन शील बनाती है।खाने में स्वादिष्ट ।समान अवधि की अन्य किस्मों की तुलना में 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा पैदावार इसकी अवधि 120 से 125 दिन वही 3 नंबर खेत में अपि 807+ बिएल्बी (झुलसा) रोग के प्रति सहन शील रोपाई से कटाई तक की अवधि 95 से 100 दिन कम पानी में भी जबर दस्त पैदावार देने वाला एक मात्र हाइब्रिड बीज किसानों से लगाने का अपील किया। उपस्थित किसानों ने संतोष जनक प्रश्नोत्तर पाकर एमडिओ को धन्यवाद दिया तथा अपने खेतो में एडवांटा धान के बीज लगाने को लेकर वादा किया। किसानों में बद्री महतो रंजीत कुमार मेहता,मुस्लिम अंसारी ,प्रदीप सिंह,संजय प्रसाद कुशवाहा,नियामत अंसारी, होरिल राम ,सावित्री देवी,जागेश्वर मांझी,सुरेश यादव,रामचंद्र रामचंद्र साव ने बताया कंपनी तो मार्केट में विभिन्न है लेकिन आज तक ऐसी जानकारियां किसी ने हमारे गांवों में लाकर नही दिया। एडवांटा कंपनी के परिवार को इस नेक कार्य के लिए भी धन्यवाद दिया।

अदिनाथ स्वामी का हुआ जलाभिषेक

रामगढ़। श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ स्वामी ने 1 वर्ष की तपस्या करने के बाद वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि अर्थात अक्षय तृतीया के दिन इक्षु रस (गन्ना रस) से अपनी तपस्या का पारण किया था इसी कारण जन समुदाय में या दिन विशेष माना जाता है। इस दौरान स्वामी की मूलनायक प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य शकुंतला देवी, पंकज कुमार सेठी को मिला। पांडु शीला पर विराजमान आदि भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल एवं ललित चूड़ीवाल सपरिवार को मिला। शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी एवम ललित चूड़ीवाल को मिला। श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए आम राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जैन मंदिर के बाहर प्रांगण में की गई। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव नागर मल गंगवाल, मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद छाबड़ा, रमेश सेठी, विनोद जैन, राजु पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल,राकेश पांडेय,ललित चूड़ीवाल,सुभाष सेठी,सुशील चूरीवाल,सुनील सेठी,अशोक चूड़ीवाल,सुनील पाटनी,गौरव अजमेरा,विकाश सेठी,संजय सेठी, श्याम सुंदर जैन,ललित गंगवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल,अमित सेठी,सुनील छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

कुल्ही में लगा नया ट्रांसफार्मर

दुलमी। दुलमी के कुल्ही में शनिवार को भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने विधिवत फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में सप्ताह भर पहले कुल्ही गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। इस बीच ग्रामीण क्षेत्र के कई नेता व जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर ट्रांसफार्मर उपबल्ध कराने की मांग किया गया था। परंतु किसी ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया। अंत में ग्रामीणों को भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। तब जाकर कुल्ही गांव में बिजली बहाल हुई। इधर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर संतोष तिवारी, नीतीश महतो, देवा महतो, सिकंदर महतो, मंगल महतो, आशीष मुंडा मौजूद थे।

मांडू में मना परशुराम जन्मोत्सव

मांडू। श्री परशुराम जन्मोत्सव शनिवार को मांडू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक व गणेश पांडेय ने परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। साथ ही उनके बताये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। बाद में बारी-बारी से उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित किया। वहीं अतिथियों ने समाज के विकास व एकता पर बल दिया। मौके पर बसंत कुमार पांडेय, उमेश पांडेय, बालेश्वर पांडेय, अयोध्या पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, रामदुलार पांडेय, विजय कुमार पांडेय, शैलेश कुमार पांडेय, अविनाश कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

बरही में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई

देश में अमन चैन की मांगी दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद पर्व को बड़े ही खुशी के माहौल में एक दूसरे के गिले शिकवे भूलकर गले मिलकर पर्व को मनाया। चारों तरफ खुशी का माहौल देखने को मिला। ईद की खुशी में ज्यादा संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचे, वहां सबने एक साथ नमाज पढ़ी और अल्लाह को याद करके अपनी दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी एक-दूसरे से गले मिले और ईद की बधाई दी। ईद का चाँद शुक्रवार रात को दिखाई दिया। शनिवार को ईद मनाने का दिन तय किया गया।

ईद का चाँद देखने के लिए लोग बड़ी ही बेशब्री से इंतजार कर रहे थे, इसलिए शुक्रवार शाम को नमाज के बाद सभी अपने घरों के छत पर चल गए और आसमान की तरफ देखने लगे ताकि उन्हें चाँद के दीदार हो जाए। कुछ देर के बाद चाँद ने अपना दीदार करा दिया और सभी रोजदारों का रोजा समाप्त हुआ।

2023 का यह रमजान महीना हर साल के रमजान से बहुत अलग था, क्योंकि इस बार इतनी भीषड़ गर्मी के चलते सभी रोजदारों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस बार अप्रैल का तापमान 40 से 42 प्रतिशत हर वर्ष के तापमान से कही ज्यादा था, फिर भी रोजदारों ने हार नहीं मानी और अपने रोजो को बरकरार रखा। विभिन्न मस्जिदों में हजारों की संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। बरही जामा मस्जिद, ईदगाह, शादी मुहल्ला, रसोइया धमना, दुलमाहा, धनवार, करियातपुर, महुगढा, भंडारों, मलकोको, गौरियाकरमा सहित कई मस्जिदों में लोगों ने पूर्वाहन ईद की नमाज पढ़ी। इस अवसर पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। लोग एक दूसरे को घर जाकर बधाई दिया। साथ ही अलविदा की नमाज के बाद एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ। इसी दौरान लोगों से अधिकारियों और राजनेताओं को सेवई खिलाकर ईद की बधाई दी।

ईद की नमाज को देखते हुये बरही अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया था। कई मार्गों पर यातायात बंद रखकर नमाजियों को सड़क पार करवाया गया। ईद को देखते हुए बरही के विभिन्न स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, अब्दुल गफ्फार मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ मो इबरार, पत्रकार जावेद इस्लाम, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा, जामा मस्जिद सेक्रेटरी अब्दुल क्यूम, पूर्व मुखिया मो बेलाल, मो तस्लीम, मो यूसुफ, मो वारिस अंसारी, मुखिया समशेर आलम सहित अन्य मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बधाई दी।

योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

डीएमएफटी से स्वीकृत स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं समय पर पूरा करें अभियंता : नैन्सी सहाय

हजारीबाग। तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय कक्ष में उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएमएफटी सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्वीकृत आधारभूत संरचना एवं निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ज़िला हजारीबाग में लोककल्याण से संबंधित कई योजनाओं को डीएमएफटी मद से स्कीम स्वीकृत योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता न करें। योजना समय पर एवं गुणवत्ता सही रहे इसके लिए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता स्कीम के साइट पर गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्यपालक अभियंता को अपने स्तर से अपने अपने विभागीय स्कीम और डीएमएफटी से स्वीकृत व संचालित योजनाओं में डुप्लीकेसी न हो इसके लिए सजग रहने एवं डीएमएफटी को अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करते हुए धरातल पर काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही चालू परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर बल देते हुए नियमित निगरानी कर अड़चनों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सभी अभियंताओ को निर्देशित किया। जेठ की गर्मी और उत्पन्न पेयजल समस्या के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता पेयजल को कंट्रोल रूम को सक्रिय कर हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करने सहित समस्या समाधान के लिए एई, जेई सहित पूरी टीम को तैनात कर समस्या का संवेदनशीलता, तत्परता के साथ समस्या का समाधान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीएमएफटी, पेयजल, भवन, पथ, सिंचाई, विशेष प्रमंडल, ज़िला परिषद द्वारा संचालित परियोजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक की लापरवाही, भूमि की अनुपलब्धता, अतिक्रमण, विद्युत कनेक्शन, रोड़, वन भूमि एनओसी, विधि व्यवस्था,अन्य स्थानीय अड़चनों को दूर करने के लिए अपने स्तर से विभागीय, अंतर्विभागीय, जिला प्रशासन स्तर पर पहल कर समय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

माले कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

रामगढ़। भाकपा माले डाड़ी प्रखंड कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हेसालौंग में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम में हजारीबाग जिला सचिव पच्चु राणा ने झंडोतोलन किया। फिर दो मिनट का मौन रखकर पार्टी के शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद पार्टी के संस्थापक सदस्य चारू मजूमदार के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिला सचिव पच्चु राणा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना के उद्देश्य के बारे में बताया। इसके बाद पार्टी कार्यकताओं की विशेष बैठक हुई। जिसमें पार्टी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव अशोक गुप्ता और संचालन गोविंद राम ने की। इस अवसर पर विजेंद्र प्रसाद, सोहराई किस्कू, रामदेव राम, अजीत प्रजापति, जन्मेजय तिवारी, रामप्रवेश गोप, मदन सिंह, मनाराम मांझी, सुखराम मांझी, पांडेय मांझी, महेश गोप, रस्का मांझी, कंदू गोप, जलेश्वर रजवार, संजुल मांझी, राजेश गोप, दिलीप रजवार, देवकी महतो, दसंय बास्के, कौलेश्वर, छोटन रजवार चंद्रदेव सोरेन, बहादुर गोप आदि उपस्थित थे।

मांडू में धूमधाम से मना ईद

मांडू। मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद-उल-फितर मांडू व इसके आस पास के क्षेत्रों में शनिवार को शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद को लकर मांडू चट्टी स्थित जामा मस्जिद, पुंडी व हुआग मस्जिद में मुस्लिम धमार्लंबियों ने निर्धारित समय 8:30 बजे नमाज अदा की।

मस्जिदों में सामूहिक रूप से अदा की गयी ईद की नमाज

बड़कागांव। शनिवार को पूरे देश सहित बड़कागांव प्रखंड में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक महीने के पवित्र रमजान के बाद शनिवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया। हालांकि शुक्रवार की शाम चांद दिखते ही रोजेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शनिवार को सुबह से उनकी यह खुशी परवान चढ़ गयी। रंग बिरंगे नये कपड़े पहनकर सभी मुस्लिम धर्मावलंबी अपने परिजनों के साथ नजदीक के मस्जिदों में पहुंचे। जहां अल्लाह की इबादत में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदाकर सभी लोगों ने मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारक बाद दी।

100 बच्चों की दिया कराटे का प्रशिक्षण

रामगढ़। वर्तमान समय में कराटे को आत्मरक्षा का एक बेहतर माध्यम माना जाता है। इसलिए बच्चों के परिजन चाहते हैं कि उनके बच्चे आत्मरक्षा के इस माध्यम में निपुणता हासिल करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वे अपनी आत्मरक्षा कर सकें। शहर के गोडियारी बाग स्थित द टेंपल ऑफ वॉरियर्स शहर सहित दूर-दूर के बच्चों को कराटे में प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों के परिजनों की ईच्छा को पूर्ण करने में मदद दे रहा है। जिस कारण इसकी ख्याति शहर सहित दूर-दूर तक है। वहीं, संस्था के संबंध में संस्था के संचालक ब्लैक बेल्ट 6थ डॉन शशि पांडे ने बताया की उन्होंने अपने गुरू सिहान मानस सिन्हा की प्रेरणा से 1990 ई के आसपास द टेंपल ऑफ वॉरियर्स के माध्यम से बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण देने का कार्य आरंभ किया। उन्होंने बताया कि संस्था में एक साथ 100 बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया जाता है। ताकि इन तरीकों के माध्यम से वे जरूरत पड़ने पर अपनी आत्मरक्षा करने में सफल हो सकें। श्री पांडे ने कहा कि संस्था से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर निकले कई बच्चों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सफ लता का परचम लहराया है। शशि पांडे ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य है की यहां से प्रशिक्षण प्राप्त किये बच्चे देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल प्राप्त करें।

अकीदत के साथ पढ़ी गयी ईद की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

एक-दूसरे के गले मिल दी बधाई लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद पर्व पूरे धुमधाम से मनाया गया। पर्व को ले क्षेत्र के मस्जिद और ईद्गाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी।

इस दौरान लोगों ने अल्लाह से अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआएं भी मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सेवईयां और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कहा गया कि ईद आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है।

ईद को ले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बडे तो बड़े लेकिन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी एक-दूसरे के गले मिल पर्व की बधाई दी। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साईड, सौन्दा डी, सेन्ट्रल सौन्दा, सीसीएल सौन्दा, भदानीनगर के महुआ टोला, चिकोर, लपंगा, सुदी, चैनगड्डा व बासल क्षेत्र के ईद्गाहों सहित अन्य जगहों के मस्जिद और ईदगाहों में मौलाना और ईमाम द्वारा नमाज अदा करायी गयी। पर्व को लेकर भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में दल बल के साथ मुस्तैदी से डटी थी।

इधर सौंदा डी में ईद के पावन अवसर पर मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने मौलाना साहब एवं सचिव मो. सरफराज को अंग वस्त्र भेंट कर पर्व की बधाई दी।

एक नजर में

इरगा में कोनार नदी पर बन रहे पुल में घटिया सामग्री का हो रहा है इस्तेमाल

दारू। प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के ग्राम ओरिया में चुरचू प्रखंड को जोड़ने वाली कोनार नदी गड्या में बन रहे पुल में घटिया साम्रगी का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण कर रही एजेंसी के द्वारा इसी नदी का मिट्टी मिला हुआ बालू से पीलर की ढलाई की जा रही है यदि पीलर ही कमजोर बनेगा तो पुल मजबूत कैसे बनेगा साथ ही निम्न गुणवत्ता की छड़ का भी उपयोग करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस संबंध में दारू खैरिका, इरगा, चिरवां, गड्या आदि के ग्रामीणों ने कहा कि वर्षो की मांग और आंदोलन के बाद सदर विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से पुल का निर्माण की स्वीकृति मिली अब इसके निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस बारे में विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि घटिया बालू प्रयोग करने की शिकायत मिली है वे जांच के लिए जा रहे है यदि इस तरह की बालू या निम्न गुणवत्ता की छड़ का प्रयोग हो रहा है तो गलत बात है। इसकी जांच के बाद ऊपर अधिकारियों के पास रिपोर्ट किया जाएगा। इस योजना का शिलान्यास 11 फरवरी 2023 को सदर विधायक के द्वारा किया गया साथ ही विधायक को हिदायत भी दिया था कि गुणवत्ता में किसी तरह की कमी नही होनी चाहिए फिर भी पीलर निर्माण में ही गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है।

चरही में हर्षोल्लास के साथ मना ईद

चरही। प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआएं मांगी। शुक्रवार की शाम चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू कर दिया। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खूब उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास रौनक देखने को मिली।आजाद नगर कजरी में सुबह 8 बजे नमाज अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा कर दुनिया में अमन चैन की दुआएं मांगी। चुरचू प्रखंड क्षेत्र में इस बार भीषण गर्मी रही। हलक सुखाने वाले तेज पछुआ हवाओं और बिजली कटौती के बीच पूर्वी हवा के उमस भरे दिन के बावजूद इस पवित्र रमजान माह में रोजा रखने वालों की कोई कमी नहीं रही। काफी शिद्दत के साथ बच्चों सहित वृद्ध लोगों ने रोजा रखा और नमाज अदा की है। कई बार धैर्य की अग्नि परीक्षा देते हुए लोगों ने शुक्रवार की संध्या ईद के चांद का दीदार करने के उपरांत शनिवार को ईद मुबारक मनाया। इस बीच पूरे उत्साह के साथ लोग ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद मुबारकबाद देते नजर आए।सामाजिक कार्यकर्ता अतिकुर रहमान,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि एहसान अंसारी, माजिद आलम,अशरफ अंसारी, मनुवर आलम ,असगरअंसारी, जियाउल्लाह,परवेज आलम व मतीन अंसारी ने बताया कि दुनिया में अमन चैन और सबका साथ सबके विकास की दुआ की गई है।

बरही में धूमधाम से मना परशुराम जयंती

बरही। प्रखंड अंतर्गत बरहीडीह शिवमन्दिर के प्रांगण में सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में पृथ्वी लोक में ऋषि जगदंमिनी के घर में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। भगवान परशुराम ने अन्याय के विरूद्ध शस्त्र उठाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में भगवान की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर सुरेश शर्मा, रतन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार पांडे, पप्पू शर्मा, उत्तम शर्मा, राजेश शर्मा, अरविंद पांडे, सुमित शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रद्युमन शर्मा, अजय पांडे, प्रिंस शर्मा, आर्यन शर्मा, दीपक कुमार पांडे, संतोष पांडे, रिंकू पांडे, विनय पांडे, रवि रंजन पांडे, रोहित शर्मा, सुधांशु पांडे, उपेंद्र शर्मा, मनोज पांडे, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

परशुराम जयंती पर छुट्टी के लिए होगा आंदोलन

कटकमदाग । हजारीबाग जिला अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के ग्राम मेयातु में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के बैनर तले कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष विनय दुबे के नेतृत्व में धूमधाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया । विनय दुबे ने कहा कि दादा परशुराम का जन्मोत्सव हम लगातार वर्षो से मनाते आ रहे हैं , आज के इस अवसर पर मेयातु , सुल्ताना , नावाडीह, व बेंदी ग्राम के विप्र बन्धु उपस्थित हुए , समाज में फैले कुरीति कुप्रथा पर हम मजबूती से काम कर रहे हैं , और आगे भी करते रहेंगे । संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पांडेय ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप सब सरकार से लड़ने के लिए तैयार हो जाये परशुराम जन्मोत्सव पर सरकार छुट्टी नही देती है जो हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है , जल्द ही हम रणनीति बना कर आगे आंदोलन करेंगे । मौके पर जिला कानूनी सलाहकार आशीष दुबे , विवेक पाण्डेय , अभिमन्यु कुमार पांडेय , विकाश पाण्डेय , कौशिक दुबे , विक्की दुबे ,मुरारी दुबे , उमेश दुबे , शैलेश दुबे , निरज दुबे , अजय पाण्डेय , विद्यानंद पाण्डेय , रंजीत पाण्डेय , मनीष पाण्डेय , दीपक पाण्डेय , विक्की पाण्डेय , आदि सैकड़ो की संख्या में विप्र बन्धु उपस्थित रहे ।

स्पीड न्यूज

अंबेरा में 10 वर्ष बाद इसाई धर्म छोड़ सरना धर्म में लौटा आदिवासी परिवार

भंडरा। प्रखंड के उदरंगी पंचायत के हाटी अम्बेरा में शनिवार को एक परिवार ने ईसाई धर्म छोड़कर वापस अपने सरना धर्म में लौटे। सरना समाज ने इस परिवार का वापस अपने धर्म में लौटने पर स्वागत किया। प्रखंड क्षेत्र के उदरंगी पंचायत अंतर्गत हाटी कुंबटोली गांव का निवासी सनिया उरांव अपनी पत्नी के साथ 10 वर्ष पहले धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपना लिया था। इस मामले पर सनिया उरांव के द्वारा बार-बार सरना धर्म में वापस आने की बात की जा रही थी। स्थानीय ग्रामीण भी उसे सरना धर्म में वापस लाने की चर्चा कर रहे थे। शनिवार को पहान ननका मुंडा, पूजार एतवा उरांव, महतो झरिया उरांव सहित गांव के अन्य ग्रामीणों के समक्ष सनिया एवं उसकी पत्नी सुकरी उरांव को पूरे विधि विधान पूर्वक सरना धर्म में घर वापसी कराया गया। मौके पर सोमरा उरांव कर्मसहाय ऊराव, सोना मुंडा, पारसनाथ उरांव, रवि उरांव, राम पति उरांव, छोटया उरांव, बिरसा उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

चैनपुर : मृतक के परिजनों को जिप सदस्य ने दी खाद्य सामग्री

चैनपुर। कटकाही के तेतरटोली गांव में बीते दिनों फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुके सूरज लोहरा के परिजनों से जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और शोकाकुल परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आपके साथ हम खड़े हैं। वहीं जिप सदस्य के द्वारा मृतक के परिजन को सहयोग करते हुए खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। मौके पर छिछवानी मुखिया पोलिदोर एक्का, वार्ड सदस्य जोसेफ टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य जनावल शांता टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य छिछवानी दिलीप एक्का, मधु साव, दिनेश जयसवाल, रोहित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

डुमरी प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार

डुमरी। डुमरी प्रखंड में ईद उल फितर का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों के ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। मौके पर मुस्लिम धमार्लंबियों ने देश, प्रदेश, जिला और गांव के खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी गई। ईद के नमाज के बाद सभी लोगों ने एक दुसरे को गले लगाकर ईद उल फितर की बधाई दी। तीस दिन के रोजे के बाद इनाम के रुप में मिलने वाले इस पर्व के जश्न को लोगों ने एक दुसरे को मुबारकबाद देकर मनाया और शांति व समृद्धि की कामना की। इधर बेलटोली के नौवजवान शाहबाज आलम, फिरदोस अंसारी, तौकीर आलम, इराज आलम, सद्दाम आलम, खुर्शीद आलम, हुसैन पेट्रोल पंप के संचालक अल्ताफ हुसैन की ओर से शिविर लगाकर सेवाइयां रसगुल्ला, चोकलेट, कोल्ड ड्रिंक एवं पान का वितरण किया गया। वहीं ईद उल फितर की नमाज को लेकर प्रशासन भी चौक चौराहों पर पूरी तरह मुस्तैद दिखी। मौके पर एस आई रवि कुमार, अख्तर अली, शहबाज आलम, हाजी समीउल्लाह आलम, हाजी शालिम, आयूब आलम सहित सैकड़ों मुस्लिम धमार्लंबियों उपस्थित थे।

लाभुकों की शिकायत पर जिप सदस्य ने किया पीडीएस दुकान का निरीक्षण

चैनपुर। पीडीएस लाभुकों की शिकायत पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने शनिवार को छतरपुर गांव के डीलर खिस्टिना लकड़ा के पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर लाभुकों को हो रही समस्या की जानकारी ली। जिसपर लाभुकों ने बताया कि ना हमें समय से अनाज मिलता है और ना ही सभी लाभुकों तक सही मात्रा में अनाज पहुंचता है। उन्होंने बताया की सुबह 6:00 बजे से अनाज के लिए लाइन में खड़े रहते हैं फिर भी सभी लाभुकों को अनाज नहीं मिल पाता है। वहीं जन वितरण दुकान के मालिक से अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है। जिस पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने डीलर खिस्टिना लकड़ा का भी पक्ष जानने का प्रयास किया। जिसमें दुकानदार ने बताया कि मेरे दुकान में कुल 142 लाभुक हैं तथा मुझे दो और दुकान जिसमें मोनिका एस एच जी जिसके कुल 150 लाभुक और देवलाल उरांव जिसके 202 लाभुकों का राशन वितरण मुझे ही करना है। आवंटन कम होने के कारण मैं सभी लाभुकों को राशन नहीं दे पाती हूं। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने सभी लाभुकों को कहा की मैं जल्द ही अंचलाधिकारी गौतम कुमार से मिलकर समस्या का निपटारा करूंगी। वहीं उन्होंने पी डी एस दुकान संचालक को चेतावनी देते हुए कहा कि आप लाभुकों से अच्छा व्यवहार करें और समय से दुकान खोलकर उन्हें आवंटन के अनुसार राशन दे।

पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में पक्षियों को गर्मी से राहत देने के लिए लगा बर्ड फीडर



गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर पक्षियों को गर्मी से बचने के लिए पेड़ों पर बर्ड फीडर लगाये गये। पक्षियों को उनकी प्यास बुझाने एवं पानी पिलाने के लिए जल फीडर का उपयोग किया जाता है। क्योंकि गर्मियों के दौरान बाहर की चिलचिलाती गर्मी उन्हें बुरी तरह से निर्जलित कर सकती है। अधिकतर इसे पेड़ों पर रखा जाता है ताकि उन तक पहुंचना आसान हो। गुमला पॉलिटेक्निक ने पक्षियों को पानी देने और गर्मी के दौरान राहत देने के लिए यह पहल की है। कॉलेज परिसर में अलग-अलग पेड़ों पर पानी के फीडर लगाए गए हैं। ये वाटर फीडर गुमला पॉलिटेक्निक इकाई में बेकार तेल के डिब्बे और जार का उपयोग कर बनाया गया है।

गुमला में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद, ईदगाह में पढ़ी ईद की नमाज

■ गले लगा कर दी एक दूसरे को ईद की बधाई, सेवाइयां बांटकर लोगों के जीवन में घोला गया मिठास

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। ईद रोजेदारों के लिए अल्लाह की जानिब से एक अनमोल तोहफा है। ईद जैसे अनमोल दिन को हम नेक कामों के साथ गुजारें। गरीबों की मदद करें। आपसी भाईचारे को मजबूत करें और एक दूसरे के घर जाकर एक दूसरे का हाल जाने और एक दूसरे के साथ मोहब्बत से पेश आएं। यही ईद उल फितर का पैगाम है। उक्त बातें जामा मस्जिद के इमाम मौलाना एनाम रब्बानी ने अपनी तकरीर के दौरान कहीं। वे शनिवार को ईदगाह में ईद उल फितर की विशेष नमाज की इमामत कर रहे थे।

नमाज के पूर्व अपनी तकरीर में उन्होंने कहा कि रोजेदार एक माह रोजा रखता है। रात में जाग जाग कर सेहरी करता है, तरावीह की नमाज अदा करता है। तब कहीं जाकर उसे एक खुशी का दिन नसीब होता है। जिसे हम लोग ईद उल फितर के नाम से जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईद की नमाज बंदों की जानिब से अपने रब को सजदा ए शुक्र की तरह है।

गले लग ईद की बधाई देते बच्चे, गले मिलकर ईद की बधाई लोगों को देते एसडीपीओ व थाना प्रभारी और घाटो बगीचा स्थित कब्रिस्तान में कब्र के समक्ष दुआ करते लोग।

खास बातें : उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे मौकों पर गरीबों की मदद करें। नए कपड़े पहनना जहां पैसे वालों के लिए सुन्नत है वहीं गरीबों के लिए भी सुन्नत है। अगर पैसे वाले लोग गरीबों की मदद नहीं करेंगे तो उनकी जरूरतों का सामान कैसे मुहैया होगा? इस तरह तो गरीब कई सुन्नतों को अदा करने से वंचित रह जाएंगे। इसलिए अल्लाह ने जकात और फितरा की व्यवस्था बनाई है। उन्होंने कहा कि नमाज ए ईद अदा करने से पहले अपने हिस्से का फितरा जरूर अदा किया करो। नमाज के बाद सामूहिक दुआ में उन्होंने अपने मुल्क भारत की तरक्की, अमन, शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए रब से दुआएं की। उन्होंने दुआ के दौरान पुलिस प्रशासन के जवानों और अधिकारियों के लिए भी दुआएं कीं। इस अवसर पर शहर के 13 मस्जिदों में भी ईद उल फितर की नमाज जमातत के साथ अदा की गई। जिसमें बाजार टांड़ स्थित मोती मस्जिद, गौस नगर स्थित मस्जिद रजाए हबीब, आजाद बस्ती स्थित मस्जिद गौसुल वरा व मदीना मस्जिद, चांदनी चौक स्थित कादरिया मस्जिद, हुसैन नगर स्थित मस्जिद फैजान ए रजा, मस्जिद रजाए मुस्तफा व मस्जिद ए जेनब, खड़िया पाड़ा दोहरा स्थित मस्जिद हौवा, सिसई रोड स्थित मक्का मस्जिद, थाना रोड स्थित जामा मस्जिद और सिसई रोड स्थित ईदगाह में ईद उल फितर की विशेष नमाज अदा की गई। वहीं ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। नये कपड़े पहन कर अपने दोस्तों के साथ घोल बनाकर बच्चे इधर उधर घूमते फिरते दिखाई दिये।

एसडीपीओ-थाना प्रभारी की पगड़ीपोशी : ईदगाह में नमाज के पूर्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की पगड़ी पोशी की गई। मौके पर ईदगाह कमेटी के सदर मो लइक उर्फ हसन ने अपने हाथों दोनों पुलिस पदाधिकारियों की पगड़ी पोशी करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। लइक ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और जवान अपनी नींद चैन सब कुछ कुर्बान करते हुए हमारी सुरक्षा करते हैं। हमें चैन से सोने की मोहलत देते हैं। इन्हीं की मेहनत और ईमानदारी से शहर में अमन व शांति व्यवस्था कायम रहती है।

कब्रिस्तान पहुंच पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए मांगी दुआ : ईदगाह व मजिस्दों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोग घाटो बगीचा स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। जहां पर अपने परिजनों के कब्र पर अगरबत्ती जलाकर अल्लाह से उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ मांगी। भारी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे थे। इस दौरान कब्रिस्तान के बाहर सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे।

लोहरदगा में धूमधाम के साथ मना ईद उल फितर

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो / लोहरदगा। ईद उल फितर का त्योहार क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया गया।कैरो ईदगाह में नमाज अदा की गई जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मुल्क की तरक्की-खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। शुक्रवार साम चांद दिखने के साथ ही ईद की पुरजोर तैयारी में लग गए और शनिवार सुबह बड़े बूढ़े बच्चे सभी नहा धोकर नये-नये कपड़े पहनकर सज संवर कर विभिन्न ईदगाह व मस्जिद पहुंचकर ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे से मिलकर सारे गीले शिकवे दूर करते हुए एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दिया। ईद की नमाज प्रखंड क्षेत्र के कई ईदगाहों मे अदा की गई मुख्य रुप से कैरो ईदगाह में जहां परकैरो, नवाटोली, उतका, सढ़ाबे, चाल्हो आदि गांव के लोग एक साथ मिलकर नमाज अदा किये।

ईद की बधाई देते बीडीओ।

खास बातें : इमाम नुरुल हसन ने कहा कि रमजान महीने की अहमियत बहुत ज्यादा है ईद उन लोगों के लिए है जिन्होंने रमजान महीने के हक को अदा किया ईद के मौके पर अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देते हैं इंसान सफेद कपड़े के मानिंद साफ हो जाता है हमे भी चाहिये कि रमजान महीने का कद्र उसी तरह करनी चाहिये जैसा कि हमे हुक्म मिला है, तकवा, परहेज, एक दूसरे से प्रेम व मुहब्बत से पेश आना और कुरान में बतलाये अनुसार जिंदगी गुजारनी चाहिए। रमजान महीने से सिख लेते हुए बाद में भी हमे अपने आचरण में बदलाव लाते हुए कुरान व हदीश में बतलाये अनुसार अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए जैसा हमें हुक्म है।

भंडरा के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने लोगों को दी ईद की बधाई

■ हर ख्वाहिश हो मंजूर-ए-खुदा, मिले हर कदम पर रजा-ए-खुदा की इबादत के साथ भंडरा में शांति पूर्वक ईद उल फितर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरा। प्रखंड में शनिवार को आपसी भाई चारगी व सौहार्दपूर्ण माहौल मे ईद का त्योहार मनाया गया। ईद का त्योहार खुशियां बांटने और भाईचारे को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर अनुसार ईद दसवें महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनायी जाती है। ये त्योहार चांद देखने के बाद शुरू होता है। जिले में 21 अप्रैल को ईद का चांद देखा गया ऐसे में यहां 22 अप्रैल शनिवार को ईद मनायी गयी।

माना जाता है कि पैगंबर मुहम्मद ने बद्र की लड़ाई जीती थी, जिसकी खुशी में सभी ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया था। इसलिए इस दिन को मीठी ईद या ईद उल फितर के रूप में मनाया जाने लगा। इस त्योहार को सभी लोग आपस में मिलकर मनाते है और खुदा से सुख-शांति के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे देश में ईद बढ़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन सुबह से ही एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो जाता है। शनिवार को प्रखंड के भंडरा, आकाशी, कुम्हारिया, तेतरपोका, मसमानो, अंबेरा, उदरंगी आदि गांवों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अपने पैगंबर से क्षेत्र व देश की अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी।

लोगों को ईद के बधाई देते थाना प्रभारी।

अगलगी से मकान राख, बाल-बाल बचा परिवार, सीओ ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम निवासी ईश्वर महली के पुत्र संतोष महली का खपरैल मकान में देर रात आग लग गया। अगलगी से बगल में राजेन्द्र महली का घर में भी पकड़ लिया। वहीं पीड़ित परिजनों के शोर गुल से स्थानीय ग्रामीण ने रात में उठ आग बुझाने की दिशा में कदम उठाया।

अगलगी की सूचना पर भड़गांव पंचायत मुखिया अनिल उरांव तत्प्रता दिखते हुए घटना की सूचना देर रात थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया। वहीं मुखिया के पहल से ग्रामीणों का सार्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

अग लगने का कारण का पता नही चला। बताया जाता है कि दो माह पूर्व बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। आखिर अगलगी कैसे हुआ इस बिंदु को लेकर जांच पड़ताल जारी है। घटना की सूचना शनिवार को अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही भड़गांव पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अगलगी का जायजा लिया।

डीएवी स्कूल में मना पृथ्वी दिवस

■ पर्यावरण प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन से धरती व जीवों के अस्तित्व को खतरा : रमाकांत

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों से धरती तथा जीवों के अस्तित्व खतरे में है। हमें अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए सचेत होना होगा एवं लोगों को जागरूक करना होगा। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिसमें ताशा झा, पल्लवी कुमारी, श्रेयांशी अग्रवाल, प्रीति कुमारी, रिया कुमार, मानसी रानी भगत, यशवंत कुमार, सौरभ प्रसाद साहू, आयुष कृष्णा, स्वप्निल देव, सूर्यांशु चौधरी, नील मिश्रा ने भाग लिया। साथ ही विद्यार्थियों के मध्य एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी हुई। डीपीआरओ गुमला संजय कुमार ने इस आयोजन के लिए विद्यालय को बधाई दी है।

गुमला : पत्रकार के निधन पर किया शोक व्यक्त

गुमला। कांग्रेस पार्टी ने पत्रकार रमेश पांडेय व निर्मल सिंह की मां के निधन पर शोक जताया है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा है कि पत्रकारों के लिए भी यह दु:ख की घड़ी है। निजी तौर पर वे शोकाकुल परिजनों के साथ है। ईश्वर से कामना है कि पीड़ित परिवार को दु:ख सहने की शक्ति दें। शोक जताने वालों में अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, रोशन बरवा, अमर कुजूर, हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, हिमेश कुमार, रामनिवास प्रसाद हैं।

रौनियार वैश्य समाज गुमला की आम सभा जल्द

गुमला। रौनियार वैश्य समाज गुमला की आम सभा जल्द करायी जायेगी। समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद और सचिव अनमोल गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पटना में रौनियार वैश्य समाज का राष्ट्र स्तरीय चुनाव हुआ। जिसमें झारखंड के श्रवण गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार 29 अप्रैल को रांची में भव्य स्वागत सह शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के बाद रौनियार वैश्य समाज गुमला की आम सभा बुलाकर चुनाव पर सहमति बनेगी। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से अपील की है कि कृपया ध्यान रखें और सामाजिक गतिविधियों में अपना सहयोग प्रदान करें।

जारी में धूमधाम के साथ मनायी गयी ईद

जारी। प्रखंड में ईद उल फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ईद पर्व को लेकर मस्जिदों में नजाम अदा की गई और क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी गई। वहीं एक दूसरे से गले मिलकर लोगों ने पर्व की बधाई दी। प्रखंड के गोविंदपुर, कमालपुर, तिगरा, जरड़ा, परसा, सीकरी आदि स्थानों पर पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखीगई। गोविंदपुर के ईदगाह में इमाम अहमद रजा साहब ने ईद का नमाज अदा कराया और आपसी प्रेम व भाईचारगी से रहने की लोगों से अपील की। वहीं पर्व को देखते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार दल बल के साथ सुरक्षा में तैनात दिखे। इस अवसर पर सदर जयरुल अंसारी, सचिव जाकिर मैनू खान, अबरार खान, मसूद कुरैशी, बिलाल अंसारी और गब्बर खान आदि उपस्थित थे।

यूएसए विवि ने डीएवी के पूर्व छात्र को दी पीएचडी की उपाधि

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के पूर्व छात्र निलय कुमार को यूएसए यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रेडेम, इंडियाना, यूएसए ने पीएचडी से सम्मानित किया है। एक प्रतिष्ठित विवि से पीएचडी प्राप्त कर निलय ने ना सिर्फ विद्यालय अपितु जिले का नाम रोशन किया है। निलय कुमार केमिकल इंजीनियरिंग और बायोलॉजिकल साइंसेज में 8 साल के शोध अनुभव के साथ एक वैश्विक शोधकर्ता हैं। वे जैव-डेटा विश्लेषण, बहु-भौतिकी और सरोगेट मॉडल विकसित करने और उनके सत्यापन के लिए प्रयोगों को डिजाइन करने में अत्यधिक कुशल हैं। शीर्ष स्तरीय पत्रिकाओं में उनके 8+ से अधिक वैज्ञानिक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। वह डीएसपी रोड गुमला के हरि किशोर शाही एवं श्रीमती संगीता के पुत्र हैं।

निलय कुमार।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जुटाये तीन यूनिट रक्त

गुमला। सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के तीन कार्यकर्ताओं ने मरीज की जीवन रक्षा को लेकर शनिवार को रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में बजरंग दल गुमला जिला सुरक्षा प्रमुख मनीष बाबू, बजरंग दल गुमला नगर सहसंयोजक सूरज वर्मा और बजरंग दल गुमला नगर सक्रिय कार्यकर्ता रोहित कुमार ने रक्तदान किया। तीनों रक्तदाता ने सदर अस्पताल गुमला में इलाजरत जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान किया। मौके पर बजरंग दल गुमला के नगर सहसंयोजक सूरज वर्मा भी मौजूद थे।

बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने प्रखंड वासियों को दी ईद की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरा। ईद-उल-फितर शनिवार प्रखंड के विभिन्न गावो में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। आज ही के दिन महीने भर के रमजान का समापन भी होता है। श्रद्धालु मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की। मौके पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किया गया था बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी। ईद-उल-फितर पर प्रखंड वासियों को बधाई दी है। बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि ईद प्रेम और करुणा का पर्व है और हमें दूसरों की सहायता का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि समाज में भाई-चारा और आपसी सद्भाव आगे बढ़ाने की शपथ लें। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने भी ईद-उल-फितर पर लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रमजान की समाप्ति पर मनाए जाने वाला यह पर्व एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर है। उन्होंने लोगों से एकजुटता तथा मानवता की सेवा में समर्पित होने की अपील की। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने ईतर-उल-फितर के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में हर्षोल्लास के साथ मना ईद उल फितर, मांगी अमन चैन की दुआ

■ ईद को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, शहर से लेकर गांवों तक दिखा उल्लास का वातावरण

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में ईद-उल-फितर का त्यौहार सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को शहर के निगनी रोड स्थित ईदगाह सहित ग्रामीण अंचलों के तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गयी। जिले के पुलिस कप्तान आर रामकुमार के दिशा निर्देश पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। प्रत्येक जोन की कमान डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी संभाल रहे थे। लोहरदगा की कमान एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने संभाल रखी थी। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के ईदगाह में सुबह 7:45 बजे बड़ी संख्या में इस्लाम धर्मावलंबियों ने हजरत मौलाना मो. शमीम रिजवी की इमामत में ईद की नमाज अदा कीं। गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

देश और समाज में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि ईद प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। हम सभी इसे भाईचारे की भावना के साथ मना रहे हैं और अल्लाह पाक से देश और समाज में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं।

लोगों को ईद की बधाई देते एसडीपीओ।

खास बातें : अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि ईद प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। हम सभी इसे भाईचारे की भावना के साथ मना रहे हैं और अल्लाह पाक से देश और समाज में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं। अंजुमन इस्लामिया जेनरल काउंसिल के नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार ने कहा कि हम अमन चैन और भाईचारे का संदेश इस ईद के जरिए देना चाहते हैं। लोहरदगा में अभी भी गंगा-यमुनी तहजीब बाकी है। इंसा अल्लाह यहां फिर से सौहार्द की मिसाल कायम होगी।

सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन

सुरेश शर्मा बने अध्यक्ष और अभिमन्यु जयसवाल सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

डुमरी। सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल डुमरी परिसर में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे एवं जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह ने की। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों के समक्ष वर्तमान सचिव उदय साहु के द्वारा विद्यालय वृत एवं आय व्यय का ब्यौरा देते हुए विद्यालय की वर्तमान स्थिति बतायी। अध्यक्ष राजेश केशरी के द्वारा अध्यक्षीय संदेश देते हुए समिति को भंग कर नये समिति के गठन की घोषणा की गयी।

विद्यालय प्रबंध समिति के चयनित पदाधिकारियों के साथ लोग।

खास बातें : प्रांत शिक्षा प्रमुख ने संबोधित करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना का उद्देश्य एवं समिति के दायित्वों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि हमारा विद्यालय जनजातीय समाज के उत्थान हेतु स्थापित किया गया है। इसीलिए जनजातीय समाज के संरक्षण एवं संवर्धन में हम सबको अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। विद्यालय विकास के लिए समिति की अहम भूमिका रहती है इसीलिए समिति के लोगों पर विद्यालय को ऊंचाई तक ले जाने की जिम्मेवारी होती है। साथ ही विद्यालय हित के लिए समिति, अभिभावक एवं आचार्यों से मिलकर कार्य करने की अपेक्षा की। वहीं विद्यालय प्रबंधन हेतु नयी समिति के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी, सचिव अभिमन्यु जयसवाल, सहसचिव विकास प्रसाद, कोषाध्यक्ष बिपिन कुमार केशरी बनाये गये।

शास्त्र के साथ शस्त्र का भी प्रयोग करने का भगवान परशुराम ने दिया संदेश : मंत्री मिथिलेश

भगवान परशुराम भवन का निर्माण कार्य शीघ्र होगा पूर्ण, ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान ने किया परशुराम जयंती का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान गढ़वा के तत्वाधान में शहर के चिनिया रोड में भगवान परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान संस्थान के लोगों फरसा एवं अंग वस्त्र दे कर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने चिनिया रोड़ स्थित गौतम नगर में अधूरे पड़े भगवान परशुराम भवन का निर्माण जल्द पूर्ण कराने की बात कही। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज की रक्षा के लिए जरूरत पड़े तो शास्त्र के साथ शस्त्र का भी प्रयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती वैशाख मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इस पावन दिन को अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का जन्म हुआ था। भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। इतना ही नहीं इनकी गिनती तो महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित है कि भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के थे। इनके क्रोध से देवी-देवता भी थर-थर कांपते थे। इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार की पूजा करने से शौर्य, कांति एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और शत्रुओं का नाश होता है। मौके पर ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान के अध्यक्ष पूरन तिवारी, अमृत शुक्ला, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, आशुतोष पांडेय, धीरेंद्र चौबे, कृष्ण मुरारी पांडेय, संदीप दुबे, कंचन साहू, दिलीप गुप्ता, बलराम तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

कोडरमा में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनी

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शनिवार को नगर परिषद वार्ड नंबर-21 गुमो में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विधि विधान से पूजन व हवन किया गया। वहीं संध्या में संगीतमयी भजन प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सनातन कैलेंडर के अनुसार, हर वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इसके बाद आचार्य जयराम शास्त्री, आचार्य प्रदीप पांडेय ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में तृतीया तिथि में हुआ था। ऐसे में परशुराम का जन्मोत्सव भी प्रदोष काल में ही मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम एक मात्र ऐसे विष्णु के अवतार हैं, जो आज भी जीवित हैं। दक्षिण भारत के उडुपी के पास परशुराम जी का बड़ा मंदिर है। कल्कि पुराण के अनुसार, जब कलयुग में भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि अवतरित होंगे, तो परशुराम जी ही उनको अस्त्र-शस्त्र में पारंगत करेंगे। जजमान के रूप में कामेश्वर पांडेय, सौरभ पांडेय ने पूजा अर्चना की। बताते चले कि रविवार सुबह पूजन, हवन, आरती होगी, जबकि स्वजन बंधुओ के भोजन के बाद संध्या चार बजे से नगर भ्रमण को लेकर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। मौके पर त्रिवेणी पांडेय, अशोक पांडेय, भारत लाल पांडेय, संजय पांडे, आत्मानंद पांडेय, राजीव रंजन शुक्ला, राजन शुक्ला, मनीष पांडेय, अंनत पांडेय, अभिमन्यु पांडेय, आशीष पांडेय, आलोक पांडेय, रतन पांडेय, उमाकांत पांडेय, बबलू पांडेय, बिनीत अनिहोत्री, मुन्ना पांडेय सहित कई ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया

गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर पंचायत मुख्यालय में शनिवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सम्मानित ब्राह्मण मंडली के लोगों नें परशुराम भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में गिद्धौर पंचायत के ब्राह्मणों की उपस्थिति सराहनीय रही। माना जाता है कि बैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अपना छठवां अवतार लिया था। इसलिए अक्षय तृतीया के साथ-साथ परशुराम जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इस दौरान ब्राह्मण मंडली के लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण थे, लेकिन उनमें गुण क्षत्रियों वाले थे। ब्राह्मण होने के बाद भी परशुराम में इतना क्रोध था कि उनका नाम परशुराम पड़ा। धार्मिक मान्यताओं व हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार धरती पर राजा द्वारा अन्याय, अधर्म और पाप कर्मों का विनाश करने के लिए भगवान विष्णु ने परशुराम अवतार लिया था। इस मौके पर भूपेंद्र पांडेय, प्रदीप पांडेय, संजय पांडेय, पंकज पांडेय, मुनी पांडेय, राजकुमार पांडेय, जमुना पांडेय, कृष्णा पांडेय, बनवारी पांडेय, अशोक पांडेय, लंबोदर पांडेय आदि उपस्थित थे।

चतरा में भव्य रूप से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। प्रखंड अन्तर्गत टाउन हॉल टंडवा में भव्य रुप से सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की पूजा वैदिक मंत्रोचार से पूरे विधि विधान से किया गया और ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद उपस्थित विद्वत व प्रबुद्ध लोगों के द्वारा अपने अपने विचार को रखा गया, जहां सभी वक्ताओं ने ब्राह्मण एकता पर जोर दिया, समाज का उत्थान हो, समाज संगठित रहे, समाज शिक्षित व संस्कारिक रहे और हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में रहे साथ ही आवश्यकतानुसार अन्याय के खिलाफ भगवान परशुराम की तरह उसी भाषा में जवाब दिया जाए।आगे हर वर्ष भव्य तरीके से परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाए, समाज का बीच बीच में बैठक हो जिसमें समाज का उत्थान, एकता व अन्य विषयों के निवारण हेतु अगले महीने एक बैठक कर समाज का एक ब्राह्मण समाज का परशुराम ट्रस्ट का गठन किया जाएगा।

अगली बैठक हेतु अक्षयवट पांडेय को संयोजक बनाया गया। समारोह में विचार रखने वालों में ईश्वर दयाल पांडेय, एन के पाठक, विजय चौबे, गोविंद तिवारी,छेदी पांडेय, नीरज तिवारी, आशुतोष मिश्रा, गोपाल दत्त शर्मा, सतीश पाठक,परमानंद मिश्रा व अन्य थे। कार्यक्रम का संचालन सुमन भारतीय ने किया। जयंती समारोह में टंडवा प्रखंड के सिसई, कढ़नी, फुलवरिया, बेलवारी, किसुनपुर, राहम, बड़गांव, सोपारम, कुडलौंगा सहित विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर ब्राह्मण एकता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग किया।

सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी

ईद का नमाज अदा करते लोग

गढ़वा। जिले भर में अकीदत व मसर्रत के साथ ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया गया। मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज- ए- ईद - उल- फितर अदा की। नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी।

केतार में धूमधाम से मना ईद

केतार। शुक्रवार की शाम ईद के चांद के दीदार के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शनिवार को हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ ईद उल फितर यानी मीठी ईद का त्योहार मनाया। शनिवार सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के केतार, नावाडीह, बेलाबार, पचाडुमर में सुबह से ही बच्चे, बूढ़े व नवजवानों ने ईद का नमाज पढ़ने मस्जिद पहुंचे।

ईदगाह और मस्जिदों में सुरक्षा का इंतजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंत स्थानीय जयनगर, पिपचो, बेको, तिलोकरी, गरचांच, मंडरिया, तेतरोन, परसाबाद, गडगी, बिसोडीह, हीरोडीह, खेसकरी, सहित विभिन्न ईद्गाह एवं मस्जिदों में सुबह 7 बजे से ही विभिन्न इलाकों में नमाज पढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान वक्ताओं ने कहा एक-दूसरे से हमदर्दी रखने और प्रेम, भाईचारा बढ़ाने का त्योहार है। ईद की खुशियां मनाएं और साथ में यह भी देख लें कि हमारा पड़ोसी भी भूखा न रहे। उल्लेखनीय है की ईद उल फितर पर शनिवार को प्रखंड के ईद्गाह और मस्जिदों में अकीदत और पाकीजगी के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम बंधुओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में ईदी पाने के लिए खासा उत्साह रहा। वहीं कई जगहों पर ईद मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई।

आपको बता दें की ईद उल फितर मुसलिम भाईचारे के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। फितर का अर्थ है व्रत खोलना या पूरा करना।

लगभग सभी मस्जिदों के पास दिखे प्रशासन

गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड के अंतर्गत सभी गांव के मस्जिदों में शनिवार सुबह 7:00 से 8:00 के बीच धूमधाम से खुशी के साथ ईद -उल - फितर की त्योहार मनाया गया एवं आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। इस ईद पर सामूहिक रूप से मिल -जुलकर इबादत किया। सुबह मस्जिद में नमाज पढ़ गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दी। बताते चलें कि प्रखंड के गांगपुर, तिलैया द्वारी, तरी, सिंदवारी खुर्द, किरकिरा, सलीमपुर, बरटा, लुबधिया गांव के मस्जिदों में नमाज पढ़ा गया। मुस्लिम धर्मावलियों के लोग सुबह से ही नए नए कपड़े पहनकर अपने-अपने गांव की मस्जिद की ओर नमाज अदा करने के लिए पहुंचने लगे थे।

ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न, लोगों ने गले मिलकर दी ईद की बधाई

प्रखंड के विभिन्न गांवों सतगावां, शिवपुर, अंगार, माधोपुर, डेगोडीह, मीरगंज, मोदीडीह, समलडीह, बासोडीह आदि गावों में शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। इस दौरान सब की जुबान पर अल्लाह हु अकबर अल्लाह अकबर की सदा बुलन्द हो रही थी। ज्ञात हो की शुक्रवार को देर शाम देश के विभिन्न क्षेत्रों में ईद का चांद देखा गया और ईद उल फितर मनाया गया।

जिला मुख्यालय स्थित ईद्गाह में मौलाना शहादत हुसैन, असनाबाद मस्जिद में हाफिज सरफराज, बेलाल मस्जिद में हाफिज सफीक व मक्का मस्जिद में हाफिज अल्ताफ ने ईद उल फितर की नमाज सामुहिक रूप से अदा कराया। इस दौरान जलवाबाद ईद्गाह में मौलाना शहादत हुसैन ने लोगों को संबोधित करते हुए ईद के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की ईद अल्लाह का रमजान के रोजे के बाद एक तोफा है।

इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं : इमाम रफीक

इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इंसान को इंसान की भलाई का ही कार्य करना चाहिए। ईद का पर्व हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करता है। ईद पर हर शख्स एक-दूसरे को जो मुबारकबाद देता है। उक्त बातें प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित जामा मस्जिद के इमाम रफीक आलम ने ईद के दौरान तकरीर में समाज जनों के बीच कही। उन्होंने कहा कि ईद रोजा रखने वालों को खुदा की तरफ से दिया गया तोहफा है।

चांद दिखते ही रोजेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा

एक महीने के पवित्र रमजान के बाद शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया। हालांकि शुक्रवार की शाम चांद दिखते ही रोजेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शनिवार को सुबह से उनकी यह खुशी परवान चढ़ गयी। रंग-बिरंगे नये कपड़े पहनकर मुस्लिम भाई सबेरे से ही सड़क पर उतर गये थे। उनके चेहरे खिले हुए थे। दरअसल एक महीने के रमजान की समाप्ति की खुशी थी जो लोगों के चेहरे पर साफ झलक रही थी। प्रखंड के बगड़ो, बगरीडीह, मसमोहना, मसनोडीह, महथाडीह, शहीद चौक, नावाडीह, सपही, ढोढाकोला, सहित डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में ईद की धूम रही। आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दिया गया, क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी ने ईद का जश्न मनाया। सभी एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयां का लुत्फ भी उठाया। सेवइयां की मिठास आपस में भाईचारगी, एखलाक और मुहब्बत का रस घोलती हुई नजर आयी। वहीं पर्व शांतिपूर्ण तरीके से गुजरे और किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो इसके लिए डोमचांच पुलिस प्रशासन एक्टिव दिखी। हर चौक चौराहों सहित मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास डोमचांच प्रशासन की पैनी नजर रही।

नमाज के बाद एक दुशरे से मिले गले

सिमरिया। प्रखण्ड में ईदुल फितर की नमाज हर्षोल्लास के साथ अपने अपने गाँव व शहरों के मस्जिदों एवं ईदगाहों में पढ़ी गयी। नमाजों में खुदा से शुक्रिया अदा किया साथ हीं अपने क्षेत्र मुल्क की अमन चैन की दुवाएं मांगी गयी। नमाज के बाद एक दुशरे से गला मिल ईदुल फित्र की खुशियां जाहिर किया। वहीं एक दुशरे के घर देशी सेवई से लेकर लच्छे का खूब लुत्फ उठाया।

एक नजर में

पृथ्वी दिवस के मौके पर समर्पण संस्था ने किया नुक्कड़ सभा

कोडरमा। पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को समर्पण, लीड्स एवं झारखण्ड यूथ नेटवर्क की ओर से समाहरणालय से गांधी चौक कोडरमा तक रैली, मानव श्रृंखला का निर्माण एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि आज हम सभी ग्लोबल वार्मिंग के चपेट में है, पर्यावरण खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन को बचाना हम सबकी जवाबदेही-जिम्मेदारी है। उन्होंने धारा को सुंदर और व्यवस्थित करने के लिए सभी को संकल्प लेने की बात कही। वहीं समर्पण के सचिव इंद्रमणि साहू ने कहा कि पृथ्वी दिवस से लेकर पर्यावरण दिवस तक कुल 45 दिनों तक लगातार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में जल, जंगल, जमीन की रक्षा को लेकर जागरूकता लाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने, जंगल बचाने, रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही।

दुष्कर्म के प्रयास मामले में आरोपी को भेजा जेल

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया पुलिस ने घरघ में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी विद्यापुरी निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि युवक के द्वारा बुधवार की रात कोडरमा स्टेशन के समीप रहने वाली नाबालिग युवती के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया था।

हाईकोर्ट ने हत्याकांड के आरोपियों को रिहा करने का दिया आदेश

मरकच्चो (कोडरमा)। नरबलि हत्याकांडघ में आजीवन कारावास के सजायाफ्ता रामदेव पांडेय, संतोषी कुमारी और नथन तुरिया की अपील स्वीकार करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने आरोपों से मुक्त कर दिया। ज्ञात हो कि वर्ष 2012 मेंघ मरकच्चो थाना कांड संख्या 27/2010(अमन कुमार हत्याकांड) को लेकर इनको आजीवन कारावास की सजा वर्ष 2012 में सुनाई गईघ थी। सजा के खिलाफ वे उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। उच्च न्यायालय में मामले में कारावास की सजा भुगत रहे रामदेवघ पांडेय व नथन तुरिया को रिहा करने का आदेश दिया है। जबकि संतोषीघ कुमारी पूर्व से ही जमानत पर बाहर है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद एवं न्यायाधीश सुभाष चांद की खंडपीठ ने की।

165 स्कूलों में खरीदा जायेगा बेंच-डेस्क

कोडरमा। सरकारी स्कूल अंतर्गत हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूलों में बच्चों को सभी तरह के आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंच-डेस्क की कमी को पूरा किया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने बताया कि बेंच डेस्क की कमी को लेकर पूर्व में राज्य को भेजे गए डिमांड के आधार पर राशि प्राप्त हुई है। इसके आलोक में विद्यालयों को प्रति बेंच-डेस्क के लिए 5000 के तहत जरूरत के हिसाब से राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के 2 हाई स्कूल सहित 163 मध्य विद्यालयों को बेंच-डेस्क की खरीदारी के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

तिलक चढ़ा कर लौट रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत, दो घायल

धुरकी/रमना। धुरकी थाना क्षेत्र के पनघटवा गांव निवासी गरीबा राम के 22 वर्षीय पुत्र रिंकू राम की बहियार मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह छह बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रिंकू जमुआ गांव से अपनी बहन का तिलक चढ़ाकर बाइक से लौट रहा था। इसी क्रम में बहियार मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि बाइक सवार अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजेंद्र राम के पुत्र अरुण कुमार और प्रवीण कुमार का नाम शामिल है। रमना पुलिस ने मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। साथ ही घायलों को ग्रामीणों की मदद से रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। मौत की खबर सुनकर मुखिया सगुनी राम, पूर्व जिप सदस्य जानकी सिंह, मनोज सिंह, पूर्व मुखिया पति अखिलेश पासवान, बीडीसी सुरेन्द्र साह, राधेश्याम पासवान, देवीलाल पासवान, सूचित कुमार आदि ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया।

आर्म्स एक्ट के एक अभियुक्त को जेल

डोमचांच (कोडरमा)। थाना कांड संख्या 101/22 के अभियुक्त 30 वर्षीय रितेश कुमार पिता गणेश साव, ग्राम सपही, थाना डोमचांच जिला कोडरमा को डोमचांच थाना पुलिस ने पकड़कर शनिवार को जेल भेज दिया। विदित हो कि अभियुक्त पर धारा 25, (1बी)(ए) 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

35 वर्षीय युवक का शव बरामद

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरी नदी माधोपुर पुल से 500 मीटर पश्चिम आठवीं पिलर के सामने नदी में बालू से ढंका एक शव को शनिवार को अहले सुबह सूचना के आधार पर पुलिस ने बरामद किया। बरामद शव की पहचान ग्राम माधोपुर निवासी मनोज शर्मा पिता बदरी शर्मा उम्र 35 वर्ष के रूप में की गई। बताया जाता है की मृतक मनोज शर्मा बासोडीह बाजार में अपना सैलून की दुकान खोले हुए था, जो नित्य दिन की भांति बाजार से रात में सैलून बन्द कर घर वापस आ रहा था। खबर सुनते ही आस पास गांव के लोगों की भीड़ लग गई और कौतूहल का विषय बन गया की आखिर मौत कैसे हुई। वहीं सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया, जहां से दो गमछा भी बरामद हुई। मृतक का चार भाइयों में सबसे बड़ा था जिसके चार पुत्र है। खबर सुनते ही परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, वहीं थाना प्रभारी मामले की छानबीन में लगे हुए हैं।

बिना चालान का बोल्डर लदा हाइवा जब्त

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बंधनचौक के समीप बिना चालान का बोल्डर लदा हाइवा को शनिवार की शुबह जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मरकच्चो बंधन चौक होते हुए बरियारडीह की ओर जा रही हाईवा जेएच12के/4333 आ रही थी। इसी बीच मरकच्चो थाना गस्ती दल के द्वारा बोल्डर लदा हाइव से चालान की मांग की गई। चालान नहीं दिखाने पर हाइवा को जप्त कर अग्रेसित कार्रवाई के लिए मरकच्चो थाना में सुरक्षित रखा गया है। गश्ती दल में थाना प्रभारी लव कुमार के साथ मरकचो पुलिस जवान मौजूद थे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में पृथ्वी दिवस को लेकर बच्चों के बीच कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच पौधा और पौधा लगे गमला का वितरण किया गया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने पेड़ पौधों की तस्वीर बनाकर पृथ्वी को हरा भरा रखने और इसे बचाने का संदेश लोगों को दिया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने लोगों को पृथ्वी दिवस की बधाई दी। मौके पर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, कामिनी सहाय, सुभय कुमार, मरियम समेत अन्य शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

मस्जिदों में अदा की गयी ईद की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम, अम्वाटोली स्थित मस्जिद ए गौसिया, मदीना मस्जिद समेत अन्य गांव की मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम में मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर साहब के द्वारा 8:30 मदीना मस्जिद में इमाम हाफिज खालिद साहब के द्वारा 8:30 बजे एवं मस्जिदे गौसिया में इमाम मौलाना गुलाम सरवर फैजी के द्वारा 8:15 ईद की नमाज अदा कराई गई। ईद के नमाज की तैयारी को लेकर लोग सुबह से ही मस्जिदों में आना शुरू हो गए। वक्त होते-होते मस्जिद पूरी तरह से नमाजियों से भर गई और वक्ते मुकर्ररा पर इमाम के पीछे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व जामा मस्जिद मदीना मस्जिद गौसिया मस्जिद के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। वही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बताया गया कि यह ईद इनाम के तौर पर दिया गया है। जब मोमिन सभी रोजा पूरा कर लेता है तो अंतिम दिन ईद मनाई जाती है। आगे उन्होंने बताया कि इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे छोड़कर आपस में मेलजोल भाईचारे का मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दें। किसी तरह से भी किसी के लिए दिल में किना हसद ना रखें। ईद के नमाज से पूर्व जितने भी लोग हैं उन्हें सदकाए फितर अदा करना वाजिब है। सभी लोग नमाज से पहले पहले तक सदका ए फितर अदा कर देते हैं। जो जकात की ताकत रखते हैं वह सभी भी ईद से पहले पहले अपनी जकात भी अदा कर देते हैं। नमाज के बाद मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दुआएं की गई उन्होंने दीन दुनिया आखिरत के लिए दुआएं की। उनके द्वारा राज्य देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। जिसके बाद सलातो सलाम पढ़ी गई। और इन लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज अदा करने की लेकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

ईद को लेकर बच्चों में देखी गई काफी उत्साह

ईद को लेकर खास तौर में बच्चों में काफी उत्साह देखी गई बच्चे सुबह से ही नहा धोकर नए परिधानों में सज धज कर नजर आए। बच्चे भी आपस में गले लगाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिए।

ईद को लेकर कई तरह के बनाए जाते हैं व्यंजन

ईद की तैयारी को लेकर कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जिसे लेकर महिलाएं रात से ही लग जाते हैं। खासकर मीठी सेवइयां की की तो बात ही अलग है। जैसे शीर खुरमा, गुलाब जामुन, फालूदा, छोला पूड़ी, दही बड़ा, पलाव, बिरयानी, समेत अन्य कई तरह व्यंजन बनाए जाते हैं।

सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा की गई थी पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा को लेकर महुआडाड पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था। महुआडांड़ थाना प्रभारी के निर्देश पर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, गौसिया मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

शांतिपूर्ण माहौल में ईद उल फितर की नमाज अता की

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय सहित इटके, शिबला, साल्वे, रत्नादाग, फुलसु, नावाडीह सहित विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे मौलाना जसिमुद्दिन के नेतृत्व में नमाज अदा कराई गई। इटके ईदगाह में सुबह 8:30 बजे मौलाना शमसाद, साल्वे जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज इमतियाज, शिबला जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज शमसेर, फुलसु ईदगाह में 8:30 बजे हाफिज शमीम, नावाडीह मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज इरफान, बठेठ जामा मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज महताब, रत्नादाग जामा मस्जिद में 7 बजे हाफिज आरिफ बिल्लाह के द्वारा नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी एवं अपने हैसियत के मुताबिक गरीबों को दान भी दिया।वहीं बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। नमाज अदा के पहले मस्जिद के इमाम ने कहा कि इस मुबारक महीने में खुदा अपने बंदों को बहुत ज्यादा नवाजता है। और उसके दुआओं को आसानी से कबूलता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी दल बल के साथ पुरे प्रखंड क्षेत्र में गश्त करते दिखे। इसके अलावा प्रखंड प्रशासन की ओर से गस्ती में शशिभूषण उरांव एवं मजिस्ट्रेट के रूप में इटके ईदगाह में रवी कुमार यादव, बारियातु जामा मस्जिद में अनेश्वर प्रसाद, फुलसु ईदगाह में प्रभात उरांव एवं शिबला जामा मस्जिद में रामदेव नगेसिया मौजुद रहे। इस मुबारक एवं खुशी के अवसर पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव,मुखिया शांति देवी, राजिव भगत, टोंटी पंसस मो होजैफा, पुलिस अवर निरीक्षक, दीपक नारायण सिंह, बिंदेश्वर महतो, रवी कुमार, टोंटी उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद समाजसेवी नन्दु उरांव सहित कई गणमान्य लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में पहुँच कर ईद के मुबारक बाद दिए।

मुल्क में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं, एक दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद

बरवाडीह। मुस्लिम धमार्लंबियों द्वारा शनिवार को ईद का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बरवाडीह के जामा मस्जिद के साथ-साथ पोखरीकला, छेंचा, कुचिला और अहिरपुरवा सहित अन्य मस्जिदों में सुबह ईद की नमाज बहुत ही अकीदत के साथ अदा की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए और नमाज अदा की। इस दौरान नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। वहीं नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। उधर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने पोखरी कला जामा मस्जिद और कुचिला सहित अन्य मस्जिदों में पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई दी। बता दें कि बरवाडीह हमेशा कौमी एकता का मिसाल बना रहा है, और इस बार भी कुछ इसी अंदाज में हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं देते दिखाई दिए। ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद नजर आई। हर मस्जिदों और चौक चौराहों में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।

दिन भर चलता रहा दावतों का दौर

ईद के मौके पर देर रात तक दावतों का दौर चलता रहा। उधर कुचिला स्थित समाजसेवी नजाम खान के आवास पर विधायक रामचंद्र सिंह, एसडीपीओ दिलु लोहार, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, समाजसेवी श्रवण सिंह, दीपक प्रसाद और कृष्णा प्रसाद सहित कई दिग्गज नेता और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर ईद की बधाई दी और दावत का लुत्फ उठाया।

ईद की मुबारकबाद देते विधायक।

स्पीड न्यूज

हनुमान मंदिर में मनायी गयी भगवान परशुराम की जयंती

लातेहार। शहर के अंवाटीकर में स्थित हनुमान मंदिर में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमचंद पांडेय ने किया। सभा को संबंधित करते हुए प्रेमचंद पांडेय ने बताया कि परशुराम को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम का संचालन अंकित पांडेय ने किया। मौके पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम की जीवनी व उनसे जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आशीष पांडेय ने दिया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के सच्चिदानंद पांडेय, नरेश पाठक, त्रिभुवन पाण्डेय, राजन तिवारी, ललित पांडेय, पंकज तिवारी, ध्रुव पांडेय, रवि प्रकाश दुबे, विशाल भास्कर, जयकिशोर उपाध्याय, प्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, पारस तिवारी, रोहित तिवारी, अरविंद पाठक, सौरव पाठक, बिपुल पांडेय, पीपी पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

लाखों की संपत्ति जलकर राख

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड स्तिथ संतोष सोनी के सुनार दुकान में आग लग गयी। जिससे लाखो का समान जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में दुकान संचालक संतोष सोनी ने बताया कि अन्य दिनों की तरह वह शुक्रवार को दुकान बंद कर अपने घर चला गया हुआ था। जहां शनिवार की अहले सुबह लगभग साढ़े तीन बजे दुकान में आग लग गई। आग लगा देख आसपास के रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना संतोष को दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। घटना में दुकान में रखा चौकी, गद्दा, इनवर्टर, सोने और चांदी से बने कई सामान सहित दुकान में रखे हुए नगद रुपये भी जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं दुकान संचालक में इसकी सूचना बालूमाथ थाना पुलिस को दे दी है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शांतिपूर्ण माहौल में ईद उल फितर की नमाज अदा किया गया

बेतला। बरवाडीह प्रखंड के पोखरीकला बेतला सरईडीह इस्लामपुर मस्जिदो मे मुस्लीम धर्मावलंबियो के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। पोखरीकला जमा मस्जिद जमाले तैयबा सईदना मस्जिद बेतला मस्ज़िद मौलना शेखावत बेतला, मौलना हनान मिसवाही पोखरीकला मौलना जुबैर साहब मौलना तोकीर साहब इन सभी मौलनाओ के द्वारा नमाज कदा कराई गई। वहीं मस्जिदों मे ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से लोगो के बीच जानकारी दि गई। वहीं ईद की नमाज के एक दुसरे से गले मिलकर ईद उल फितर की शुभकमाए एक दुसरे को देते रहे। वहीं पोखरीकला के कमेटी के साथ–साथ समाजसेवी ने एक दुसरे से मिलकर ईद की शुभकमानाए दिए हाजी मुमताज, अली सफीक अंसारी, ऐनूल होदा, गुलाब अंसारी, वही सईदना कमेटी के कुतबूदीन अंसारी सलाम अंसारी, मनान अंसारी, अताउल अंसारी, सोएब अंसारी, महफुज आलम, हसीबूल अंसारी, ऐनूल अंसारी, राशीद अंसारी, दानिस अंसारी, बेतला से नसीम अंसारी, सईद अंसारी ने एक दुसरे से गले मिलकर ईद की एक दुसरे से मिलकर बधाई देने का काम किए। वहीं मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह बरवाडीह, बीडीओ राकेश सहाय, पुनि अनील उरांव, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बरवाडीह प्रखंड के सभी मुस्लीम बहुल्य क्षेत्र मे पहुंचकर ईद उल फितर की दिए शुभकमनाए।

मनिका प्रखंड में दुष्कर्म की पीड़िता ने न्याय के लिए पुलिस प्रशासन से लगाई गुहार

दो बार आवेदन देने के बाद भी दर्ज नहीं हुआ मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित दुंदु पंचायत के ग्राम दुंदु निवासी दुष्कर्म की पीड़िता जिसका काल्पनिक नाम बबीता कुमारी उम्र लगभग 17 वर्ष हो रहा है जिसके साथ अखिलेश कुमार पिता भिखारी भुइयां ग्राम बेंदी टोला सुखलकट्ठा थाना लातेहार के निवासी ने 2021 मार्च से 2023 तक पीड़िता के साथ शारीरिक शोषण करते आ रहा है। युवक हमेशा ही पीड़िता को धमकी देकर उसके साथ शारीरिक शोषण करता था,पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व 1 अप्रैल को युवक पीड़िता को जबरदस्ती बाइक में बैठा कर पतकी जंगल लेकर जा रहा था,इसी क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में पीड़िता के बायां पैर फैक्चर हो गया है दुर्घटना होने से युवक डर गया और पीड़िता को सदर अस्पताल लातेहार ले जाकर इलाज कराया फिर पीड़िता को घर लाकर छोड़ दिया। पीड़िता अभी भी घायल अवस्था में है। पीड़िता ने युवक के खिलाफ 2 अप्रैल और 20 अप्रैल को एफ आई आर दर्ज कराने के लिए महिला थाना लातेहार को आवेदन दिया था लेकिन पीड़िता का मामला दर्ज नहीं किया गया। जिसके बाद पीड़िता थक हार कर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी से संपर्क करके मामले के विरोध में उन्हें आवेदन सौंपा। जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रखंड टीम ने पीड़िता के घर जाकर पुरी मामले की जांच पड़ताल किया और पीड़िता को न्याय दिलाने की आश्वासन देते हुए लातेहार महिला थाना जाकर जल्द ही मामला दर्ज करवाने की बात कही। मौके पर सीमा कुमारी, विशाल कुमार पासवान, भाकपा माले नेता अजय यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर राष्ट्रीय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ **2030 तक देश को बाल विवाह मुक्त देश बनाना लक्ष्य: एलन टोपनो**

चंदवा। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन (केएससीएफ) के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय परीचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर से गैर सरकारी सामाजिक संगठनों के लोग जुड़े व सरकार से एक स्वर में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने, मौजूदा कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग भी की। साथ ही सरकार से बाल विवाह निषेध कानून बनाने व 18 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराने की मांग की। बिहार मेनो नाइट मंडल के अध्यक्ष एलेन टोपनो ने कहा कि हमारी संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के साथ मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ हर कदम उठा रही है। बाल विवाह मानव स्वतंत्रता, सम्मान, सामाजिक नैतिकता, समानता एवं समावेशी करण पर बहुत बड़ा हमला है। हम सभी सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों से अनुरोध करते हैं कि कानून में संशोधन के साथ साथ अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा उम्र सीमा को 18 वर्ष करके बच्चों एवं विशेषकर लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करें। इससे बाल विवाह को रोकने में काफी मदद मिलेगी। हमारा लक्ष्य सन 2030 तक समाज को बाल विवाह को पूर्णतः समाप्त कर बाल विवाह मुक्त देश बनाना है।

मनिका प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया ईद का त्यौहार

मौके पर उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ **सभी मस्जिदों में अकीदतमंदो ने अदा की ईद की नमाज**

मनिका। मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। ईद के नमाज की तैयारी को लेकर क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही जिसके बाद सभी ने ईद की नमाज अदा की। नमाज से पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी भी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद का मुबारकबाद दिया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के अन्य समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए कमार्ही स्थित चौकिया गांव निवासी युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी के आवास पर पहुंचे और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दिए और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। ईद त्यौहार को लेकर खासतौर पर बच्चों में काफी उत्साह देखी गई। वहीं थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन की टीम पूरी तरह से मुस्तैद रही। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, इसराइल अंसारी, रघुपाल सिंह, युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी, नागेंद्र यादव, अनिल यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

कार की चपेट में आया ऑटो सवार, दो लोग गंभीर रूप से घायल, एक का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

चंदवा। एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के लुकुईया के समीप बीती देर रात्रि एक कार ने ऑटो को चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से ऑटो में सवार 2 लोग मदन गंझू व राजेश गंझू (दोनो अमझरिया चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार लोगो के द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मदन गंझू की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद चंदवा पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऑटो सवार लोग चंदवा बाजार से अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान कार ऑटो को चपेट में ले लिया। कार के चपेट में आने के बाद ऑटो में सवार एक युवक मदन गंझू का पैर कार के चक्के के चपेट में आ गया व पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

चंदवा में शांतिपूर्ण माहौल में मनी ईद मांगी गयी अमन शांति की दुआएं

एक दुसरे से गले मिल बधाई देते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। चंदवा शहर समेत मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में शनिवार को ईद उल-फितर का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। शनिवार की सुबह चंदवा के शुक्र बाजार, तिलैयाटांड, कामता, कुजरी, हुचलु, बोदा, बेलवाही, माल्हन, चकला समेत विभिन्न मस्जिदों में अकीदतमंदों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। कोरोना संक्रमण काल के दो वर्ष बाद लोगों ने इस वर्ष ईद पर सामूहिक रूप से मिल-जुलकर इबादत किये। सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद मित्रों एवं सगे संबंधियों के घर जाकर सेवई के दावत का लुत्फ भी उठाया। इसके पूर्व शनिवार की शाम चांद दिखने के बाद से ही मुस्लिम धर्मावलंबी खुशी का इजहार किया व एक दूसरे को चांद रात की बधाई दिए। इस दौरान चंदवा बाजार में भी रौनक देखने को मिली। इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार ईद के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद देखी गयी। बाजार, चौक-चौराहों एवं मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई थी।

स्टडी प्वाइंट कोचिंग सेंटर का विधायक रामचंद्र सिंह ने किया उद्घाटन

उद्घाटन के दौरान विधायक व अन्य।

बेतला। बरवाडीह प्रखंड के कुटमु चौक के समीप स्टडी प्वाइंट कोचिंग सेंटर का शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह बेतला के पूर्व मुखिया संजय सिंह समेत कई लोगों ने फीता काटकर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा आज के परिवेश में सबसे अहम जरूरी है। लोग आधे रोटी खाए लेकिन अपने बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा अवश्य ग्रहण कराएं। तभी समाज सुधरेगा एवं बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे। इस दौरान शिक्षक सह कोचिंग सेंटर के संचालक विकास सिंह, संजीव पाल ने कहा कि ऐसे क्षेत्र में भी शिक्षा की घोर कमी है। हम सभी का प्रयास है कि कम संसाधन और कम खर्च में यहां के छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल पाए। इसके लिए हम लोग सदा तत्पर रहेंगे। ताकि बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य को उज्जवल कर सके एवं अपने माता-पिता का भी सपना को पूरा करें। मौके पर जयप्रकाश बैठा उमेश कुमार रजक, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। क्लास एक मई से प्रारंभ कर दी जाएगी।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न, प्रखंड अध्यक्ष बने हीरा प्रसाद यादव

एजेंसी

लातेहार। होटल कार्निवाल में शनिवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने की। बैठक में चर्चा किया गया कि लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण शुन्य कर दिया गया है। जबकि इस जिले में ओबीसी की जनसंख्या लगभग 68% है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। वर्तमान आरक्षण व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए हमें किस प्रकार की पहल करनी चाहिए सभी लोगों ने अपना महत्वपूर्ण विचार दिए। नियुक्ति से पूर्व वर्तमान आरक्षण व्यवस्था पर रोक लगाने हेतु उच्च न्यायालय में रिट दायर करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसके लिए जन आंदोलन की बात कही गई। जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि संगठन को हर दृष्टि से मजबूत करना गांव पंचायत तक ले जाना है। अब बड़ा से बड़ा आंदोलन करना होगा। जिससे हम लोगों का हक अधिकार मिल सके।

मौके पर मौजूद लोग।

प्रखंड ओबीसी मोर्चा का किया गया गठन

जिसमें प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव संजीत प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, संजय यादव, कपिल प्रसाद, मीडिया प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता का चयन किया गया। साथ ही अगली बैठक में प्रखंड कमेटी का पूर्ण विस्तार का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिवक्ता सुनील प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, अरविंद कुमार चंद्रवंशी, उमेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, प्रवीण कुमार यादव, संतोष कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, संजीव कुमार चंद्र, मिशाल कुमार, विशाल कुमार, निर्मल कुमार यादव, शिव शंभू प्रसाद, नीरज प्रसाद, आशीष कुमार गुप्ता, उदय कुमार यादव, जनेश्वर यादव, ठाकुर दयाल यादव, कुलदीप यादव, प्रदुमन यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देता है ईद

ईदगाह में अदा की गई ईद की नमाज, एक-दूसरे से गले मिल कर दी मुबारकबाद

ईद मुबारक

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद/निरसा। रमजान के खत्म होने की खुशी के अलावा ईद पर मुसलमान अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं कि उन्हें महीने भर रोजा रखने की ताकत दी। रमजान खत्म होने की खुशी में सभी मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह में पहुंच कर खुद से सुख शांति और बरकत के लिए दुआ मांगते हैं। यह पर्व ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्यौहार है इस दिन सभी गम को भुला कर आपस में मिलकर मनाते हैं। शिवलीबाड़ी के ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह में उपस्थित हुए जहां ईद की नमाज अदा की गई।

मौलाना मसूद अजहर ने बताया कि ईद मुसलमान समुदाय का सबसे पवित्र धार्मिक त्योहार है। ईद से पहले 30 दिनों तक रमजान का पवित्र महीना होता है, जिसमें सभी मुस्लिम उपवास यानि रोजा रखते हैं। रमजान के पवित्र महीने की शुरूआत इस वर्ष 23 मार्च को चांद के दीदार के साथ हो गई है और आज ईद की नमाज अदा की जा रही हैं। पूरे विश्व मे अमन चैन कायम रहे एक दुशरे से भाईचारगी बनी रहे इसी के लिए दुआ मांगी गई है। नमाज अदा करने के पश्चात एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और ईद रमजान में जकात अदा करने की परंपरा है। जिसे लोग बड़े ही सिद्दत के साथ अदा करते हैं। इस मौके पर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी,झामुमो के केन्द्रीय सचिव अशोक मंडल, जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी, झामुमो 20 सूत्री के उपाध्यक्ष असरफ आलम,निरसा विडियो विकास कुमार रॉय ने सभी को ईद की बधाइयां दिए,जिला एवं स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देखी गई और लोग शांति पूर्वक ईद की नमाज अदा किए।

ईदगाह में पानी और शर्बत का वितरण

बेरमो। ईद के दिन गांधीनगर ईदगाह में समाजसेवी मोहम्मद बलाल अनीस और जगदीश मुखर्जी के द्वारा ईद की नमाज पढ़ने के लिए आने वाले लोगों के लिए पानी व ठंडे पानी का इंतजाम किया गया। मौके पर बलाल अनीस ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ने के लिए कुरपनिया पानी टंकी एरियाए मिल्लत क्लब एरियाएडे बाजारए गांधीनगरए बारीग्रामए चलकरी कॉलोनी व रामनगर से लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए आते हैं। ईदगाह में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। गर्मी की शिद्दत को देखते हुए पिछले साल से जगदीश मुखर्जी की मदद से ईदगाह में ठंडे पानी और शर्बत का इंतजाम किया जा रहा है।

मिल जुलकर खुशी मनाने का सौगात देता है ईद

कतरास। शनिवार को ईद के मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने क्षेत्र वासियों को ईद की मुबारकबाद दी। क्षेत्र के विभिन्न अल्पसंख्यक गांव में जाकर लोगों से गले मिले और लोगों को ईद की बधाई दी। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि त्यौहार समाज में मोहब्बत और खुशियों की पैगाम लेकर आती है। और समाज में सभी लोगों को भाईचारे के साथ मिलजुल कर खुशियां मनाने की सौगात देती है। इस दौरान इम्तियाज खान, मोहम्मद मुजाहिद,शबीर अंसारी, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद फरीद अंसारी मौजूद थे।

कतरास में ब्राह्मण समाज ने मनायी भगवान परशुराम की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। परशुराम जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को ब्राह्मण कल्याण मंच परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति कतरास के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग माथे में त्रिपुंड व पारंपरिक वेशभूषा में नदी किनारे सूर्य मंदिर प्रांगण से शंख ध्वनि के साथ नगर भ्रमण करते हुए कतरास डीएवी प्लस टू विधालय कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा यात्रा के आगे आगे भगवान परशुराम के रूप धारण किए कलाकार चल रहे थे पीछे पीछे हजारों की संख्या में समाज के लोग हाथों में धार्मिक पताका व जय परशुराम के उद्घोष के साथ कतारबद्ध होकर चल रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम का विधि-विधान के साथ पुजन व महाआरती की गई। तदोपरान्त मंच के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया वक्ताओं ने कहा कि बाबा परशुराम ब्राह्मण समाज के भगवान है। उन्हें उनकी वीरता और पराक्रम के कारण जानते है। उनका शास्त्र एक फरसा था जो की महादेव द्वारा उन्हें वरदान में मिला था। वे त्रेता युग के ऋषि थे जो की विष्णु भगवान के अवतार थे परशुराम जयंती का पर्व ब्राह्मण समाज के लोगों विभिन्न इलाकों में धूमधाम से मनाते हैं.ब्राह्मण समाज ने सदैव सभी जाती धर्म समाज का मार्गदर्शन कर प्रदेश और देश को दिशा दी है।

स्पीड न्यूज

बोकारो में प्रज्ञा केंद्र के संचालक से पिस्टल की नोक पर लूटपाट

बोकारो। बोकारो में तुपकाडीह से बोकारो स्टील प्लांट के एसपीजी गेट होकर कुंडोरी गांव जाने वाली सड़क पर मानगो के प्रज्ञा केंद्र संचालक भरत महली से अज्ञात बदमाशों ने पिस्टल के नोक पर लूटपाट कर ली। बाइक सवार तीन बदमाशों ने मोबाइलए प्रज्ञा केंद्र के कागजात और दो हजार रुपए नकद लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार तीनों बदमाश शिबू टांड़ जाने वाले रास्ते से भाग निकले। पुलिस की नाक के नीचे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया और चलते बने। इस दौरान बोदरोटांड़ मोड़ पर बालीडीह औद्योगिक ओपी पुलिस की गश्ती दल भी सड़क पर खड़ी थीए लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। भरत ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। बालीडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं मोटे अनाज

बोकारो। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभात रंजन ने कहा कि आज के समय प्राकृतिक खेती व जैविक खेती की बहुत आवश्यकता है। क्योकि लगातार रासायनिक कीटनाशकों व खाद का प्रयोग करने से भूमि की उर्वरा शक्ति समाप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न यानी ज्वारए बाजरए मडुवाए सावाए कंगनीए कोदो एकुटकी और कुट्टू आदि को बढ़ावा दे कर किसानों की दोगुनी आय बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने यह बातें बोकारो से रांची जाने के दौरान पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध जीवाणुओंए मित्र कीट और जैविक कीटनाशक द्वारा फसल को हानिकारक जीवाणुओं से बचाया जाता है और किसानों को कम लगत मे अधिक फायदा होता है। पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाजों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और कम पानी में इसका अधिक पैदावार संभव है।

सिटी सेंटर में गोलीबारी से व्यवसायियों में दहशत

बोकारो। बोकारो में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की बैठक उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सिटी सेंटर के होटल जिंजर में हुई। उन्होंने कहा कि बोकारो के हृदय स्थल सिटी सेंटर में व्यापारी के प्रतिष्ठान पर गोली चलाकर अपराधियों ने सीधे कानून व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास किया है। इस घटना से शहर के व्यवसायियों में भय पैदा करने का प्रयास किया गया है। चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा कि गोली चालन द्वारा व्यवसायी को डराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन व्यवसायी ऐसे असामाजिक तत्वों का निडरता से सामना करेंगे। बैठक में नरेंद्र सिंहए संजय बैदए राजकुमार जयसवालए सिद्धार्थ पारखए अमित जौहरए जगमोहन सिंह जग्गीए विनय सिंहए महेश गुप्ताए प्रकाश कोठारीए रविशंकर प्रसादए राजेश पोद्दारए पुनीत जौहर आदि उपस्थित थे।

मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत

चिरकुंडा। कुमारधुबी कोलियरी के समीप स्थित साइडिंग रेलवे लाइन में शुक्रवार की देर रात्रि मालगाड़ी की चपेट में आ जाने के कारण कुमारधुबी स्टेशन रोड स्थित झोपड़पट्टी निवासी 65 वर्षिय बिनोद गिरी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही चिरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। झोपड़पट्टी निवासी ने बताया कि मृतक बिनोद गिरी कुमारधुबी कोलियरी के समीप किसी फैक्ट्री में गार्ड का ड्यूटी करता था ।शुक्रवार की संध्या में वह ड्यूटी करने के लिए घर से निकला था ।फिर झोपड़पट्टी निवासियों को आज सुबह में सूचना मिली कि बिनोद गिरी की मौत मालगाड़ी के चपेट में आ जाने के कारन हो गई है। घर में केवल उसकी गूंगी पत्नी रहती है जिसका रो-रो कर हाल बेहाल है।

गैंगस्टर प्रिंस खान के बैंक खाता को फ्रिज करने की कवायद शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद पुलिस की नजर में फरार चल रहे चर्चित गैंगस्टर हैदर खान उर्फ प्रिंस खान के खाते की जांच में तीन लाख रुपये मिले हैं। उसके खाते से पैसे की निकासी पर रोक लगेगी। इसके लिए बैंक के माध्यम से पुलिस अधिकारी उसके बैंक खाते को फ्रिज कराने की दिशा में कार्रवाई करेंगे। ताकि विदेश में रहने के दौरान वह अपने खाते से पैसे की निकासी नहीं कर सके। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, जांच के क्रम में वासेपुर स्थित एक बैंक में प्रिंस के बैंक अकाउंट की जानकारी मिली थी। जब बैंक अधिकारियों से उसके एकाउंट में शेष बचे रुपये की जानकारी हासिल की गयी, तब इस बात का खुलासा हुआ। अब आगे यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उसके एकाउंट खोलने से लेकर अब तक टोटल कितना ट्रांजेक्शन हुआ है।

प्रिंस के खिलाफ कसा जा रहा शिंकजा

बताते चले कि पुलिस प्रिंस के खिलाफ शिकंजा कसना तेज कर दी है। पुलिस फिर से प्रिंस खान के घर की कुर्की करने वाली है. इससे पहले 29 मई 2022 को भी प्रिंस खान के घर कुर्की हुई थी। इसके अलावा अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट यानी यूएपीए एक्ट लगाने की तैयारी भी तेज है।

चल-अचल संपत्ति की जुटाई जा रही जानकारी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बैंक से इसकी जानकारी हासिल कर इसका विशलेषण किया जायेगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसे किन लोगों ने रुपये भेजे थे या उसने किन लोगों को रुपये ट्रांसफर किये हैं। उन व्यक्तियों के बारे में भी जानकारी हासिल की जा रही है, जिसके साथ प्रिंस खान के आर्थिक और व्यवसायिक संबंध हैं। पुलिस और सीआईडी के अधिकारियों ने अब प्रिंस खान की चल और अचल संपत्ति के बारे में भी जानकारी हासिल करना शुरू कर दिया है, ताकि संपत्ति अटैच करने की दिशा में आगे विधि- पूर्वक कार्रवाई की जा सके।

शिक्षकों को आज के काउंसिलिंग में मौजूद रहने का निर्देश

धनबाद। ग्रेड 4 (विज्ञान, कला, भाषा) के पद पर प्रोन्नति के लिए 21 अप्रैल 2023 को शिक्षक, शिक्षिकाओं को बीएसएस बालवाड़ी मध्य विद्यालय, धनबाद में काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था। जिसमें कला और विज्ञान विषय के कुछ शिक्षक, शिक्षिका अनुपस्थित रहे। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बताया कि काउंसलिंग में कला विषय के 95 शिक्षक और विज्ञान विषय के 29 शिक्षक अनुपस्थित रहे। काउंसिल में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को निर्देश दिया गया है।

बोकारो में धूमधाम से मनी निखिल जयंती

बोकारो। मंत्र तंत्र व ज्योतिष को विश्व पटल पर पुनर्प्रतिष्ठापित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार के प्रणेता परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी महाराज ;डाण नारायण दत्त श्रीमालीद्ध का जन्मोत्सव बोकारोए चास सहित आसपास के इलाके में सोल्लास मनाया गया। अहले सुबह से ही सभी निखिल शिष्य अपने.अपने घरों में विधि पूर्वक गुरु पूजन एवं अनुष्ठान में जुट गए।

पेज 1 का शेष

शराब घोटाले में...

जबकि शराब घोटाले मामले में छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी समेत अन्य के ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। ऐसे में इडी लिंक तलाश रही है कि झारखंड में शराब नीति बनाने और कंपनियों के ठेके आवंटन में छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी और शराब कारोबारियों की भूमिका क्या थी? छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी एक्साइज पॉलिसी : चूंकि झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। झारखंड सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री अपने हाथ में लेते हुए सरकार ने प्लेसमेंट एजेंसियों को दुकानें चलाने का जिम्मा सौंपा था। झारखंड में यह काम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके साझीदार सिद्धार्थ सिंघानिया की देखरेख में धरातल पर उतारा गया था। माना जा रहा है कि झारखंड सरकार के एक्साइज सेक्रेटरी और डायरेक्टर की ओर से इस मामले में इडी के समक्ष पक्ष रखे जाने के बाद यहां भी जांच शुरू हो सकती है। **सचिव और आयुक्त को समन किया था :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही इडी ने झारखंड के एक्साइज डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी विनय कुमार चौबे और आयुक्त करण सत्यार्थी को नोटिस जारी किया था। दरअसल झारखंड सरकार ने पिछले साल एक्साइज की नई पॉलिसी लागू की थी और इसे जमीन पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार करते हुए उसे बतौर कंसल्टेंट नियुक्त किया था। इडी की छत्तीसगढ़ इकाई वहां हुए जिस शराब घोटाले की जांच कर रही है, उसमें छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके सहयोगी सिद्धार्थ सिंघानिया की बड़ी भूमिका बतायी जा रही है। इडी झारखंड सरकार के उत्पाद सचिव और आयुक्त से यह जानना चाहती है कि झारखंड में शराब बिक्री की पॉलिसी में इन दोनों शख्स की क्या भूमिका रही है।

इडी ने 24 को...

इडी ने वक्त देने से साफ इनकार कर दिया। शुक्रवार को भी उन्होंने वकीलों के द्वारा तमाम कोशिशें की पर संभव नहीं हो सका। ईडी ने एक और समन जारी करते हुए 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने का निर्देश दिया है। शुक्रवार की सुबह छवि रंजन के वकील ने इडी कार्यालय पहुंचकर जानकारी दी थी कि छवि रंजन 18 अप्रैल से एक मई तक पितृत्व अवकाश पर हैं। **सहयोग नहीं करने पर कार्रवाई संभव :** इडी सूत्रों के मुताबिक वकीलों के आश्वासन के बाद एजेंसी की तरफ से 24 अप्रैल सोमवार को छवि रंजन को तलब किया है। सोमवार की सुबह 11 बजे उन्हें इडी के समक्ष हाजिर होने के लिए तीसरा समन भेजा गया है। छवि रंजन जांच में एजेंसी को सहयोग नहीं करेंगे तो एजेंसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है।

मौसम ने ली करवट...

इन जिलों में हुई बारिश : रांची, रामगढ़, बोकारो, देवघर, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, जामताड़ा, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा जिले के कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा हुई। रांची में 3.0 मिमी, बोकारो में 1.0 मिमी, गुमला में 0.5 मिमी, खूंटी में 2.5 मिमी, सिमडेगा में 4.0 मिमी, जमशेदपुर में 0.4 मिमी तथा अन्य जिलों में हल्के दर्जे व बूंदाबांदी हुई है। **जारी की थी चेतावनी :** गौरतलब है कि इससे पहले मौसम विभाग की तरफ से पूर्व में ही गुमला, लातेहार, लोहरदगा, रांची, बोकारो और रामगढ़ में तेज हवा के साथ वज्रपात होने का अनुमान लगाया था।

राहुल गांधी ने...

मैं सच बोलने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। मानहानि के मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद सांसद के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अयोग्य घोषित किये गये थे। अपने आधिकारिक आवास से अपना सारा सामान ले गये। नोटिस के मुताबिक उन्हें 22 अप्रैल तक बंगला खाली करना था। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मेरे भाई जो कुछ भी कह रहे हैं वह सच है। हम डरने वाले नहीं हैं। भाई ने जो कहा वह एकदम सच है। उन्होंने सच्चाई बोली सरकार के बारे में इसीलिए यह हो रहा है उनके साथ। बहुत हिम्मतवाले हैं बिल्कुल डरते नहीं हैं, नहीं डरेंगे और अपना संघर्ष जारी रखेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह घर वो अब किसी को भी दे सकते हैं। मोदी सरकार और अमित शाह जिस तरह से राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं, वह पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध है। राहुल गांधी पहली बार 2004 में उत्तर प्रदेश के अमेठी से सांसद चुने गये और 2019 में उन्होंने वायनाड से लोकसभा चुनावों में जीत हासिल की थी। राहुल गांधी के बंगला छोड़ने के बाद कांग्रेस ने गुलाम नबी आजाद पर भी तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस में कुछ लोग थे जो अपने सिद्धांत भूल गए। एक फिल्म आई थी साहिब बीबी और गुलाम उसका सीक्वल बनना चाहिए साहिब, कोठी और गुलाम। पवन खेड़ा ने आगे कहा कि कोठी से जिसे इतना मोह हो जाए कि आप 50 साल जिस विचारधारा के लिए लड़ते रहे उसी से समझौता कर लें। ऐसे लोगों को राहुल गांधी से सीखना चाहिए

अभाविप कतरास ने कलश यात्रियों को पिलाई शर्बत

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। दिनांक 22 से 25 अप्रैल तक कतरास राजा तालाब के पास स्थित चतुर्दिवसीय श्री श्री सार्वजनिक काली मंदिर वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया किया गया है जिसके अंतर्गत शनिवार को कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रियों की सेवा हेतु अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के द्वारा अमृत योजना पार्क व पूजन स्थल राजा तालाब के समीप स्टाल लगाए गए व सेवा कार्य किये गए। परिषद ने सभी कार्यकताओं ने भक्ति भाव से सभी भक्तजनों की सेवा की व सभी को शीतपेय व शरबत पिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अभाविप धनबाद-गिरिडीह विभाग संगठन मंत्री श्री बबन बैठा जी की उपस्थिति गरिमामयी थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिबिमकोवि संयोजक सहदेव रवानी, कतरास नगर मंत्री काजल कुमारी, सराइढेला नगर मंत्री संदीप शर्मा, कतरास कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण, गौरव महतो, अमीशा माथुर, राजा लेहरी, ऋतिक पटवा, ऋषि लाला, संदीप कुमार, अभिषेक मोदक, गोपाल केवट, राजू रॉय गुलदेव केवट, गौरव मुखर्जी व अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/कसमार। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सप्ताह के पहले दिन कसमार प्रखंड के सभी पंचायतों में हमारा पंचायत स्वच्छए स्वस्थ्य महिला एवं मैत्री के थीम पर कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक पंचायतों में किया गया। सुबह स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद स्वच्छए स्वास्थ्य महिला एवं बाल मैत्री ग्राम पंचायत शपथ ग्रहण कराया गया। स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत भवन के आस.पास सफाई की गई। इसी तरह खैराचातरए मंजूराए कसमारए टांगटोनाए मधुकरपुरए मुरहू लसूदीए हिसीमए गर्रीए पोंडाए दांतू सोनपुराए पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 22 अप्रैल को सुशासित ग्राम पंचायत . ग्राम पंचायत की योजना एवं हिसाब . हर घर के पासए 23 अप्रैल को हराए स्वच्छ जल प्रचूर एवं जल संपन्न ग्राम पंचायत एवं 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के दिन आत्मनिर्भरए बुनियादी ढांचा एवं सुशासित ग्राम पंचायत पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधिए महिला समूह की सदस्यएपंचायत स्तर के विद्यालय के शिक्षकए आंगनबाड़ी कर्मीए स्वास्थ्य सहियाए जल सहियाए समाजसेवी एवं आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित है।

बोकारो: धार्मिक स्थलों में बंद हो तोड़फोड़

धनबाद के सांसद ने डीसी-एसपी से रोक लगाने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। सांसद धनबाद पशुपति नाथ सिंह के निर्देश पर भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी चंदन झा से विगत दिनों बोकारो में धार्मिक स्थलों में हो रही दुर्घटनाओं से संबंधित पत्र सौंपा जिसमें सांसद ने कहा है कि विगत दिनों बोकारो के सेक्टर 04 सूर्य मंदिर एकसिया टांड़ मैदानए चंचली माता मंदिर माराफारीए ऋतुडीह शिव मंदिर में चोरी की लगातार घटनाएं हुई हैं। मैंने इन सभी स्थलों का दौरा किया हैएइन सभी धार्मिक स्थलों में हुई घटना से जनता में रोष व्याप्त है। कसिया टांड़ मैदान में घटित हुई घटना जिसमें भगवान शिव एवं भगवान हनुमान की मूर्ति को खंडित किया गया हैएयहां हुई घटना की प्रकृति अन्य जगहों पर हुई घटना से अलग दिखती है। बोकारो जैसे शांति पूर्ण शहर में इस तरह की लगातार हो रही घटना को चुनौती के रूप में लेकर प्रशासन को यथोचित कार्रवाई करने की जरूरत है।

प्रतिनिधिमंडल में थे शामिल

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से भैया आर एन ओझाए कमलेश रायए सूर्य नाथ सिंहए अवधेश यादवए मृगेन्द्र प्रताप सिंहए अनिल सिंहए विद्या सागर सिंहए ए के वर्माए अर्चना सिंहए बैद्यनाथ प्रसादए रीतू रानी सिंहएआलोक वर्मा शामिल थे।

पौधरोपण और पक्षियों के लिए पानी के इंतजाम को लेकर किया जागरूक

झरिया। शनिवार को झरिया की सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट ने अच्छी पहल के साथ ईद का त्योहार मनाया। बच्चों को ईदी के रूप पौधे एवं पक्षियों का पानी घड़ा भेंट किया और छत के ऊपर पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम करें। संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों में अच्छे संस्कार लाना साथ ही समाज का भला हो, और कि विकास के नाम पर बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में पक्षियों ने अपना आवास खो दिया है और साथ ही पर्यावरणीय क्षरण भी हुआ है। पक्षी प्रजातियों के लिए गर्मियां बहुत कठिन समय होता है और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए उन्हें बचाना और उन्हें हाइड्रेटेड रखना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी बन जाती है। इसके लिए जरूरी है कि हम लोग लगातार हर मौके पर वृक्षारोपण करें एवं बच्चों को इसके लिए प्रेरित करें । डॉ एम समीर ने कहा अभी रमजान बीती है और सभी को एहसास है गर्मी प्यास की तपस्या क्या होती है इसलिए बच्चों से और सभी लोगों से अपील की है अपने घरों में पक्षियों के लिए एक प्याला रखे पानी का जिस प्रकार से झरिया कोयलांचल में प्रदूषण बढ़ रहा है उससे तो यही एहसास होता है कि आने वाली पीढ़ी को सांस लेने में दिक्कत होगी।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर झरिया में शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। श्रद्धाभक्ति व बड़े हर्षोल्लास के साथ शनिवार को झरिया शहर मे भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी की जयंती मनाई गई। परशुराम जयंती के अवसर पर विप्र सेना के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। धनसार स्थित सिद्धिविनायक पैलेस से सुबह 10 बजे भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा के दौरान राधा कृष्ण, शंकर पार्वती व परशुराम जी समेत कई देवी देवताओं की विशेष झांकियो ने लोगों का मन मोह लिया। सर पर भगवा साफा बांध बाइक चलाती सेकड़ो महिलाएं व पुरुष द्वारा भगवान परशुराम जी के जयकारों से पूरा झरिया शहर गूंज उठा।

शोभा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह , विप्र सेना के रितेश शर्मा, नीतू तिवारी, निशा शर्मा ,शुशील शर्मा, मिल्टन पार्थ सारथी, देवेन तिवारी, दीपक शर्मा, प्रो. सुधा मिश्रा, जयंत द्विवेदी, रोहित शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

पहली बार दिखा आधी आबादी का जलवा

झरिया शहर मे यह पहला मौका था जब लोगों ने नारी शक्ति का नजारा देखा। भगवान परशुराम जी की मनमोहक झांकिया के साथ श्रद्धालु डी जे के धुन में नाचते गाते बस्ताकोला , कतरास मोड़, लक्षमनिया मोड़ , बाटा मोड़, चार नम्बर होते हुए पोद्दारपाड़ा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचे। जिसके बाद भगवान परशुराम जी का पूजा अर्चना, हवन, महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर भगवान परशुराम जी को छप्पन भोग का प्रशाद चढ़ाया गया। वही प्रसाद लेने के लिए धनबाद जिला के लोग यहां पहुंचे। इतना ही नहीं यहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल हो कर, कार्यक्रम को सफलता प्रदान की। वही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह समेत कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा शोभा यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के लिए शर्बत व ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी ।वही श्रीमती रागिनी सिंह शोभायात्रा में शामिल होकर सभी श्रद्धालुओं को परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

स्पीड न्यूज

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ 56 लाख की ठगी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 36 में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक व्यक्ति से 1.56 करोड़ रुपये की कथित रूप से ठगी करने का मामला सामने आया है। नोएडा के सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक रीता यादव ने बताया कि प्रवाल चौधरी ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2021 में कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया तथा ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए उनके साथ समझौता किया। यादव ने बताया कि इन लोगों ने शुरूआत में ऑनलाइन ट्रेडिंग में फायदा दिखाकर प्रवाल को अपने विश्वास में लिया तथा कई बार में इन्होंने अपने विभिन्न खातों में उनसे एक करोड़ 56 लाख रुपये डलवा लिये।

पुंछ में शहीद जवानों को दी अंतिम विदाई

चंडीगढ़। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में शहीद पांच सैन्यकर्मियों में से पंजाब के चार जवानों को शनिवार को शहीद अमर रहे और हाभारत माता की जय के नारों के बीच लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। चनकोइयां गांव निवासी हवलदार मनदीप सिंह, चरिक गांव निवासी लांस नायक कुलवंत सिंह, तलवंडी निवासी सिपाही हरकृष्ण सिंह और बग्हा गांव निवासी सिपाही सेवक सिंह के पार्थिव शरीरों का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

दिल्ली में भाजपा नेता की हत्या में 6 अरेस्ट

नयी दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई के किसान मोर्चा के नेता सुरेंद्र मटियाला की द्वारका के बिंदापुर इलाके में हत्या के संबंध में दो नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी सचिन (25), दिल्ली की पालम कॉलोनी निवासी अरुण चंद (19) और दीपक बेरवा (19), हरियाणा के झज्जर निवासी योगेश कुमार (30) के रूप में हुई है। दो लड़के 16 से 17 साल की उम्र के हैं।

'बदलाव में विश्वास करती है भाजपा'

बेंगलुरु। भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पार्टी बदलाव में विश्वास करती है और श्री जगदीश शेट्टार और श्री लक्ष्मण सावदी को बता दिया गया है कि पार्टी ने उन्हें विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए टिकट क्यों नहीं दिया। एक निजी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित कर्नाटक राउंडटेबल में उन्होंने कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तरह नहीं हैं, जिन्होंने हवाईअड्डे पर वीरेंद्र पाटिल को बदल दिया। हम ऐसे नहीं हैं। ये नेता (श्री शेट्टार और श्री सावदी) सभी सम्मानित और बेदाग हैं। उन्होंने कहा कि श्री शेट्टार और श्री सावदी के बाहर निकलने का पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उसका कोई भी वोट बैंक कहीं नहीं गया है और पार्टी एकजुट है। उन्होंने दावा किया हम पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे।

पाकिस्तान के पंजाब में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रक के सड़क किनारे झोपड़ियों से टकरा जाने से चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये। हादसा उस समय हुआ जब लोधरण जिले के दुन्यापुर शहर में तेज रफ्तार ट्रक सड़क से फिसलकर पास में स्थित झोपड़ियों में जा घुसा। पुलिस और बचाव दल दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों तथा शवों को तहसील मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया। उपायुक्त और जिला पुलिस ने प्रत्येक मृतक के परिवारों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

अब एक स्कैन में मिलेगी चारधाम यात्रा से जुड़ी हर जानकारी

एजेंसी

गोपेश्वर। चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और उनकी यात्रा निर्बाध रूप से पूरी हो जो चमोली पुलिस की प्राथमिकता में है। इसी कड़ी में चमोली पुलिस की ओर से यात्रियों को चारधाम यात्रा से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए क्यूआर कोड़ से जोड़ा गया है। इसको स्कैन करते ही आपको यात्रा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध हो जायेगी। स्मार्ट पुलिसिंग की ओर टेक्नालॉजी का उपयोग करते हुए जनता के साथ संबंध बढ़ाने की दिशा में चमोली पुलिस का एक

किसी भी आपातकालीन स्थिति में क्यूआर कोड स्कैन कर नजदीकी थाने से संपर्क कर मदद ले सकते हैं श्रद्धालु

और कदम है। चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और उन्हें सुगम- निर्बाध यात्रा देना चमोली पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल की पहल पर चारधाम यात्रा को क्यूआर कोड से जोड़ दिया गया है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को क्यूआर कोड स्कैन कर जनपद की सारी जानकारी और महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर चंद मिनटों में अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं। बार कोड के लिए श्रद्धालुओं को मोबाइल एप डाउनलोड की जरूरत

नहीं है सिर्फ मोबाइल कैमरे से सुविधा मिल सकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए जनपद में स्थापित किये गए पुलिस सहायता केन्द्र, पर्यटन पुलिस चौकी और पुलिस की ओर से यात्रा मार्ग पर लगाये गये साइन बोर्ड और फ्लैक्सी पर इस क्यूआर कोड को चस्पा किया जा रहा है, जिससे की यात्रा के दौरान श्रद्धालु किसी भी आपातकालीन स्थिति में क्यूआर कोड स्कैन कर नजदीकी थाने या चौकी से सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

गुजरात के अंबाजी मंदिर में लगेगा सबसे बड़ा श्री यंत्र

अहमदाबाद। देश के 51 शक्तिपीठ में शामिल अंबाजी मंदिर में दुनिया का सबसे बड़ा श्री यंत्र स्थापित किया जाएगा। इस श्री यंत्र का निर्माण अहमदाबाद के जय भोले ट्रस्ट की तरफ किया गया है। इस श्री यंत्र का निर्माण एक करोड़ रुपये के खर्च से किया गया है। बनासकांठा जिले में स्थित अंबाजी मंदिर की काफी ज्यादा मान्यता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां अंबे में अटूट आस्था है। इस मंदिर में ऐतिहासिक मंदिर में पूर्व में इंदिरा गांधी भी आती रही हैं। अंबाजी मंदिर गुजरात सरकार के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। दुनिया

2200 किलोग्राम का है श्री यंत्र, यह पंच धातु से बनेगा

का सबसे बड़ा श्री यंत्र स्थापित किए जाने से मां अंबे के भक्तों के कष्ट दूर होंगे। अभी दुनिया का सबसे बड़ा श्री यंत्र उत्तराखंड के डोलासराम में स्थापित है जो साढ़े तीन फीट का है।जय भोले ग्रुप अहमदाबाद के दीपेशभाई पटेल द्वारा बनाया जा रहा श्री यंत्र दुनिया का सबसे बड़ा साढ़े चार फीट का श्री यंत्र है। जो पांच धातुओं तांबा, पीतल, लोहा, सोना और चांदी से बनाया जा रहा है। इसको बनाने में करीब एक करोड़ की खर्च आएगा। यह चार फीट लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई वाले इस श्री यंत्र का कुल वजन 2200 किलोग्राम होगा। ऐसी मान्यता है कि श्री यंत्र से मां अंबे माई के भक्तों कोसकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी और भक्तों के कष्ट और संकट दूर होंगे और भक्तों के सुख, शांति और समृद्धि में वृद्धि होगी।

भारत यात्रा के लिए उत्साहित हैं बाइडन

सितंबर में दस लाख भारतीयों को मिल सकता वीजा: डोनाल्ड लू

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस साल सितंबर में भारत यात्रा के लिए खासे उत्साहित हैं। अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री और दक्षिण एवं मध्य एशिया के प्रभारी डोनाल्ड लू ने यह बात साझा करने के साथ ही जानकारी दी है कि इस साल दस लाख भारतीयों को अमेरिकी वीजा मिल सकता है। डोनाल्ड लू ने कहा कि वर्ष 2023 भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति सितंबर में भारत की यात्रा करने के लिए उत्साहित हैं। जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे बाइडन की यह पहली भारत

यात्रा होगी। लू ने कहा कि इस यात्रा के साथ अमेरिका अगले कुछ महीनों में होने वाले घटनाक्रम को लेकर उत्साहित है और इस दौरान भारत और अमेरिका के रिश्ते नया आयाम स्थापित करेंगे। लू ने कहा कि बाइडन सरकार जल्द ही वीजा जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर देगी।

अमेरिका इस साल दस लाख भारतीयों को वीजा जारी कर सकता है। अमेरिका इस हफ्ते से एच-1बी और एल वीजा सहित कामकाजियों को वीजा देने को प्राथमिकता देना शुरू कर देगा। इस साल दस लाख वीजा देना एक रिकार्ड होगा। इस समय भारत में अमेरिकी वीजा के लिए इंतजार का बढ़ता समय चिंता का सबब बना हुआ है। पहली बार अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को सालभर तक इंतजार करना पड़ रहा है। यही वजह है कि अमेरिका ने भारत से छात्रों और कुशल कामगारों को बुलाने के लिए बड़ी संख्या में वीजा जारी करने का फैसला किया है।

भारत में स्वतंत्र प्रेस है, वास्तव में करती है काम : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता और दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश में लोकतंत्र का समर्थन करने में पत्रकारों की भूमिका की सराहना की है।

दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री लू ने कहा कि वहां कुछ भी गोपनीय नहीं रखा गया है। भारत में लोकतंत्र है क्योंकि आपके पास एक स्वतंत्र प्रेस है जो वास्तव में काम करती है। लू ने कहा कि मैं जानता हूं कि मीडिया का बाजार बदल रहा है। लेकिन भारत में प्रेस की स्वतंत्रता के लिए, मेरे मन में बहुत सम्मान है।उन्होंने कहा कि मुझे एक बार विदेश मंत्रालय का दौरा याद है जहां एक वरिष्ठ अधिकारी को फाइल के ढेर के सामने काम करते देखा जो कि सूचना के अधिकार के आवेदन के जवाब के लिए काम कर रहा था। लू ने कहा कि वह (अधिकारी) ऐसा करते हुए शिकायत कर रहे थे और मैं केवल मुस्कुरा सकता था क्योंकि हमें अपनी नौकरशाही में वही काम करना पड़ता है जहां अगर कोई दस्तावेज मांगता है, तो मुझे उसके लिए दस्तावेज खोजने में कई दिन बिताने पड़ते हैं क्योंकि लोकतंत्र यही करता है। लू ने पत्रकारों की भूमिका और उनके द्वारा भारतीय लोकतंत्र का समर्थन करने के लिए किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, भारत 142.86 करोड़ लोगों के साथ दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है।

काश्मीर में उल्लास के साथ मनायी गयी ईद

श्रीनगर। कश्मीर में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया और डल झील के किनारे हजरतबल मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग जुटे। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला समेत कई जाने-माने लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा की।

अजय बंगा विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार : अमेरिका

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी कारोबारी दिग्गज अजय बंगा असाधारण उम्मीदवार हैं और वह बेहद नाजुक दौर में विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अमेरिका ने बंगा के बारे में यह राय देते हुए कहा कि विश्व बैंक औपचारिक रूप से अपने अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति की घोषणा करने की योजना बना रहा है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरवरी में कहा था कि उनका देश बंगा को विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए नामित करेगा। विश्व बैंक ने 31 मार्च को अपने अगले अध्यक्ष पद के लिए नामांकन बंद कर दिया था।

बीएमडी इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला परीक्षण हुआ सफल

नयी दिल्ली। ओडिशा के तट से समुद्र आधारित अंतः वायुमंडलीय इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफल रहा है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को इस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। उसने कहा कि परीक्षण का मकसद एक दुश्मन बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे को भांपना और उसे बेअसर करना था, ताकि भारत को बीएमडी नौसेनिक क्षमता वाले देशों के कुलीन क्लब में शामिल किया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीएमडी क्षमताओं के सफल परीक्षण में शामिल डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और अन्य इकाइयों को बधाई दी।

पंजाब में खालिस्तानी लहर नहीं, अमृतपाल सिंह को पकड़ने की कोशिश जारी है : शाह

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पंजाब में खालिस्तान लहर नहीं है। भगोड़े खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को पकड़ने की कोशिश जारी है। केंद्र इस स्थिति पर लगातार कड़ी नजर बनाए हुए है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पंजाब सरकार ने अच्छा काम किया है और केंद्र ने सहयोग किया है। शाह ने बेंगलुरु में एक मीडिया कॉन्क्लेव में कहा कि अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी में कुछ समय जरूर लग सकता है लेकिन वह अपनी गतिविधियों को आगे नहीं बढ़ा सकता है। अमित शाह ने पिछले महीने लंदन में भारतीय उच्चायोग, यूके और सैन फ्रांसिस्को में वाणिज्य दूतावास पर हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम

भारतीय उच्चायोगों पर किसी भी तरह के हमले बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार : गृह मंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भारतीय उच्चायोगों पर किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं करेगी और भारतीय कानूनों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें 19 मार्च 2023 को लंदन में उच्चायोग के बाहर खालिस्तान बैनर पकड़े प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों में से एक ने तिरंगे को नीचे खींच लिया था। लंदन में उच्चायोग के बाहर हुई इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। खालिस्तान समर्थकों ने कथित तौर पर सैन फ्रांसिस्को (एसएफओ) में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर भी हमला किया था। खालिस्तान समर्थकों के दरवाजे तोड़ने और कार्यालय में घुसने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे। गृह मंत्री ने कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया कर्नाटक में भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जहां 10 मई को विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पीएफआई को सुरक्षित रखा और कर्नाटक में उसका समर्थन किया लेकिन भाजपा सरकार ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया है।

पीएसएलवी-सी55 ने सिंगापुर के दो उपग्रहों को किया प्रक्षेपण

श्रीहरिकोटा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पीएसएलवी-सी55 रॉकेट ने शनिवार को सिंगापुर के दो उपग्रहों को लेकर उड़ान भरी और उन्हें निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। सिंगापुर के दो उपग्रहों को लेकर इसरो के पीएसएलवी सी55 रॉकेट ने यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। यह जानकारी इसरो ने दी। यह रॉकेट समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के माध्यम से प्राथमिक उपग्रह के रूप में

समुद्री सुरक्षा व मौसम की जानकारी देगा उपग्रह

टेलीओएस-2' और सह-यात्री उपग्रह के रूप में ल्यूमलाइट-4' को लेकर रवाना हुआ और दोनों उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया। दोनों उपग्रह समुद्री सुरक्षा और मौसम की जानकारी देंगे। पीएसएलवी कोर अलोन वैरिएंट रॉकेट 741 किलोग्राम सिंथेटिक एपर्चर रडार सैटेलाइट टीएलईओएस-2 को प्राइमरी पैजेंजर के रूप में और को-पैजेंजर के रूप में 16 किग्रा ल्यूमिलाइट-4, एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन नैनो सैटेलाइन ने दोपहर

2.20 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरी। इन उपग्रहों को 586 किमी पूर्व की ओर कम झुकाव वाली कक्षा में स्थापित किया गया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा मिशन सफल रहा और दोनों उपग्रहों को पूर्व की ओर निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस लॉन्चिंग के बाद 1999 के बाद से 36 देशों से संबंधित ऑर्बिट में भेजे जाने वाले विदेशी सैटेलाइट की संख्या बढ़कर 424 पहुंच गई है। आज सिंगापुर की इन दो सैटेलाइट के अलावा, सात गैर-वियोज्य प्रायोगिक पेलोड हैं जो रॉकेट के अंतिम चरण (पीएस 4) का हिस्सा हैं। यह 228 टन वजनी 444 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी55 रॉकेट धीरे-धीरे पहले लॉन्चपैड से आसमान की ओर बढ़ा। रोलिंग थंडर साउंड का उत्सर्जन करते हुए रॉकेट ने गति प्राप्त की। पीएसएलवी रॉकेट वैकल्पिक रूप से ठोस (पहले और तीसर चरण) और तरल (दूसरे और चौथे चरण) ईंधन द्वारा संचालित होता है। इसरो के अनुसार, टीएलईओएस-2 सैटेलाइट डीएसटीए (सिंगापुर सरकार का प्रतिनिधित्व) और एसटी इंजीनियरिंग के बीच एक साझेदारी के तहत विकसित किया गया है।

अमिताभ बच्चन को फिर मिला ब्लू टिक

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को ट्विटर पर ब्लू टिक फिर से मिल गया है ट्विटर ने हाल ही में अपने प्लेटफॉर्म से वेरिफाइड यूजर्स के ब्लू टिक हटा लिए। ट्विटर ने कहा है कि उन्होंने सिर्फ ऐसे लोगों के अकाउंट से ब्लू टिक हटाए हैं जिन्होंने ब्लू प्लान नहीं खरीदा था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने ट्वीट कर लिखा था कि उन्होंने पैसे भर दिए हैं, उन्हें उनका ब्लू टिक वापस दे दिया जाए। अब अमिताभ बच्चन को ट्विटर अकाउंट पर ब्लू टिक वापस मिल गया है। ब्लू टिक वापस मिलने पर अमिताभ ने ट्विटर सीइओ एलन मस्क को शुक्रिया कहा। उन्होंने लिखा- ऐ मस्क भैया! बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं हम आपका। उ नील कमल लग गया हमार नाम के आगे। अब के बताई भैया गाना गाए का मन करत है हमार! सनबो का इ लियो सुनः तू चीज बड़ी है मस्क मस्क तू चीज बड़ी है मस्क!



हीलिंग हिमालयाज की सद्भावना राजदूत बनीं भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने शनिवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कहा कि वह हिमालय को साफ करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करेंगी, जिसके माध्यम से पर्यटक यात्री सहित स्थानीय लोगों की भी स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरुक बढ़ेगी। जलवायु योद्धा और यूथ आइकन भूमि पेडनेकर ने कहा कि अब वह पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा करेंगी और हिमालय को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता अभियान में भाग लेंगी। भूमि ने कहा कि मेरा मानना है कि हम में से प्रत्येक को सुरक्षित वातावरण को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होना चाहिए और साथ ही प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करना चाहिए।

स्पीड न्यूज

खेल-खेल में किशोर ने फांसी के फंदे से झूल दी जान

दुमका। खेल-खेल में फांसी के फंदे से झूल किशोर ने जान दे दी। घटना शनिवार को जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के खिजुरिया गांव में घटी। मृतक 12 वर्षीय किशोर कुंदन राय, पिता भूजा राय है। जानकारी के अनुसार किशोर का शव घर के बल्ले से रस्सी के सहारे झूलता मिला। काफी खोजबीन के बाद किशोर का फंदे से लटकता शव मिला। पुलिस की माने तो खेल के दौरान हादसा हुई। नासमझी में किशोर ने फांसी के फंदे से झूल जान दे दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

चलाया गया जागरूकता अभियान

जामा। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत भैरवपुर पंचायत के मधुवन हटिया परिसर सहित अन्य गांवों में सिनी संस्था की ओर से कोविड प्रतिरोधक समुदाय परियोजना के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आज शनिवार को ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के मीनू कहानी के माध्यम से ग्रामीणों महिलाओं एवं बच्चों को कोविड-19, टीबी एवं एनीमिया को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के चैतन्य चांद ने बताया कि संस्था के कोविड प्रतिरोधक समुदाय परियोजना के तहत आज भैरवपुर पंचायत की मध्य विद्यालय थानदार, डुमरिया एवं मधुवन गांव में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कोविड 19 टीबी एनीमिया को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान कम्यूनिटी सहायता केंद्र के सदस्य ग्राम प्रधान आंगनवाड़ी सेविका माला देवी, सहिया किरण देवी, सकोदी सोरेन, अंजनी हेम्ब्रम, नागेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार सहित संस्था कर्मी कौशल कुमार मंडल सुहागिनी मौजूद थे।

नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

दुमका। हिजला रोड स्थित नेत्रहीन विद्यालय में शनिवार को जिला निफा ने मेडिकल कैंप लगाया गया। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। मेडिकल कैंप शिविर में निजी क्लीनिक के डॉ मनीष भारती ने बताया कि इस शिविर में 30 छात्र-छात्राएं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रक्त जांच, ब्लड प्रेशर, हृदय गति, शुगर आदि का परीक्षण शामिल है। इस अवसर पर दवाइयां भी नि:शुल्क में वितरण किया गया। इस अवसर पर जतिन कुमार ने कहा कि सेवा और समर्पण भाव से लोगों की सेवा करना हम सब का कर्तव्य है।

बीईओ ने शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

जामा। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, घटिया के सहायक शिक्षक मनोज कुमार से विद्यालय से अनुपस्थित रहने के संबंध में बीईओ सुधा कुमारी ने 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने की निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा है कि संकुल साधन सेवी द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर 29 मार्च विद्यालय से लगातार अनुपस्थित हैं। वर्तमान में चल रही आवश्यक गतिविधियां एमआर रूबेला एवं बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाए जाने का अभियान चल रहा है।

राजद सुप्रीमों लालू के करीबी राजद नेता नगीना यादव की हादसे में मौत

उनकी बाईक पुल की रेलिंग तोड़ कर गिर गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

बेगूसराय। राजद सुप्रीमो लालू यादव के करीबी पूर्व मुखिया और राजद नेता नगीना यादव की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। बेगूसराय में नगीना यादव सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले थे, बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले यादव की मौत को संदिग्ध माना जा रहा था। हालांकि, पुलिस ने बताया कि यादव की मौत सड़क हादसे की वजह से हुई है। बताया जा रहा है कि नगीना यादव पिछले 20 साल से राजद से जुड़े हुए थे। जानकारी के अनुसार, राजद नेता नगीना यादव डंडारी थाना क्षेत्र के बलिया डंडारी पथ पर मुसवारापुर की रेलिंग से टकराकर शुक्रवार रात गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वह बाइक से जा रहे थे। शनिवार सुबह यादव को गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ देखा गया था। नगीना यादव की उम्र 40 वर्ष थी। उनके पिता का नाम सुरेंद्र प्रसाद यादव था। वह लाखो ओपी के शाहपुर पंचायत के मस्ती फतेहपुर गांव निवासी थे। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि राहगीर ने सूचना दी थी कि एक युवक घायल अवस्था में पुल के नीचे कराह रहा है। सूचना पर पुलिस बल के साथ घटना

पर पहुंचे तो नगीना यादव को पुल के नीचे से ऊपर लेकर आए। नगीना यादव की बाइक भी पुल के नीचे गिरी हुई थी। घायल नगीना यादव ने मौत से पहले पूछताछ में बताया कि वह बखरी से डंडारी के रास्ते घर जा रहे थे। इस दौरान रात में रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गए। थानाध्यक्ष ने घायल को उठाकर इलाज के लिए डंडारी पीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं, घटना की सूचना पीड़ित के परिवार को दी गई। घायल ने इलाज के दौरान बेगूसराय सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। उनके परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके थे। मृतक नगीना यादव के शव को नगर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। मृतक के परिजन का फर्द बयान आने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

कुशवाहा समाज के युवाओं ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

हंसडीहा। कुशवाहा समाज के बैनर तले शनिवार को बेलटिकरी और भाटिन गांव के युवाओं द्वारा बारीडीह स्थित जमगुड़िया मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान युवाओं द्वारा जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में सैन्य वाहन पर आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे।श्रद्धांजलि सभा के मौके पर कुशवाहा समाज के युवा बसंत कुमार ने कहा की आतंकवादियों की ये हरकत बहुत ही निंदनीय है।देश की रक्षा की खातिर बलिदान देने वाले जवानों को सदा याद रखा जाएगा। इस मौके पर शीत कुमार, बसंत कुमार, अक्षय कुमार,सुमन कुमार, विवेकानंद भारती, कुंदन कुमार, आशीष कुमार, विशाल कुमार, रोशन कुमार, आनंद कुमार, शुभम कुमार, अमर कुमार, सहित बेलटिकरी और भाटिन गांव के दर्जनों युवा मौजूद थे।

श्रद्धांजलि देते युवा

मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया गौसेवा

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शनिवार को गौशाला के मंदिर परिसर में अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया। महिला सम्मेलन जिला शाखा का नेतृत्व शाखा अध्यक्ष शारदा मोहन एवं सचिव नीलम मोर के नेतृत्व में हुई। अक्षय तृतीय पर्व सुख, शांति, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इस त्योहार में मंदिर में सत्तू, तरबूज, गुड़, चना, खीरा, आम का प्रसाद भोग लगाया गया। पुरोहित को पहला भोग देते हुए गौशाला के सभी स्टाफ की सेवा की गई। गाय माता को तरबूज, खीरा, सत्तू एवं चना महिला सदस्यों मिलकर खिलाया।इसके बाद महिला सम्मेलन की महिलाएं ने प्रसाद ग्रहण की। राहगीरों के बीच भी सत्तू, तरबूज, खीरा, गुड़, चना एवं आम वितरण किया गया। इस दिन गंगा स्नान करने एवं भागवत पूजन का विशेष महत्व है। मान्यता है कि लोगों के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।

यहां तक कि इस दिन किया गया जप, तप, हवन, स्वाध्याय और दान भी अक्षय हो जाता है। इसके अतिरिक्त यदि यह तृतीया मध्याह्न से पहले शुरू होकर प्रदोष काल तक रहे तो बहुत ही श्रेष्ठ मानी जाती है। मान्यता है कि आज के दिन मनुष्य अपने या परिजनों द्वारा किए गए जाने-अनजाने अपराधों की सच्चे मन से ईश्वर से क्षमा प्रार्थना करे तो भगवान उसके अपराधों को क्षमा कर देते हैं और उसे सदगुण प्रदान करते हैं। आज के दिन अपने दुगुर्णों को भगवान के चरणों में सदा के लिए अर्पित कर उनसे सदगुणों का वरदान मांगने की परम्परा है।

प्रसाद का वितरण करती मारवाड़ी महिला सम्मेलन की महिलाएं

धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर दादी श्याम मंदिर में परशुराम सेवा समिति ने शनिवार को भगवान परशुराम की जन्मोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मंदिर परिसर में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा में पूजा अर्चना किया गया गया। पूजा अर्चना के बाद दादी श्याम मंदिर में अवस्थित परशुराम मंदिर से निशान शोभा यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में रथ, ढोल-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। निशान शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। निशान शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शहर के विभिन्न संघ-संघठनों के सदस्यों ने पुष्प वर्षा किया। निशान शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं, पुरूष और बच्चों के लिए शरबत-पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी।

संध्या समय महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद ग्रहण करते में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मान्यता है कि भगवान परशुराम के जन्म के बाद माता-पिता ने भगवान परशुराम का नाम राम रखा था। वे भगवान शंकर के अनन्य भक्त थे। उनके कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने उन्हें कई अस्त्र, शस्त्र प्रदान किए थे। फरसा भी उन्हीं में से एक था। फरसा को परशु कहा जाता है इसलिए परशु मिलने के बाद उनका नाम परशुराम हुआ।

भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु

पेयजल को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

जामा। जल जीवन मिशन के तहत जल नल योजना से निर्मित जल मीनार से पानी मुहैया नहीं कराने को लेकर ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया की पीएचइडी विभाग द्वारा टेंडर के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत जल नल योजना से जल मीनार का निर्माण सरसाबाद पंचायत के मदनपुर, माठाचक, मुंडमाला मांगूरडीह एवंसरसाबाद गांव में कराया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जल मीनार निर्माण होने के 2 माह बीत जाने के बावजूद भी अब तक पेयजल मुहैया नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी का अरोप लगाते हुए बताया कि कभी-कभी कभार 2 से 4 घर में पानी दिया करते हैं। उन्होंने कहा ठेकेदार की मनमानी से परेशान हैं।

इसलिए ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सरसाबाद पंचायत के मुखिया राजू पुजहर, वार्ड सदस्य ग्राम प्रधान जल सहिया ने निंदा किया। विरोध प्रदर्शन गोपीन मुर्मू, दिलीप प्रसाद साह, राजेश प्रसाद साह, बबलू साह, मनोज हेम्ब्रम, लखन राय, बलदेव राय आदि मौजूद थे।

सीएचसी में अगलगी में जीवन रक्षक दवाइयां एवं महत्वपूर्ण कागजात जलकर खाक

दवाईयां व कागजात का जलना से घोटाले की आ रही बू

खबर मन्त्र संवाददाता

बासुकीनाथ। दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड के पुराना सीएचसी भवन में शनिवार की सुबह अगलगी में लाखों की दवाईयां और महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गये। अस्पताल में रखी जीवन रक्षक दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं महत्वपूर्ण कागजात जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस एवं अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए। जहां काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी की घटना को स्थानीय लोग अस्पताल प्रशासन की सुनियोजित साजिश बता रहे हैं। जिससे भ्रष्टाचार में डूबे अस्पताल प्रशासन की कलई नहीं खुले। सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल एवं केशव कुमार भी इस घटना को एक सोची समझी साजिश करार देते हैं। बताया कि असामाजिक तत्वों की हरकतों के कारण आग लगता तो एक ही बिल्डिंग के दो अलग-अलग चुनिंदा कमरों में आग नहीं लगाई जाती। जहां महत्वपूर्ण औषधियां एवं आवश्यक कागजात रखे गए हो। मामले पर जरमुंडी के चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश कुमार बाहर रहने का हवाला देकर आधिकारिक प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आये।

वहीं नप अध्यक्ष पूनम देवी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण एवं स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही बतायी है। उनका कहना है कि अस्पताल में रखी लाखों रुपए की दवाइयां एक्सपायर हो जाती है। जिससे हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती थी। अस्पताल के अहम् दस्तावेजों का जलना किसी बड़े घोटाले को छिपाने का षड्यंत्र होने की आशंका जताया है।

जली दवा एवं आग पर काबू पाते पुलिस व अग्निशमन कर्मी

चक्रधरपुर में धूमधाम के साथ मना ईद, मांगी सलामती की दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को चक्रधरपुर में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। अहले सुबह त्योहार की शुरूआत ईद की नमाज के साथ शुरू हुई। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सबसे पहले ईद की नमाज पढ़ी गई। नए वस्त्रों में लोग ईद की नमाज के लिए मस्जिदों में पहुंचे थे। चक्रधरपुर में ईदगाह नहीं होने के कारण सभी मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम के नेतृत्व में सामूहिक दुआ की गई।

लोगों ने दुआ में देश में अमन-चैन, शांति, भाईचारगी की कामना की। नमाज के बाद पूरे दिन गले मिलकर मुबारकबाद देने का सिलसिला चला। ईद को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे बच्चों में देखा गया। बच्चे नए परिधान में आकर्षक नजर आ रहे थे। जामा मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोग पवन चौक में जुटे।

यहां प्रशासनिक अधिकारियों समेत विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। जामा मस्जिद में झारखंड आवास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रो. नज्म अंसारी, सीआरपीएफ 60 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जियाउल हक समेत सैकड़ों लोगों ने ईद की नमाज अदा की। बंगलाटांड मदीना मस्जिद में दो जमात में नमाज पढ़ी गई। ईद को लेकर प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा।

सभी मस्जिदों के अलावा संवेदनशील इलाका और मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात रहे। पवन चौक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार मुस्तैद रहे।

विजय गागराई ने गले मिलकर दी बधाई

पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ईद को लेकर पवन चौक पहुंचे थे। यहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। विजय गागराई ने कहा कि ईद शांति, प्रेम और भाईचारगी का त्योहार है। कहा कि ईद एक इनाम की तरह है। लोग रमजान के पाक महीने में रोजा रखकर इबादत करते है। इसके बाद इनाम के रूप में उन्हें ईद का पर्व मिलता है। डा. विजय गागराई ईद के मौके पर कई कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। व्यतिगत रूप से लोगों के घर पहुंच ईद की खुशियों में शामिल हुए। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी उन्हें ईद की मुबारकबाद पेश की।

एक नजर में

बिहारशरीफ में धारा 144 के बीच पहाड़पुरा इलाके में एक घर में विस्फोट, दो लोग घायल

बिहारशरीफ (हि.स)। नालंदा जिले के बिहारशरीफ में शनिवार को धारा 144 लागू रही। इस बीच यहां के पहाड़पुरा इलाके में एक घर में धमाका हुआ है। विस्फोट में दो लोगों के घायल होने की खबर है।धमाके की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि ब्लास्ट की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर गए थे। तनावपूर्ण स्थिति जैसी बात नहीं है।सीसीटीवी में झोपड़ी से धुआं निकलते हुए दिख रहा है। धमाके से दो लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है। मौके पर खून के छींटे मिले हैं। घायल अपना इलाज कहां करा रहे हैं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने स्वयं घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया है। एसपी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया किसी भी तरह के विस्फोट की संभावना प्रतीत नहीं हो रही है। विस्तृत जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाका हुआ है। झोपड़ी के अंदर टीन के डिब्बे मिले हैं। संभावना यह भी जताई जा रही है कि बम बनाने के दौरान ब्लास्ट हुआ हो।हालांकि,इस मामले में प्रशासन बम ब्लास्ट की घटना से इनकार कर रहा है। अब एफएसएल की टीम के आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

बेगूसराय में कल को होगा अखिल भारतीय पंचायत परिषद का राज्य सम्मेलन

बेगूसराय (हि.स.)। बेगूसराय में 24 अप्रैल को अखिल भारतीय पंचायत परिषद का राज्य स्तरीय सम्मेलन होगा। यह सम्मेलन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के तत्वावधान में होगा। मां तारा कॉलेज विक्रमपुर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस सम्मेलन में राज्य भर के करीब तीन सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे। शनिवार को मार्क्समैन में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी आयोजन समिति ने दी। कार्यक्रम संयोजक और भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह ने कहा कि ग्राम स्वराज की बात होती है तो पहला नाम महात्मा गांधी का आता है। महात्मा गांधी की विदाई के इतने वर्ष हो गए, उसके बाद भी ग्रामीण विकास में बापू का दर्शन लागू नहीं किया गया। अखिल भारतीय पंचायत परिषद पंचायती सरकार को तीसरी सरकार का दर्जा दिलाने को लेकर हमेशा संघर्ष करती रही है। पंचायती राज को 29 विषय का अधिकार तो दिया गया लेकिन उसे पंचायत में केवल झुनझुना बना दिया है। पंचायत के नाम पर फैसला अधिकारी लेते हैं, जो सरासर गलत हैं। इन विषयों में युवाओं के लिए सबसे जरूरी खेल को शामिल नहीं किया गया है। मनरेगा, शौचालय और नाला से कोई भी पंचायत मॉडल नहीं बनेगा। मॉडल बनने के लिए सभी विषयों पर इमानदारी पूर्वक कार्य करना होगा। राज्य स्तरीय सम्मेलन में बिहार के सभी जिलों से जिला परिषद अध्यक्ष, सभी जिला से एक-एक प्रमुख, बेगूसराय के सभी मुखिया, जिला परिषद सदस्य एवं सभी प्रमुख शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान चार सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा खेल गतिविधि पर चर्चा होगी। राष्ट्रीय महासचिव सोमेश चौधरी ने कहा कि 73वें संशोधन से पंचायती राज मिला लेकिन अभी तक सभी अधिकार नहीं मिलने से पंचायती राज सशक्त नहीं हो सका। ग्रामसभा को अपने हिसाब से खेल को उन विषयों में शामिल करने का अधिकार मिले। बिहार के जिस वैशाली ने दुनिया को पहला लोकतंत्र दिया। उसी बिहार में जब ग्राम पंचायत को सभी अधिकार नहीं मिलेंगे तो वह कैसे सशक्त होंगे।

संदिग्ध परिस्थिति में राजद नेता नगीना यादव की मौत

बेगूसराय (हि.स.)। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और मस्ती फतेहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया नगीना यादव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। देर रात डंडारी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे से पुलिस उसे उठाकर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मौत की सूचना मिलते ही राजद कार्यकताओं में शोक फैल गई तथा बड़ी संख्या में सदर अस्पताल पहुंचे कार्यकताओं ने मामले की जांच की मांग किया है। फिलहाल मेडिकल बोर्ड द्वारा बेगूसराय सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मस्ती फतेहपुर गांव निवासी नगीना यादव शुक्रवार की रात बखरी में आयोजित एक इफ्तार पार्टी में हिस्सा लेने गए थे। बखरी से वापस लौटने के दौरान रात आंधी और बारिश के समय नगीना यादव डंडारी इलाके से क्रॉस कर रहे थे। देर रात गश्ती के दौरान डंडारी थाना क्षेत्र के डंडारी ढ़ाला के समीप सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला।

नवादा में मिले पांच कोरोना पॉजिटिव

नवादा। नवादा जिले में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ते दिख रहे हैं। नवादा में शनिवार को पांच लोग संक्रमित पाये गये है। पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप मच गया है। पिछले 48 घंटो में पांच लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। सिविल सर्जन डॉ रामकुमार प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। फिलहाल सभी कोरोना संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेट किया गया है। लैब टेक्नीशियन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन सदर अस्पताल में 800 लोगों का आरटीपीसीआर जांच किया जा रहा है।

कबाड़ गोदाम में लगी आग,लाखों की संपत्ति जलकर राख

मोतिहारी (हि.स.)। जिले के पिपराकोठी मुख्य चौराहा के समीप एक कबाड़ के गोदाम में अचानक आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गए। बरकुरवा निवासी अशोक जायसवाल की कबाड़ दुकान पिपरा कोठी चौक के जिओ टावर समीप है।जहां शनिवार के दिन के करीब दस बजे अचानक आग लग गयी।जिससे अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाया है। घटना के संबंध में लोगो ने बताया कि अचानक पहले धुंआ उठा जो थोड़ी ही देर विकराल रूप धारण कर लिया।स्थानीय लोगो के साथ अग्निशमन दल के छोटी वाहन के सहारे आग को बुझाने का प्रयास किया गया,लेकिन कोई नियंत्रण नहीं हुआ,तो धटना स्थल से कुछ ही दूर पर स्थित एसएसबी कैम्प से वाहन के साथ एसएसबी जवानों ने आकर आग पर काबू पाया। घटना के घंटो बाद जिला मुख्यालय से अग्निशमन विभाग की टीम बड़ी वाहन के साथ मौके पर पहुंची।

दुमका : शांति और भाईचारे का पर्व ईद हर्षोउल्लास से मना

दुमका। शांति और भाईचारे का प्रतिक पर्व ईद शनिवार को हषोउल्लास से मना। ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह और जामा मस्जिद सहित जिले के विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले लगा और ईद की मुबारकबाद दी। शहर के जामा मस्जिद में ईद उल फिदरत के मौके पर तकरीर पढ़ी गई। इमाम ने ईद में शांति एवं भाईचारे का त्योहार का संदेश दिया। जिस तरह रमजान के महीने में इबादत की। वह जज्बा पूरे साल रखने का अपील किया। जरूरतमंदो की मदद हर वक्त करने और अपनी आमदनी का एक हिस्सा जकात के रूप में गरीबों के बीच बांटने, रमजान के महीने में गरीबों की सेवा करना अपनी आदत में शुमार करने का अपील किया। जिससे साल भर हम जरूरतमंदों के काम आ सकें। ईद के मौके पर सैदुलरहमानी मिस्वाही ने देश-दुनियां में अमन-चैन की दुआ की। ईद को लेकर दुमका और आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल रहा। ईद खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है। राजनीतिक व सामाजिक कार्यकत्ताओं समेत विभिन्न वर्ग के लोगों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ईद के अवसर पर शहर के दुधानी ईदगाह, जामा मस्जिद, जरुवाडीह, खिजुरिया, लखीकुंडी, डंगालपाड़ा, न्यू डंगालपाड़ा मस्जिद और आसपास के क्षेत्र समेत पूरे जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ने भारी भीड़ उमड़ी। जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में भी ईद का त्योहार प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया गया।